CMYK

तापमान
अधिकतम :38°C
न्यूनतम :23°C

सेंसेक्स / निफ्टी
79,595.59
24,167.25

सोना / चांदी
1,01,000
1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, बुधवार 23 अप्रैल 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 242 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com    बैसाख कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082    24 शव्वाल 1446 हिजरी    नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### विकसित भारत यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशनः सीतारमण

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त पायलट की मौत

**अमरेली।** गुजरात में अमरेली तालुका क्षेत्र में मंगलवार को एक निजी प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर गिरिया गांव के निकट सड़क पर अचानक एक निजी प्रशिक्षण विमान अपराह्न दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे वहां आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। लेकिन हादसे में अहमदाबाद निवासी 19 से 20 साल के उम्र के पायलट अनिकेत महाजन की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विमान में एक ही पायलट सवार था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पहलगाम में आतंकी तांडव, दो विदेशी समेत 29 पर्यटकों की मौत

## आतंकियों ने नाम पूछकर मारी गोली, 15 से ज्यादा घायल, शाह पहुंचे श्रीनगर

**मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल**



**पहलगाम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 29 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। मरने वालों में दो विदेशी भी शामिल हैं। एक शख्स इजरायल और एक इटली का रहने वाला है। 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर पहुंच चुके हैं।

बताया जा रहा है कि कुल चार आतंकियों ने इस वारदात को अंजाम दिया, जिसमें से तीन पाकिस्तानी और एक लोकल कश्मीरी है। जब दोपहर को यह वारदात हुई तब सैलानी वहां घुड़सवारी कर रहे थे। तभी आतंकी वहां पहुंचे और उन्होंने पंजाबी में टूरिस्ट से उनका नाम पूछा। पहचान स्थापित होने के बाद लोगों को मौत के घाट उतारा गया। इस दौरान करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। सूत्रों के मुताबिक मरने वालों में अधिकांश पुरुष हैं। अनंतनाग जिले के बैसरन घाटी के ऊपरी इलाकों में टूरिस्ट घूम रहे थे, तभी अचानक उन पर गोलीबारी कर दी गई। गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम पहुंचने से पहले आईबी चीफ, जम्मू-कश्मीर के डीजी और सेना व सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ एक हाई-लेवल मीटिंग भी की। पीएम मोदी इस मीटिंग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उपलब्ध रहे। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला भी इस घटना को लेकर काफी गंभीर हैं। वह भी पहलगाम पहुंच गए हैं।बताया जा रहा है कि इस मीटिंग में सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के अलावा अधिकारी सहित जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज कुमार सिन्हा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मौजूद रहे। खुफिया सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक आतंकी टूरिस्ट के बड़े ग्रुप को टारगेट करने की फिराक में थे। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आतंकी फरार हो गए। सुनियोजित तरीके से टूरिस्ट को निशाना बनाया गया। गर्मियों के इस सीजन में घाटी में टूरिस्ट की संख्या काफी ज्यादा बढ़ जाती है। टूरिस्ट को निशाना बनाकर आतंकी जम्मू-कश्मीर में सैलानियों के प्रवेश को रोकना चाहते हैं।

### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।

### राहुल ने की हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की ख़बर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।

# UPSC नतीजों में शक्ति दुबे अव्वल

## हर्षिता गोयल दूसरे व अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में सुश्री शक्ति दुबे ने प्रथम और सुश्री हर्षिता गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि श्री डोंगरे अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे।

आयोग ने मंगलवार को परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से तीन महिलाएं और दो पुरुष हैं। परीक्षा में कुल 1009 उम्मीदवारों (725 पुरुष और 284 महिला) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है। इनमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 180, भारतीय विदेश सेवा के लिए 55, भारतीय पुलिस सेवा के लिए 147 , सेन्ट्रल सर्विस ग्रुप ए के लिए 605 और ग्रुप बी के लिए 142 उम्मीदवार चुने गए हैं। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाए गए।

### नेशनल हेराल्ड की लूट वाला बैग लिए दिखीं बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** वन नेशन-वन इलेक्शन पर जाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की बैठक मंगलवार को शुरू हुई। मीटिंग में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज नेशनल हेराल्ड की लूट लिखा बैग लेकर पहुंचीं। स्वराज ने कांग्रेस पार्टी पर गलत काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहली बार है जब लोकतंत्र के चौथे स्तंभ-मीडिया में भ्रष्टाचार हुआ है। दरअसल, 15 अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सैम पित्रोदा के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। 25 अप्रैल को सुनवाई है। इससे पहले 10 दिसम्बर को प्रियंका गांधी संसद में पीएम मोदी और अडाणी के कार्टून बने बैग लेकर पहुंची थीं। वे गौतम अडाणी पर अमेरिका कोर्ट में लगाए गए अभियोग के मुद्दे पर प्रदर्शन में शामिल हुई थीं। बैग के जरिये विरोध करने को लेकर प्रियंका गांधी भी पीछे नही हैं। वह कई बार अलग-अलग बैग के साथ नजर आ चुकी हैं।

# रामदेव का शरबत पर बयान माफी लायक नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कहा: अपने विचार अपने तक रखें, बयान ने अंतरआत्मा झकझोर दी, रामदेव हटाएंगे सारे वीडियो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को उस वीडियो पर नाराजगी जताई, जिसमें बाबा रामदेव ने शरबत जिहाद शब्द का इस्तेमाल किया था। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि यह बयान माफी लायक नहीं है। इसने कोर्ट की अंतरआत्मा झकझोर दी।

कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि के फाउंडर रामदेव ने कहा कि हम ऐसे सभी वीडियो हटा लेंगे, जिनमें धार्मिक टिप्पणियां की गई हैं। कोर्ट ने रामदेव को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश भी दिया है। बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। बाबा रामदेव ने कहा था कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। इसके खिलाफ रूह अफजा शरबत बनाने वाली कंपनी हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश सरकार ने जातिवाद को दिया बढ़ावा: सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता अमीक जामेई ने उत्तर प्रदेश सरकार पर जातिवाद और पुलिस बल में पक्षपात के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिस विभाग में जातीय संतुलन नहीं है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल अपनी जाति के अधिकारियों को प्राथमिकता दे रहे हैं। जामेई ने कहा कि डाइवर्सिटी इंडेक्स में यह स्पष्ट दिखता है कि दलित, पिछड़े और मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व नगण्य है। चाहे वह थानेदार की नियुक्ति हो या कप्तान और डीएम की पोस्टिंग, सभी में एक खास जाति को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने कहा कि दलित और मुस्लिम अधिकारियों को पुलिस अकादमी में भेजकर नजरअंदाज किया जा रहा है और उन्हें जिम्मेदारियों से दूर रखा जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री उन अधिकारियों पर भरोसा नहीं करते, जो दलित या पिछड़ी जातियों से आते हैं। डीजीपी भी मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार ही काम कर रहे हैं, वे चाहें भी तो कोई स्वतंत्र निर्णय नहीं ले सकते।

### आनंद बोस को निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस को मंगलवार को आगे के इलाज के लिए सैन्य पूर्वी कमांड अस्पताल से एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। श्री बोस को सोमवार को सैन्य पूर्वी कमांड अस्पताल में भर्ती किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि श्री बोस की हालत स्थिर है। आगे के इलाज की आवश्यकता है क्योंकि प्रारंभिक परीक्षणों से उनके हृदय में तीन जगह ब्लॉकेज का पता चला है। सूत्रों ने कहा कि श्री बोस को ईएम बाईपास पर अपोलो ग्लेनेगल्स अस्पताल में आज सुबह स्थानांतरित किया गया। सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल को निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने को कहा है जो निजी अस्पताल में किए जाएंगे।'' उन्होंने बताया कि श्री बोस को आईसीयू में ले जाया गया और दक्षिण कोलकाता के कमांड अस्पताल में उनके दर्द को कम करने के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया जहां चिकित्सा परीक्षणों से उनके हृदय में तीन रुकावटों का पता चला।

### अमेठी में प्रेम प्रसंग में दलित की हत्या

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के जामो क्षेत्र में छेड़छाड़ के आरोपी दलित युवक की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जामो थाना क्षेत्र के पूरे अलपसिंह कल्याणपुर निवासी शिवम कोरी (30) की सोमवार देर शाम गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। मृतक के चाचा जगन्नाथ के अनुसार शिवम का गांव के मानसिंह के बेटी से अवैध संबंध था, जिसे लेकर मानसिंह और उनके साथियों ने शिवम को काफी दिनों से प्रताड़ित कर रहे थे। जगन्नाथ ने कुछ दिन पूर्व ही गांव के मानसिंह व अन्य लोगों शिवम को मारा पीटा था। उसके बाद शिवम के खिलाफ थाने में छेड़ छाड़ का मुकदमा दर्ज करवा कर उसे जेल भिजवा दिया था। हाल में ही शिवम जेल से जमानत पर घर आया था। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। एहतियात के तौर पर कई थानों की पुलिस मौके पर लगा दी गई है।

### वक्फ के खिलाफ प्रदर्शन में बोले आरजेडी नेता मनोज झा

# ये मुसलमानों की ही नहीं, पूरे देश की लड़ाई

**नई दिल्ली, वार्ता**


**वक्फ** एक्ट के खिलाफ देशभर के कई संगठनों की ओर से लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से आयोजित वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कार्यक्रम में कई राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता मनोज झा ने कहा कि ये सियासी झंडों की लड़ाई नहीं है, ये मुसलमानो की नहीं, बल्कि पूरे हिंदुस्तान की लड़ाई है।

मनोज झा ने कहा कि ये सियासी झंडों की लड़ाई नहीं है। आपका सभी लोगों का गुस्सा वाजिब है, हम हिंदुओं को मुसलमानों को रोजाना देखने की आदत है, इसी तरह मुसलमानो को भी हिंदुओं को देखने की आदत है। मनोज झा ने कहा कि जो हमारे साथ नहीं हैं, वो जुल्मियों के साथ हैं। इन्होंने देश को पंक्चर कर दिया, आज देश की इकोनॉमी पंक्चर है। हम हवा भरना जानते हैं और हवा टाइट करना भी जानते हैं। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि ताकत को ताबूत बनते देर नहीं लगती। जो महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, अब्दुल कलाम साहब की सोच थी, उसी सोच पर देश का पंक्चर ठीक होगा।

### हम हवा भरना जानते हैं, टाइट करना भी



जो हमारे साथ नहीं हैं, वो जुल्मियों के साथ हैं। इन्होंने देश को पंक्चर कर दिया, आज देश की इकोनॉमी पंक्चर है: आरजेडी



सपा लगातार वक्फ बिल को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोल रही: धर्मेंद्र यादव

### मुस्लिम वोटों की खेती कर रहीं ममता: बीजेपी

**गोरखपुर।** बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद डा. राधा मोहन दास अग्रवाल ने गोरखपुर में वक्फ एक्ट पर बैठक में कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मुस्लिम वोटों की खेती कर रही हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में विरोध हो नहीं रहा है, बल्कि यह कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ममता सरकार का शासन कागज पर चल रहा है। उनके हाथ में 30 परसेंट मुसलमान के सिवा वोट नहीं बचा है। बीजेपी नेता ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को मुस्लिम गुंडों से भरी पार्टी बताया है। राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास गोरखपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित बीजेपी कार्यालय पर वक्फ अधिनियम बिल को लेकर बैठक करने पहुंचे थे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने वक्फ पर सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते कांग्रेस पर भी निशाना साधा। वक्फ बिल में किए गए प्रावधान हर गरीब मुसलमान के हित में है।

### वक्फ की जमीन बीजेपी को ये बर्दाश्त नहीं: सपा

**नई दिल्ली।** सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा है कि बीजेपी को वक्फ की जमीन बर्दाश्त नहीं है। इसीलिए वह ऐसा बिल लेकर आई है, ताकि वक्फ की जमीन पर कब्जा कर सके। वे दिल्ली में आयोजित ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) के वक्फ बचाओ सम्मेलन में बोल रहे थे। समाजवादी पार्टी लगातार वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोल रही है। इसी कड़ी में सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे नफरत के आधार पर देश को बांटना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि बीजेपी के लोग एजेंसियों का दुरुपयोग करके और राजनीतिक लोगों पर दबाव बनाकर इस बिल को पास कराने में सफल हुए हैं। उत्तर प्रदेश के बदायूं से सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि इस लड़ाई में आप अकेले नहीं हैं, बल्कि हिंदू समाज का बहुमत भी आपके साथ है। सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के लोग 35 फीसदी से ज्यादा नहीं हैं, लेकिन उसके साथ कई एजेंसियां काम कर रही हैं।, उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिमी यूपी के लोग हों, नीतीश, नायडू, जयंत, देवेगौड़ा हो, उन्हें सियासी तरीके से सबक सिखाना होगा। बिहार में चुनाव आ रहे हैं, यहीं से शुरुआत करें। इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, जहां प एनडीए की सरकार सत्ता में है। इसमें बीजेपी के साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड भी शामिल है। इस दौरान सपा सांसद ने मुस्लिम समुदाय के साथ खड़े होने का भी भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव पूरी ताकत से आपके हर फैसले पर आपके साथ खड़े रहेंगे। धर्मेंद्र यादव ने आगे कहा कि वक्फ एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जो चर्चा हुई, वह वहां नहीं टिकेगी। उपराष्ट्रपति, सांसदों को क्या हो गया है, वे सुप्रीम कोर्ट के जज के खिलाफ गृहयुद्ध के लिए जिम्मेदार हैं।

### संविधान के खिलाफ वालों का विरोध करें: जवाद

**नई दिल्ली।** शिया धर्मगुरु कल्बे जवाद ने कहा कि संविधान के खिलाफ जो लोग काम कर रहे हैं, हमें उनके खिलाफ काम करना है। मर्द ए मोमिन से तकदीर बदल जाती है, तो सरकार भी बदल सकती है। अगर आप रक्षात्मक रुख अपनाएंगे, तो पूरी जिंदगी गुजर जाएगी। हर मस्जिद में शिवलिंग मिल जाएगा। फुहारों में शिवलिंग मिल रहे हैं। किसी भी सरकारी जगह पर इबादतगाह नहीं बन सकती है। हर थाने और अस्पतालों में मंदिर मिलेगा।

# थानों में पोस्टिंग को लेकर भड़के अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर पीडीए के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यूपी पुलिस में जातिगत आधार पर तैनाती और सरकारी वेबसाइट से डेटा हटाने के आरोप भी लगाए हैं। अखिलेश यादव ने दावा किया कि पीडीए सरकार बनने पर रोजगार मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया है कि थानों में उच्च जातियों के लोगों की पोस्टिंग की जा रही है। साथ ही साथ दावा किया कि पीडीए के साथ अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने सरकार की वेबसाइट का एक स्क्रीनशॉट भी जारी किया, जिसमें थानों में जातिगत आधार पर थानेदारों की लिस्ट भी जारी की गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि अधिकारियों को आगे करके कहा जा रहा है कि गलत आंकड़े पेश किए, हमने गलती सुधारने मौका दिया, तो सरकार ने अधिकारियों को आगे कर दिया। मैंने अभी 2-4 जिलों का पुलिस पर खुलासा किया, जब मैंने थानों पर सवाल उठाया, तो मुझे नसीहत दे रहे हैं, गलती नहीं सुधार रहे हैं। सरकार डाटा क्यों नहीं दे रही है। मुझ पर गलत आंकड़ा देने का आरोप लगा रहे हैं, सरकार जवाब नहीं दे रही है और अधिकारियों को आगे किया जा रहा है। हमने जो डेटा दिया है वो सरकार की वेबसाइट से लिया है। उन्होंने कहा कि चित्रकूट में सभी बड़े पदों पर एक ही जाति के लोग भरे पड़े हैं।

■ **पीडीए की सरकार बनने पर सभी को मिलेगा रोजगार: सपा**

उन्होंने कहा कि दलित समाज पर अत्याचार किया जा रहा है। मेरे पीडीए डाटा का खंडन करने आ गए, लेकिन सदन में जो उन्होंने कहा उसका खंडन करने नहीं आए। चित्रकूट में सपा डीएम, सीडीओ, सीएमओ, खनिज, पर्यटन, थानाध्यक्ष, कई बीडीओ में से कितने पीडीए के हैं? सरकार मैनिपुलेशन कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि बच्चों का भविष्य बने। हमें बाबा साहेब आंबेडर का संविधान, आरक्षण बचाना है। सपा प्रमुख ने दावा किया है कि अगर पीडीए की सरकार बनेगी, तो नौकरी, रोजगार मिलेगा।

# दलितों पर हमले की घटनाएं शर्मनाक: मायावती

**लखनऊ, वार्ता**

**बहुजन** समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि मध्य प्रदेश के मुरैना में अंबेडकर जयंती के अवसर पर जुलूस पर हमला और अन्य राज्यों में अंबेडकर प्रतिमा का अपमान तथा दलितों के खिलाफ हिंसात्मक वारदातें शर्मनाक हैं जो सरकारों के दोहरे चरित्र को दर्शाती हैं।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि संविधान निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर इस बार देश के कई राज्यों में इनकी प्रतिमा का अनादर व उस मौके पर कार्यक्रम/जुलूस पर सामंती तत्वों के हमलों में अनेक लोगों के हताहत होने की घटनाएं अति-शर्मनाक व यह सरकारों के दोहरे चरित्र का प्रमाण। उन्होंने कहा ह ऐसे दुखद मामलों में खासकर मध्य प्रदेश के मुरैना में अम्बेडकर जुलूस पर हुए हमले में दलित की हुई हत्या व अनेकों के घायल होने की घटना अति-निन्दनीय, जिसमें दोषियों के विरुद्ध अभी तक भी सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने से राज्य सरकार इसमें स्पष्ट संलिप्तता को लेकर कठघरे में है। बसपा प्रमुख ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि दलित संतों, गुरुओं और महापुरुषों के अपमान की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें वरना दलित समाज उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व सभी राज्य सरकारें घटनाओं को गंभीरता से लेकर जरूर सख्त कार्रवाई करके इसे रोकें, वरना इन वर्गों के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। ऐसी घटनाओं से स्पष्ट है कि केन्द्र व राज्य सरकारें बाबा साहेब डा. अम्बेडकर की जयंती आदि पर जो कार्यक्रम आयोजित करती हैं वे सब दलितों के वोट के स्वार्थ की खातिर पूर्णतः छलावा है।

### भाजपा राज में दलित असुरक्षित : अजय राय

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्धभाजपाऋ सरकार के कार्यकाल में दलित सुरक्षित नहीं है। अमेठी में दलित युवक की हत्या के बाद पीड़ित परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे श्री राय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार के कार्यकाल में दलितों से साथ लगातार अन्याय हो रहा है। जहां भी दलितों के साथ अन्याय हो रहा है, कांग्रेस हमेशा दलितों के साथ खड़ी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में एक दलित को पेट्रोल डाल करजिदा जला दिया गया। आजमगढ़ और रामपुर में दलितों पर अत्याचार हो रहे है। अजय राय ने भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह के कार्यक्रम पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बाबा साहब का वास्तविक सम्मान तब होगा जब दलितों के परिवार में खुशहाली आएगी।

# यूपी में चली तबादला रेल, 33 आईएएस के ट्रांसफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 11 जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा ९(आईएएस) के 33 अधिकारियों के तबादले कर दिए। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वाराणसी, बरेली, आजमगढ़, झांसी, महोबा, अंबेडकरनगर, गाजीपुर, कुशीनगर, बरेली, हापुड़, संतकबीरनगर के जिलाधिकारियों को बदला गया है जबकि वाराणसी के मंडलायुक्त का भी ट्रांसफर कर दिया गया है।

प्रमुख सचिव परिवहन, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग, अध्यक्ष, उप्र राज्य परिवहन निगम महानिदेशक, उप्र प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी व दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान तथा निदेशक, अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा निदेशक छत्रपति शाहू जी महाराज, उप्र श्री लक्कू वेंकटेश्वरलू को प्रमुख सचिव परिवहन विभाग तथा अध्यक्ष उप्र राज्य परिवहन निगम के पद से अवमुक्त कर दिया गया है। यह प्रभार अब प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता देखेंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा को मुख्यमंत्री का सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि वाराणसी के डीएम एस राजलिंगम अब श्री शर्मा के स्थान पर वाराणसी के नए मंडलायुक्त होंगे। वहीं मुख्यमंत्री के विशेष सचिव सत्येन्द्र कुमार को वाराणसी का जिलाधिकारी बनाया गया है। हापुड़ की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को सूडा का निदेशक बनाया गया है वहीं मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय को हापुड़ का नया डीएम नियुक्त किया गया है। गोरखपुर के सीडीओ संजय कुमार मीणा को मेरठ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अलीगढ़ के संयुक्त मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी को गोरखपुर का सीडीओ बनाया गया है। बरेली के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वितीय को इसी पद पर आजमगढ़ भेजा गया है, जबकि आजमगढ के मौजूदा डीएम नवनीतसिंह चहल का ट्रांसफर मुख्यमंत्री के विशेष सचिव के पद पर किया गया है। अंबेडकरनगर के डीएम अवनीशसिंह का तबादला बरेली कर दिया गया है जबकि विशेष सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा व निदेशक, यूपीनेडा एवं प्रबंध निदेशक, उप्र रेनुवबिल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लि. अनुपम शुक्ला को अंबेडकरनगर का डीएम बनाया गया है। लखनऊ के नगर आयुक्त इंद्रजीतसिंह को श्री शुक्ला के स्थान पर विशेष सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा व निदेशक, यूपीनेडा एवं प्रबंध निदेशक, उप्र रेनुवबिल एंड ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लि. की जिम्मेदारी दी गई है। प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक गौरव कुमार का तबादला लखनऊ के नगर आयुक्त के पद पर किया गया है। चंदौली की संयुक्त मजिस्ट्रेट हर्षिकासिंह का तबादला प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक के पद पर किया गया है। गाजीपुर की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी को विशेष सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण नियुक्त किया गया है वहीं झांसी के डीएम अविनाश कुमार को गाजीपुर का डीएम बनाया गया है। महोबा के डीएम मृदुल चौधरी अब झांसी के नए डीएम होंगे। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में सचिव गजल भारद्वाज को महोबा का जिलाधिकारी बनाया गया है। संतकबीरनगर के डीएम महेन्द्रसिंह तंवर को कुशीनगर के डीएम के पद पर किया गया है।

■ **मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय को हापुड़ का नया डीएम नियुक्त किया गया**

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के तरलता उपाय से चढ़ा बाजार

**मुंबई, वार्ता**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जारी आलोचना से विश्व बाजार के कमजोर संकेत के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तंत्र में तरलता बढ़ाने के उपाय से स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और रियल्टी समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार में लगातार छठे दिन तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.09 अंक की मजबूती के साथ 79,595.59 अंक और एनएसई का निफ्टी 41.70 अंक की तेजी के साथ 24167.25 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,252.46 अंक और स्मॉलकैप 0.82 प्रतिशत उछलकर 49,143.12 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4130 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2476 में लिवाली जबकि 1504 में बिकवाली हुई वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1834 में तेजी, जबकि 1059 में गिरावट रही वहीं 93 में टिकाव रहा। आरबीआई ने तरलता मानकों को और मजबूती देने तथा तंत्र में तरलता बढ़ाने के उद्देश्य से तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) ढांचे में संशोधन संबंधी अंतिम दिशा.निर्देश सोमवार को जारी किए हैं। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, हांगकांग का हैंगसेंग 0.78 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.25 प्रतिशत चढ़ गया।



# दिल्ली ईवी बस सेवा का कार्यक्रम स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की ओर से दिल्ली ईवी इंटरकनेक्टर (देवी) योजना के तहत 330 नई इलेक्ट्रिक बसों को लॉन्च करने के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।


दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि धर्मगुरु महामहिम पोप फ्रांसिस जी के निधन पर भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय शोक की वजह से देवी योजना के तहत शुरू होने वाली इलेक्ट्रिक बसों की लॉलन्चग को स्थगित कर दिया गया है। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इससे पहले 'एक्स' पर कहा कि आज पृथ्वी दिवस पर हम देवी पहल के तहत 330 नई इलेक्ट्रिक बसों को लॉन्च करके एक हरित भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए दिल्ली की यात्रा को स्वच्छ, सुरक्षित और अधिक टिकाऊ बनाने का एक गंभीर प्रयास है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

**नई दिल्ली, वार्ता**

**विदेशी** बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 4106 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-41 सेंट की बढ़त लेकर 48-73 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।



इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलिवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14835 रुपये, पाम ऑयल 13187 रुपये और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# बंगाल सरकार के खिलाफ घेरा शिक्षकों ने एसएसपी ऑफिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के साल्ट लेक क्षेत्र में मंगलवार को तनाव उस समय चरम पर पहुंच गया जब सैकड़ों बर्खास्त सरकारी शिक्षकों ने यहां स्थित पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के मुख्यालय का घेराव किया।

इससे पहले सोमवार को एसएससी प्रमुख सिद्धार्थ मजूमदार और अन्य को घेरा गया था। इन्होंने 2016 के शिक्षक पैनल के योग्य और दागी उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने की मांग की। पुलिस ने एसएससी कार्यालय के आसपास अपने बलों को तैनात किया, जबकि प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने वहां से हटने से इनकार कर दिया और एसएससी द्वारा उनकी मांगें स्वीकार किए जाने तक विरोध जारी रखा। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने उन लोगों को अनुमति दी जो पानी, दवाइयां और आवश्यक सामान एसएससी अध्यक्ष और अन्य कर्मचारियों को आचार्य सदन में ले जा रहे थे। आयोग के वरिष्ठ अधिकारी अंदर थे, जबकि प्रदर्शनकारियों ने उन्हें जाने नहीं देने का दृढ़ निश्चय किया। एसएससी ने सोमवार देर रात एक बयान में कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करेगा। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि एसएससी ने पहले ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बरकरार रखने की अपनी मंशा की घोषणा कर दी है। उन्होंने पात्र शिक्षकों को सलाह दी कि वे तब तक प्रतीक्षा करें जब तक राज्य सरकार समीक्षा याचिका के साथ अदालत में नहीं जाती। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा था जिसमें शिक्षकों और ग्रुप सी और ग्रुप डी के कर्मचारियों के पूरे 2016 के पैनल को रद्द कर दिया गया था। क्योंकि एसएससी बार-बार अनुरोध के बावजूद योग्य और दागी उम्मीदवारों की सूची उपलब्ध कराने में विफल रहा था।

### नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करने की योजना तैयार की है। इसमें बीजेपी और सरकार पर संविधान विरोधी होने का चेहरा उजागर किया जाएगा। कांग्रेस 24 अप्रैल तक देश भर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सफाई देने के बाद 25 अप्रैल से नए सिरे से 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करेगी। कांग्रेस के पांच सूत्रीय एजेंडे में लोकसभा चुनाव में कुछ बीजेपी उम्मीदवारों के संविधान बदलने के बयान की तर्ज पर निशिकांत दुबे, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय मंत्री किरन रिजूजू जैसे नेताओं के सुप्रीम कोर्ट पर दिए बयानों को उठाया जाएगा, राज्यसभा में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर पर अमित शाह के बयान को वीडियो क्लिप से साथ प्रचारित किया जाएगा। चुनाव आयोग और राज्यपाल समेत संवैधानिक संस्थाओं पर बीजेपी के कब्जे के आरोप को पुख्ता किया जाएगा।

# इंडिया एक्सपो में सहारनपुर के हस्तशिल्प को मिली सराहना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के तत्वाधान में ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 16 से 19 अप्रैल तक आयोजित हस्तशिल्प मेले में सहारनपुर और मुरादाबाद की हस्तशिल्प कला को दुनिया के 112 देशों के खरीदारों को खूब लुभाया।

मेले में अबकी 13 सौ करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। ओम संस इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स मुरादाबाद के निदेशक इशहान अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि पिछली बार के हस्तशिल्प मेले में एक हजार करोड़ का विदेशी कारोबार हुआ था। अबकी 300 करोड़ की वृद्धि इस मायने में अहम है, क्योंकि विश्व बाजार में अस्थिरता का माहौल है। अमेरिका और चीन के बीच निर्यात शुल्क को लेकर चल रही तनातनी से दुनिया के खरीदार खासे घबराऐं हुए हैं। फिर ईपीसीएस खरीदारों को प्रदर्शनी में बड़ी तादाद में लाने में सफल रही। मेले में यूं तो देश भर से तीन हजार के करीब निर्यातक पहुंचे लेकिन सहारनपुर और मुरादाबाद के निर्यातकों की चांदी रही। सहारनपुर के 30-35 निर्यातक मेले में गए थे। राम जी सुनेजा का कहना था कि कारोबार उम्मीद के मुताबिक तो नहीं रहा, लेकिन कम से कम आधे निर्यातक विदेशी खरीदारों से मिले ऑर्डर से संतुष्ट है। सहारनपुर के सबसे बड़े वुड कार्विंग के उत्पादों के निर्माता एवं निर्यातक असलम सैफी ने कहा कि उनके स्टाल पर पहले मेलों की तुलना में ज्यादा अमेरिकी खरीदार पहुंचे। मुरादाबाद के सेविन सीज इंटरनेशनल फर्म के निदेशक निर्यातक अब्दुल अजीज का कहना है कि विदेशी ग्राहक उनके स्टाल पर बड़ी संख्या में आए पर कारोबार करने को लेकर उनमें हिचक बनी रही। विश्व बाजार में अस्थिरता जब तक रहेगी तो भारतीय निर्यात उससे अवश्य प्रभावित रहेगा। मुरादाबाद की ओम संस इंडिया हैंडीक्राफ्ट्स के निदेशक इशहान अग्रवाल ने बताया कि फर्नीचर, लैंप और सजावटी सामानों की मांग इंग्लैंड, हालैंड आदि देशों में खूब रही। इसी फर्म के रजनीश अग्रवाल और कुलीन अग्रवाल का कहना है कि निर्यातक खासे उत्साहित है। चीन, अमेरिका की खींचतान का लाभ भारतीय निर्यातकों को मिलेगा।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# इंजीनियरिंग संस्थानों को विकसित किए जाने को धामी की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के इंजीनियरिंग संस्थानों को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किए जाने के संदर्भ में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल के की उपस्थित में समीक्षा की। उन्होंने इन कालेजों में इन्फ्रास्टक्चर, योग्य फैकल्टी, आधुनिक लैब और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उद्योग जगत की मांग के अनुसार उन्हें विभिन्न ट्रेड में दक्ष बनाए जाने के निर्देश दिए।



**बैठक के दौरान, सख्त निर्देश दिए कि सभी इंजीनियरिंग कॉलेज में तय मानकों के अनुसार, फैकल्टी की तैनाती की जाए। उन्होंने इंजीनियरिग कॉलेजों में भर्ती प्रक्रिया के लिए बनाई गई व्यवस्था के अनुसार, भर्तियां न होने पर नाराजगी व्यक्त की**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी इंजी. नियरिंग कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं, हॉस्टल और बाउंड्री वॉल की व्यवस्था के साथ ही बेहतर सध्क कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैठक के दौरान, सख्त निर्देश दिए कि सभी इंजीनियरिंग कॉलेज में तय मानकों के अनुसार, फैकल्टी की तैनाती की जाए। उन्होंने इंजीनियरिग कॉलेजों में भर्ती प्रक्रिया के लिए बनाई गई व्यवस्था के अनुसार, भर्तियां न होने पर नाराजगी व्यक्त की। संस्थानों में छात्र पंजीकरण की कमी पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र पंजीकरण बढ़ाने के साथ ही, सभी ट्रेड में अच्छे पाठ्यक्रम के साथ ही नवीनतम तकनीक पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को कैम्पस से ही प्लेसमेंट के लिए भी अच्छी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग संस्थान का संचालन के लिए पिथौरागढ़ के मधूरा में बने भवन में कक्षाओं के संचालन न होने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जांच की जाए कि इंजीनियरिग संस्थान के लिए जगह का चयन किसके द्वारा किया गया था, यह जगह उपयुक्त थी या नहीं। अगर उपयुक्त नहीं थी तो इस स्थान पर इंजीनियरिंग संस्थान क्यों बनाया गया। भवन पर लगभग 15 करोड़ खर्च होने के बाद भी इसमें कक्षाओं का संचालन क्यों नहीं हो रहा है। उल्लेखनीय है कि अभी इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन जीआईसी की बिल्डिंग पर संचालित की जा रही हैं। श्री धामी ने जीबी पंत इंजीनियरिग कॉलेज, घुदौड़ी मे नियुक्तियों, प्रमोशन और अन्य मामलों में गड़बड़ी की शिकायतों पर नए सिरे से एसआईटी गठित कर सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उपाध्यक्ष, अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव डा. रंजीत सिन्हा, कुलपति माधो सिंह भण्डारी तकनीकि विश्वविद्यालय प्रो. ओंकार सिंह, अपर सचिव स्वाति भदोरिया एवं इंजीनियरिग संस्थानों के निदेशक भी उपस्थित थे।

**पहलगाम में पर्यटकों पर हमले की धामी ने की कड़ी निंदा**

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है। श्री धामी ने मंगलवार को पहलगाम में आतंकियों के हमले में अनेक पर्यटकों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला मानवता के विरुद्ध एक अमानवीय और बर्बर कृत्य है। इस कायराना हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। श्री धामी ने आगे लिखा कि आतंकवाद संस्कृति, शांति और मानवता के मूल्यों पर हमला है। आतंकियों की जम्मू-कश्मीर को अशांत करने की कोशिश कभी भी कामयाब नहीं होगी। इस कुकृत्य का मुंहतोड़ जवाब इन आतंकियों को अवश्य मिलेगा। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम के पास मंगलवार को एक बड़े आतंकवादी हमले में 25 से अधिक पर्यटकों के मारे जाने और कम से कम आठ अन्य के घायल होने की आशंका है।

## चारधाम यात्रा के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना है : पांडेय

**देहरादून।** उत्तराखंड के गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए मण्डल स्तर पर सभी विभागों को 25 अप्रैल तक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। श्री पांडेय की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला मुख्यालय पौड़ी गढ़वाल स्थित विकास भवन सभागार में चारधाम यात्रा, वनाग्नि, पेयजल, सध्क सुधारीकरण, सीएम हेल्प लाइन सहित अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें उन्होंने यात्रा के सफल संचालन के लिए मण्डल स्तर पर सभी विभागों को 25 अप्रैल तक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक के बाद उन्होंने स्टेट हाइवे पर गतिमान डमरीकरण व पैंच वर्क के कर्यो की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। विकास कार्यो की इस समीक्षा बैठक में आयुक्त ने कहा कि चारधाम यात्रा के दृष्टिगत, श्रीनगर एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहां ट्रैफिक व्यवस्था के साथ-साथ पार्किंग की समुचित व्यवस्था चुनौतीपूर्ण है। उन्होने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि श्रीनगर क्षेत्रांतर्गत कुछ ऐसे धर्मशालाओं व रैन बसेरों को चिन्हित किया जाए, जहां बेसहारा यात्रियों को निःशुल्क रुप में कुछ राहत मिल सके। उन्हांने यात्रा मार्ग के सभी वाटर प्वांइट को चालू रखने, सार्वजनिक शौचालयों को साथ-सुथरा रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन की प्रोएक्टिव तैयारियों की सराहना की। श्री पाण्डेय ने जिलाधिकारी, पौड़ी को निर्देश दिए कि जनपद क्षेत्रांतर्गत, ग्रामीण मोटर मार्गो की स्थिति का एक सर्वे करा, रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने मोटर मार्गों पर चल रहे डामरीकरण व गढ्ढामुक्त कार्यो की गुणवत्ता परखने के लिए स्टेट हाईवे-31 पर पौघी-देवप्रयाग के बीच डामरीकरण व द्वारीधार गौशाला के पास पैच वर्क की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिए गतिमान डामरीकरण का अवशेष कार्य भी जल्द पूर्ण किया जाए। आयुक्त ने वनाग्नि रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि वनाग्नि को रोकने के लिए विभागीय समन्वय व जन-सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए जिला स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को भी सराहा। वनाग्नि की रोकथाम के लिए जनपद स्तर पर अपनाए जा रहे नवाचरों, जन-जागरुकता अभियान, 30 से अधिक गांवों में शीतलाखेत मॉडल को लागू करने किए जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने ग्रीष्मकाल में प्रत्येक ग्रामीण को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को पम्पिग की समयावधि बढाने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान, गढ़वाल परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरुप ने यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी लाईन डिपार्टमेंट के साथ श्रीनगर में पार्किंग व ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर एक ड्राई रन करवाए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि यात्रा सीजन में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए श्रीनगर जैसे स्थान पर ठहरने, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था पर विशेष बल दिए जाने की आवश्यकता है। बैठक में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पारुल गोयल, मुख्य शिक्षाधिकारी नागेन्द्र बर्तवाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 विशाल शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला पर्यटन अधिकारी खुशाल सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## निजी स्कूल में बड़ी संख्या में छात्र फेल, बाल आयोग हुआ नाराज

**देहरादून।** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मंगलवार को विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों के विविध प्रकार के उत्पीड़न पर कड़ा रुख दिखाया। एक निजी विद्यालय द्वारा बड़ी संख्या में छात्रों को कक्षा 11 में अनुत्तीर्ण करने की शिकायत अभिभावकों ने आयोग में दर्ज कराई है। इस पर, आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना ने प्रकरण पर गहरी चिता व्यक्त करते हुए विद्यालय को निर्देशित किया है कि सभी अनुत्तीर्ण छात्रों को तत्काल प्रभाव से कक्षा 12 में प्रोन्नत किया जाए। साथ ही, छात्रों की वास्तविक शैक्षणिक योग्यता और मानसिक स्थिति का आंकलन करने के लिए आयोग की निगरानी में एक एप्टीट्यूड टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इस टेस्ट के पश्चात, यदि कोई छात्र उपयुक्त नहीं पाया जाता है, तो उस पर विचारोपरांत निर्णय लिया जाएगा। डा. खन्ना ने इससे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि विद्यालय केवल नंबरों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जबकि छात्रों के आत्म-सम्मान एवं मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा की जा रही है। प्रोफेशनल काउंसलिग के अभाव में बच्चे नशे और सोशल मीडिया की लत की ओर अग्रसर हो सकते हैं, जो कि अत्यंत चिता. जनक स्थिति है। आयोग ने इस पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग अध्यक्ष ने बताया कि इसके अतिरिक्त, पुरकुल यूथ सोसाइटी से संबंधित एक मामला आयोग के संज्ञान में आया है। जिसमें संस्था द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान किए जाने के बावजूद, पीड़ति परिवार के व्यवहार को देखते हुए संस्था ने छात्र का स्पॉन्सरशिप बंद करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर, दोनों पक्षों के तथ्य जानकर उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ, विकासनगर क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ कथित मारपीट के मामले में भी आयोग ने संबंधित पुलिस विभाग से आख्या तलब की है।

## टक्कर में मौत

**गंगोह/तीतरों।** सोमवार को बाइक सवार दो युवकों की भैंसा बोगी से हुई आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। दूसरा घायल हो गया।

गांव फूसगढ़ जनपद शामली निवासी 26 वर्षीय नितिन पुत्र मदन सिंह सोमवार दोपहर बाद बाइक सवार होकर अपने साथी गुल्लू के साथ गंगोह से गांव लौट रहा था। तीतरों-गंगोह मार्ग पर गांव रादौर के निकट उनकी बाइक की आमने सामने की टक्कर भैंसा बोगी से हो गई, जिसमें गंभीर चोट आने के कारण नितिन की मौके पर मौत हो गई और गुल्लू बुरी तरह घायल हो गया। दोनों ने हेलमेट नहीं पहना था। मृतक नितिन के परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के नितिन के शव को अपने साथ ले गए। कोतवाली प्रभारी संजीव शर्मा ने बताया कि मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## निगम ने उतरवाये होर्डिंग्स बैनर

**सहारनपुर।** नगर निगम ने महानगर में अवैध होर्डिंग व बैनरों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाते हुए करीब सवा तीन सौ होर्डिंग व बैनर उतरवाए हैं।

निगम द्वारा यह अभियान प्रदेश शासन के निर्देश पर चलाया जा रहा है। महानगर के खंभों, चौराहों एवं तिराहों पर अवैध होर्डिंग व बैनरों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के लिए दो टीमें लगायी गयी हैं। अपर नगरायुक्त राजेश यादव के दिशा निर्देशन तथा कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह व आर आई लोकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने मल्हीपुर रोड, सर्किट हाउस रोड, गंगोह रोड, दिल्ली रोड के अलावा घण्टाघर से राकेश केमिकल तक तथा घण्टाघर से नेहरु मार्किट होते हुए साईं मंदिर बेहट रोड तक अभियान चलाकर करीब सवा तीन सौ अवैध होर्डिंग व बैनर उतरवाए हैं।

## ग्लोकल यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी में विश्व रचनात्मकता एवं नवाचार दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी और ग्लोकल इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।



सेमिनार का उद्घाटन एडिशनल प्रो-चांसलर सैयद निजामुद्दीन एवं रजिस्ट्रार प्रोफेसर शिवानी तिवारी के दिशानिर्देशन में विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। शुभारंभ डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर डॉ. शोभा त्रिपाठी के स्वागत भाषण से हुआ। इसके पश्चात असिस्टेंट प्रोफेसर राशदा रहमान ने सेमिनार के उद्देश्य और इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने कार्यक्रम का समन्वयन किया, जबकि संचालन की जिम्मेदारी असिस्टेंट प्रोफेसर शेख अब्दुल वासे ने निभाई। विशेष वक्ता के रूप में पैरामेडिकल विभाग की सुश्री अश्रिता दुबे ने छात्रों को रचनात्मकता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर फातिमा अकील ने नवाचारों के माध्यम से शिक्षा और तकनीकी विकास की दिशा पर अपने विचार साझा किए।

प्रतिभागियों में डॉ. मजहर अफजल, डॉ. रेशमा ताहिर, सुश्री सलमा, डॉ. अतीका बानो, गुरदीप पंवार, निगहत अख्तर मौजूद रहे।

## चारधाम यात्रा: फर्जी पंजीकरण रोकने को आधार पंजीकरण अनिवार्य

**देहरादून।** उत्तराखंड पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक योगेंद्र गंगवार ने मंगलवार को बताया कि डुप्लीकेसी तथा फर्जी पंजीकरणों को रोकने के लिए इस बार आधार आधारित पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। श्री गंगवार ने बताया कि आधार कार्ड आधारित पंजीकरण, से वे लोग, जो एक से अधिक बार रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं, रोक लगेगी। साथ ही फर्जी रजिस्ट्रेशन भी नहीं होंगे। इसके अलावा, कैमरों के जरिए हैड काउंट किया जाएगा, जिससे कितने यात्रियों ने दर्शन कर लिए हैं, इसका रियल टाइम डाटा भी प्राप्त हो सकेगा।

## पीएमजीएसवाई के गुणवत्ता सुधार पर राष्ट्रीय कार्यशाला में मंथन

**देहरादून।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत, मंगलवार को देहरादून में गुणवत्ता सुधार के लिए नई पहल स्टेज पासिग विषयक एक राष्ट्रीय राज्य गुणवत्ता समन्वयक कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें ग्रामीण सड़कों की गुणवता सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, आगामी पीएमजीएसवाई-4 कार्यों में अपनाई जाने वाली स्टेज पासिग व्यवस्था पर विशेष विमर्श किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से कहा कि स्टेज पासिग प्रणाली, कार्यो में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में प्रभावी सिद्ध होगी। संयुक्त सचिव (आरसी) एवं महानिदेशक, एनआरआईडीए, अमित शुक्ल ने कहा कि पीएमजीएसवाई कार्यों में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और यह प्रणाली मौजूदा गुणवत्ता तंत्र को और अधिक सुदृढ़ करेगी। उत्तराखंड सरकार की सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, राधिका झा ने यूआरआरडीए द्वारा विकसित निरीक्षण एप की जानकारी दी, जिसके माध्यम से अवर अभियंता से लेकर मुख्य अभियंता स्तर तक की निरीक्षण गतिविधियों की निगरानी की जा सके। उन्होंने भारत सरकार को आश्वस्त किया कि उत्तराखंड राज्य अच्छी गुणवत्ता वाली सड़क निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक द्धपी थ्रीऋ, एनआरआईडीए, डा. आईके पाटेरिया, ने कार्यशाला में अपनी टीम के साथ पीएमजीएसवाई में गुणवत्ता निगरानी प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान, स्टेज पासिग प्रणाली के लिए विकसित किए जा रहे मोबाइल एप का डेमो भी प्रस्तुत किया गया। जिससे इस प्रणाली के क्रियान्वयन में तकनीकी सहूलियत होगी। कार्यशाला में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यूआरआरडीए, हिमांशु खुराना एवं मुख्य अभियंता, यूआरआरडीए, एसके पाठक सहित देशभर से आए राज्य गुणवत्ता समन्वयकों ने भाग लिया और गुणवत्ता के मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

## सामूहिक प्रयास से बचानी होगी धरा: गजेंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह ने कहा कि पृथ्वी के संसाधनों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक न करें और सामूहिक प्रयास से हम स्थिति तंत्र और जैव विविधता को बचा सकते हैं।



नगर मजिस्ट्रेट ने यह बात एसएएम इंटर कालेज में अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर महिला संस्था परचम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल को पूरी दुनिया में मनाया जाता है यह कैलेंडर की सिर्फ एक तिथि मात्र नहीं है यह पूरे संसार को याद दिलाने का आह्वान है कि वह पृथ्वी के संसाधनों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक न करें। अध्यक्षता करते हुए पर्यावरणविद प्रोफेसर एस के उपाध्याय ने कहा कि ग्रीन हाउस गैसों के तेजी से बढ़ने के कारण धरती को सांस लेने में कठिनाई हो रही है धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है हमें अपनी जीवन शैली बदलनी होगी। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व हम सबका है। माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष व तरुण भारत संघ के सदस्य रजनीश चौहान ने कहा कि हमारे पर्यावरण के प्रति लापरवाही और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन ने भूमि को बंजर कर दिया है मनुष्य अपना लालच कम कर दे तो सभी को इन संसाधनों को इस्तेमाल करने का अवसर मिलेगा। एस ए एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय गुप्ता ने कहा कि जिस तरह मनुष्य ने पेड़ को काट के हरियाली को खत्म किया है उसे वापस लाना होगा और पेड़ लगाने होंगे। एनसीसी के चीफ कमांडर ब्रिजेश पुंडीर ने कहा कि जैविक खेती को बढ़ावा देकर पृथ्वी को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम संयोजिका डा. कुदसिया अंजुम ने कहा कि जिस पृथ्वी को बनने में करोड़ों वर्ष लगे उसे हमने कुछ ही दशकों में बर्बाद कर दिया।

इस दौरान मुबाशिरा, राजबीर सिंह यादव, योगाचार्य डी एस राणा, मुनव्वर, सीमा, बुशरा, फरजाना शेख व पवन राणा आदि मौजूद रहे। संच. ालन साजदा शाहिद ने किया।

## कोमल को यूपीएससी में मिला छठां स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद के ग्राम नठौड़ी के किसान परिवार की होनहार बिटिया कोमल पूनिया ने यूपीएससी की परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष 2024 में इसी बिटिया ने आईपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और अब 1 साल बाद देश की सर्वोच्च प्रतिष्ठित परीक्षा में सिलेक्शन हुआ है।



राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव चौधरी धीरसिंह ने जानक. ारी देते हुए बताया कि ग्राम नठौड़ी के किसान रणबीर पूनिया एवं उनकी पत्नी गृहणी पदमा पूनिया की दो बेटियां और एक बेटा है। बड़ी बेटी ऋतिका विवाहित है एवं अध्यापिका है । बेटा विश्वेंद्र पूनिया रुड़की आईआईटी में प्रोफेसर है। आज कोमल पूनिया के आईएएस में सलेक्ट होने पर केवल ग्राम नठौड़ी ही नहीं, जनपद ही नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खुशी की लहर है। कोमल बिटिया ने समाज एवं जनपद का नाम रोशन किया है।

बिटिया एवं उसके परिवार को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आजकल बिटिया कोमल आईपीएस की ट्रेनिंग ले रही है।

# कान्हा गौशाला ने बनाया विश्व रिकार्ड

**सहारनपुर।** 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्डर्स' ने नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला को सर्वाधिक गौ-उत्पाद निर्मित करने के लिए 'विश्व रिकॉर्ड' से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्राप्त करने वाली निगम की यह गौशाला देश ही नहीं समूचे विश्व की प्रथम गौशाला बन गयी है। गौशाला के वरिष्ठ प्रभारीध्मुख्य अभियंता बी के सिंह, गौशाला प्रभारीध्पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा तथा अपर नगरायुक्त राजेश यादव व मृत्युंजय ने नगरायुक्त शिपू गिरि को कान्हा गौशाला को प्राप्त विश्व रिकॉर्ड प्रमाण पत्र भेंट किया। इस उपलब्धि पर महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरि ने हर्ष व्यक्त करते हुए निगम की टीम को बधाई दी हैं। वरिष्ठ प्रभारी गौशाला बी के सिंह ने बताया कि नगर निगम की मां शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला द्वारा 25 गौ-उत्पादों के साथ फरवरी 2025 में विश्व रिकार्ड के लिए आवदेन किया था। हालांकि अब निगम गौशाला में करीब 30 गौ उत्पाद बनाये जा रहे हैं। इन उत्पादों में दूध, घी व छाछ के अलावा गोबर से प्राकृतिक पेंट, वर्मी कम्पोस्ट, दिए, गणेश-लक्ष्मी व शिव की प्रतिमा, गाय बछडे़ की मूर्ति, ओइ्म, स्वास्तिक, धूप बत्ती, हवन स्टिक, उपले, गौ-काष्ठ, प्राकृतिक गुलाल, पंचगव्य साबुन, सम्भ्रानी कप, राखी, नेम प्लेट, तोरणद्वार, तिरंगा चेष्ट बैज, कमल का फूल तथा बायो गैस और गौमूत्र से गौ-अर्क व गोनाइल (फिनाइल) आदि शामिल हैं। गौशाला प्रभारीध्पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्डर्स' के पास डेढ़ सौ से अधिक देशों के विभिन्न क्षेत्रों में वर्ल्ड रिकॉर्ड संग्रहित हैं। उन्होंने बताया कि यह सम्मान प्राप्त करने वाली निगम की यह गौशाला देश ही नहीं समूचे विश्व की प्रथम गौशाला बन गयी है।

## पोप फ्रांसिस को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ईसाई समाज के लोगों ने पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देते हुए प्रार्थना की।

नवीन नगर स्थित शांति निकेतन में आज सुबह प्रार्थना सभा की गई। फादर मैथ्यू नरेश ने बताया पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हुआ। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे लेकिन उन्होंने गरीब ईसाई परिवारों के लिए बड़े-बड़े कदम उठाए जिससे वह गरीबी रेखा से ऊपर उठ सके। विश्व में ईसाई समाज के वह संत और धर्म आचार्य जाने जाते थे। पोप फ्रांसिस ने अपने कार्यकाल में ईसाई समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा और रोजगार और स्वास्थ्य इन सब पर भी पूर्ण जोर काम किया। उनके निधन से पूरे विश्व में शोक की लहर दौड़ रही है। इस मौके पर एमसी सिस्टर रिचर्डन, एमसी सिस्टर मेरी विनीता, एमसी सिस्टर स्वर्णा लता, सिस्टर रोज लीला, सिस्टर सरिता, सिस्टर मारीबेथ, सोनिया, कैथरीन, रुबीना, अग्नेस, रामकली, रजनी, मंजू लता, खुशबू, सुशीला आदि मौजूद रहे।

## कार्रवाई की मांग

**सहारनपुर।** दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने पर पीड़ित से मारपीट करने और मुकदमे में फैसला न करने पर जान से मारने की धमकी देने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर एक शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित शहजाद पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मौहल्ला रमजानपुर रसूलपुर निकट असगरी मस्जिद आज अपने परिजनों के साथ पुलिस लाइन स्थित एसएसपी कार्यालय पहुंचा और बताया कि उसकी पुत्री सानिया की शादी फरहान पुत्र फारूक के साथ विगत 25 जुलाई 2022 को हुई थी। परिजनों का आरा. ेप है कि ससुराल वाले दहेज के लिए उनकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे और 23 फरवरी 2025 को उसकी हत्या कर दी थी।

# बिल भुगतान के नाम पर धनराशि की डिमांड

### नगर पालिका सरसावा में पंजीकृत ठेकेदार ने डीएम व कमिश्नर से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** नगरपालिका सरसावा के पंजीकृत एक ठेकेदार ने पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पर टेंडर के बिल भुगतान करने के नाम पर रुपए मांगने के आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी एवं कमिश्नर मंडल के कार्यालय में लिखित शिकायत देकर उसके रुपए दिलाए जाने की गुहार लगाई। बिल भुगतान न होने पर जल्द परिवार सहित पालिका कार्यालय के सामने आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।



सरसावा नगर पालिका के चेयरमैन प्रतिनिधि पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप नगर के रहने वाले ठेकेदार रोहित कुमार ने बताया कि वह नगर पालिका सरसावा में पंजीकृत ठेकेदार हैं। उन्होंने पालिका 2024 में 6 कार्य किए थे। उनके बिल अवर अभियंता के द्वारा बनाए गए हैं. जिनमें दो कार्य 4 नवंबर 2024 के हैं तथा शेष चार कार्य 12 जनवरी 2025 के हैं। जिनके बिल पर अवर अभियंता के हस्ताक्षर व मोहर भी लगी हुई हैं।बावजूद इसके पालिका अध्यक्ष द्वारा बिल पर न हस्ताक्षर न हीं भुगतान किया जा रहा है। सोमवार को पीड़ित ठेकेदार रोहित ने जिलाधिकारी व कमिश्नर कार्यालय पहुंच शिकायती पत्र देते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों के भुगतान की एवज में चेयरमैन प्रतिनिधि उनसे पैसों की मांग कर रहे हैं उनका भुगतान करीब 25 से 30 लाख रुपए का है जो कि नहीं किया जा रहा है जिसकी वजह से उनके सामने आर्थिक तंगी खड़ी हो गई है साथ ही मानसिक रूप से भी उनका उत्पीड़न हो रहा है उन्होंने डीएम व कमिश्नर से पूरे मामले में कार्रवाई करने तथा भुगतान कराए जाने की मांग की है। पीड़ित ठेकेदार ने कहा है कि अगर उनकी मानसिक स्थिति को ऐसे ही अध्यक्ष प्रतिनिधि चोटिल करते रहे और उनके कार्यों का भुगतान जल्द नहीं हुआ तो वह पालिका के सामने अपने परिवार सहित आत्महत्या करने को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष तथा उनके पति प्रतिनिधि राजू पवार की होगी।

इस संबंध में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू पंवार से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने ठेकेदार द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जल्द ही ठेकेदार की के बिलों का भुगतान कराया जाएगा।

## एक नजर

### सरकारी जर्नल में प्रकाशित हुआ डा. दीपिका का शोध कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक डा. दीपिका पी. जोशी, सह प्राध्यापक भौतिक विज्ञान, एवं शोध छात्रा नीतू बोरा ने थर्मल ऊर्जा भंडारण के लिए SiO2@Cu पैराफिन मिश्रण सामग्री का सफलतापूर्वक संश्लेषण किया है। यह शोध कार्य हाल ही में भारत के पेटेंट कार्यालय, नई दिल्ली के सरकारी जर्नल में 5 जुलाई 2025 को प्रकाशित किया गया है। इस शोध का उद्देश्य थर्मल ऊर्जा के कुशल भंडारण हेतु एक नवीन, प्रभावशाली व पर्यावरण-अनुकूल सामग्री विकसित करना है। संश्लेषित SiO2@Cu कोर-शेल नैनोपार्टिकल्स युक्त पैराफिन मिश्रण उच्च विशिष्ट सतह क्षेत्र और उत्कृष्ट थर्मल चालकता के कारण ऊर्जा को लंबे समय तक संग्रहित करने की क्षमता रखता है। यह मिश्रण विशेष रूप से सौर वायु/जल हीटिंग सिस्टम जैसे अनुप्रयोगों में थर्मल ऊर्जा भंडारण के लिए उपयुक्त साबित हो सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इस सामग्री की निर्माण प्रक्रिया सरल, कम लागत वाली और पर्यावरण हितैषी है।



### कोटद्वार रवाना हुए ऊर्जा कामगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड ऊर्जा कामगार संगठन बागेश्वर शाखा के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य कोटद्वार रवाना हुए। कोटद्वार में आयोजित होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी होंगी। दो दिवसीय सम्मेलन में कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर विचार विमर्श करने के साथ साथ केंद्रीय कार्यकारिणी हेतु चुनाव में भी प्रतिभाग करेंगे। विद्युत विभाग के कर्मचारी मंगलवार को कोटद्वार के लिए रवाना हुए। यहां आयोजित होने जा रही दो दिवसीय कर्मचारी सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। कर्मचारियों ने बताया कि सम्मलेन में विधान सभा अध्यक्ष के सम्मुख वे अपनी समस्याओं को रखेंगे। साथ ही आने वाले दिनों में केंद्रीय कार्यकारणी का चुनाव होना है। जिसमें कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विश्व पृथ्वी दिवस जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया। विभिन्न स्कूलों और संस्थानों ने कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अटल उत्कृष्ट पदम सिंह परिहार राइंका वज्यूला में हमारी धरती, हमारी शक्ति थीम पर पेंटिंग, भाषण और कविता प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रधानाचार्य दीपक आर्य ने छात्रों को पृथ्वी को स्वच्छ और संरक्षित रखने की शपथ दिलाई। वन विभाग ने इंटर कॉलेज हड़बाड़ में शिविर लगाकर ग्रामीणों को वनों की सुरक्षा की शपथ दिलाई। रासेयो अधिकारी शिवबरन राजपूत ने पर्यावरणीय जागरूकता अभियानों की सराहना की। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विकास भवन से महिलाओं के साथ जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे सचिव जज जयेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पेड़ लगाने, जल संरक्षण और पर्यावरण रक्षा का संदेश दिया गया। साथ ही जज जयेंद्र सिंह की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण पर गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें महिलाओं को कानूनी अधिकारों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह व पोक्सो एक्ट संबंधी जानकारी दी गई।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस टीम द्वारा न्यायालय काशीपुर से जारी वारंटों के अनुपालन में आज वारंटी लीलाधर जोशी पुत्र मोहन चन्द्र जोशी निवासी द्वारिका विहार रम्पुरा काशीपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में निरीक्षक अमर चन्द्र शर्मा, उपनिरीक्षक गिरीश चन्द्र व कांस्टेबल गिरीश मठपाल थे।

### दो स्थानों पर भूसे के ढेर में लगी आग

**काशीपुर।** दो अलग-अलग जगह खेत में रखे भूसे में आग लग गई। जिसे फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर बुझाया। सोमवार सायं ग्राम परमानंदपुर में एक खेत में रखे गेहूं के भूसे में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर यूनिट ने आग को बुझाया। उसके बाद सूचना मिली कि ग्राम जैतपुर में भी एक खेत में रखे भूसे के ढेर में आग लग गई। सूचना पर एक फायर यूनिट मौके के लिए रवाना की गई और आग पर काबू पाया गया। दोनों स्थानों पर आग बुझाने तक भूसा जल गया था लेकिन आग को बढ़ने से रोका गया।

### पुलिस ने हटवाया अस्थाई अतिक्रमण

**काशीपुर।** नगर निगम क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण को हटाते हुए पुलिस टीम द्वारा पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र रेंज स्तर चलाए गए बाजार क्षेत्र में चेकिंग अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर व पुलिस अधीक्षक काशीपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी काशीपुर के नेतृत्व में कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र काशीपुर में तहसील रोड, पुरानी सब्जी मंडी, बांसफोड़ान क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए दुकानदारों, फड़, रेहड़ी वालों द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया तथा पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। अतिक्रमण करने वालों को रोड पर भविष्य में अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई।

# मेडिकल कालेज से दवाई लेकर कोटाबाग पहुंचा ड्रोन

## दूरस्थ क्षेत्रों में मेडिकल सामग्री भेजना हुआ आसान, स्वास्थ्य मंत्री की एक और पहल लाई रंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। मेडिकल कॉलेज से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटाबाग के बीच ड्रोन सेवा का सफल डेमोन्स्ट्रेशन किया गया। करीब 40 किलोमीटर की दूरी ड्रोन ने कुछ ही मिनटों में पूरी कर 5 किलोग्राम मेडिकल सामाग्री को अपने गंतव्य तक पहुंचाया। इस सफल उड़ान के साथ ही प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत की एक और पहल रंग लाई है। जिसके माध्यम से अब प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में मेडिकल सुविधाएं आसानी से उपलब्ध कराई जा सकेगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य डा. अरूण जोशी ने बताया कि प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री



डा. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज ने एक और उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज परिसर से आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटाबाग के बीच ड्रोन सेवा का सफल डेमोन्स्ट्रेशन किया गया। इस दौरान ड्रोन ने लगभग पांच किलो मेडिकल सामाग्री को अपने गंतव्य तक सफलतापूर्वक पहुंचाया। डा. जोशी ने बताया कि भारत सरकार के प्रोजेक्ट ड्रोन दीदी के तहत सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक के माध्यम से मेडिकल सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। ड्रोन सेवा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका लाभ सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से 3 से 5 किला. ग्राम तक मेडिकल सामग्री पहुचायी जा सकती है। ड्रोन की मदद से दुर्गम क्षेत्रों के सीएचसी सेंटरों में आपातकालीन व आपदा के समय विशेष दवाओं को कम समय में भेजना आसान हो जायेगा। प्राचार्य डा. जोशी ने बताया कि सरकार की मंशा चिकित्सा सेवा में ड्रोन सेवा का जल्द से जल्द सुचारू रूप से संचालन की है ताकि ड्रोन सेवा का सर्वाधिक लाभ उन क्षेत्रों को मिले, जहां परिवहन की सुविधा उपलब्ध नही है। साथ ही सुदूरवर्ती क्षेत्रों के चिकित्सा इकाई से मेडिकल कॉलेज में आने वाले ब्लड सेंपल की जांच कर रिपोर्ट ड्रोन के माध्यम से भेजी जा सके। उन्होंने बताया कि भविष्य में अन्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी ड्रोन सेवा शुरू करने की योजना है, जहां परिवहन की सुविधा उपलब्ध नही है, उन क्षेत्रों में यदि किसी मरीज को आपातकालीन व आपदा में ब्लड, दवाईयों आदि की आवश्यकता होगी तो ड्रोन सेवा के माध्यम से मेडिकल सामाग्री उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने आशा जताई कि ड्रोन सेवा के विस्तार होने से मेडिकल चिकित्सकीय सुविधाओं में इजाफा होगा, जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा।

> सूबे में आम लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटाबाग के बीच ड्रोन का सफ़ल डेमोन्स्ट्रेशन किया गया। अब ड्रोन के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में मेडिकल सामग्री पहुंचाने में आसानी होगी, खासकर आपात स्थिति में यह खासा कारगर साबित होगा।
>
> **-डा. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

# प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा है। एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है और सरकार के दावे शिक्षा विभाग की ही रिपोर्टों में झूठे साबित हो रहे हैं। डा. उपाध्याय ने कक्षा एक में प्रवेश के लिए छह वर्ष की न्यूनतम आयु सीमा को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस नियम के कारण बड़ी संख्या में बच्चे दाखिले से वंचित हो रहे हैं, जिससे पहले से कम नामांकन वाले सरकारी स्कूलों में संकट और गहरा गया है। शिक्षक संगठन इस नियम में संशोधन की



मांग पहले ही कर चुके हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस नियम को लागू कर रहे हैं, जबकि सरकारी स्कूलों में किताबें अब तक नहीं पहुंची हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही चरम पर है और मंत्री किसी भी विभाग को ठीक से नहीं संभाल पा रहे।

# पीजी कॉलेज में समस्याओं के निराकरण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** राजकीय महाविद्यालय दन्या और धौलादेवी की समस्याओं को लेकर उत्तराखंड छात्र संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी

## छात्र संगठन ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

आलोक कुमार पांडे से मुलाकात कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। छात्रों ने कहा कि यदि सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो उन्हें आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

राजकीय महाविद्यालय दन्या उत्तराखंड छात्र संगठन की संयोजक सोना खनी एवं उत्तराखंड छात्र संगठन अल्मोड़ा की संयोजक भावना



पांडे के नेतृत्व में क़रीब एक दर्जन छात्रों ने जिलाधिकारी कार्यालय में मुलाक़ात कर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि राजकीय महाविद्यालय दन्या में दूर दराज के गांवों से छात्र-छात्राएं आती है जिनके लिए वहां बैठने तक की व्यवस्था नहीं है, महाविद्यालय में पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं तथा छात्रावास न होने से दूर दराज से पहुंचने वाले छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने कहा कि उनकी मुख्य समस्या राजकीय महाविद्यालय दन्या का भवन निर्माण समय से पूरा न होने की है। उन्होंने मांग की कि सरकार भवन निर्माण को तत्काल पूर्ण कराए। इन मांगों के साथ जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में महाविद्यालय द्वारा पिछले सेमेस्टर का परिणाम तत्काल घोषित करने, छात्रों को अंकतालिका उपलब्ध कराने, वर्षों से लटके भवन निर्माण का कार्य तत्काल पूर्ण करने, महाविद्यालय में छात्रों के 75 फीसदी उपस्थिति की अनिवार्यता से पहले ग्रामीण छात्रों के सामने आने वाली विषम परिस्थितियों का निराकरण करने, महाविद्यालय में छात्रों के प्रवेश हेतु अक्नलाइन सुविधा प्रदान करने, विज्ञान वर्ग के लिए अब तक प्रयोगशाला का निर्माण न होने की कमी दूर करने की मांग की। ज्ञापन में विषय वार शिक्षकों की स्थाई नियुक्ति करने की मांग भी की गई। प्रतिनिधि मंडल में शामिल युवाओं ने कहा कि वे शिक्षा को व्यापार बनाने की नीतियों का विरोध करते हैं और सबको समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था होनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में उछास एवं दन्या महाविद्यालय की छात्रा सोना खनी, कविता बोरा, प्रियंका, अल्मोड़ा से भावना पांडे, हेमा, विनीता, दीपांशु पांडे, सोनी मेहता, मयंक कुमार, मुस्कान कैड़ा आदि लोग शामिल रहे।

### ट्रामा सेंटर में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** चोरों ने सोमवार की रात जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में सेंधमारी की। यहां लगे ऑक्सीजन प्लांट के 14 कॉपर के तार चुराकर ले गए। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच शुरू कर दी है। कहा कि जल्द आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। बता दें कि सोमवार की रात अज्ञात चारों ने ट्रामा सेंटर में घुसकर चोरी की गई है। यहां ऑक्सीजन प्लांट में लगे 14 कॉपर के तार चोरी कर लिए। तार चोरी होने से प्लांट ठप पड़ा हुआ है। प्रभारी सीएमएस एएन शर्मा ने मंगलवार को घटना की लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद सीओ अजय लाल साह, कोतवाल कैलाश नेगी, एसएस आई खष्टी बिष्ट दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। मामले की जांच तेज कर दी है।

# बकरी खेत में जाने पर दरांती मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** बकरी खेत में आने पर बुजुर्ग महिला ने पड़ोसी के सिर में दराती से मारा। घायल के सिर में तीन

## बुजुर्ग महिला लहूलुहान, सिर में 15 टांके आए

जगह गंभीर चोट ऐसी है। घायल को ग्रामीण लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल लाए। यहां उनके सिर में 15 टांके लगाकर मरहम पट्टी की गई है। बता दें कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे मनकोट निवासी महिला 60 वर्षीय विमला देवी पत्नी हरीश चंद्र चौबे घर के पास खेतों में चारा पत्ती काटने को जा रही थी। महिला के साथ उसका पालतू बकरी



का बच्चा भी खेत में आ गया। जो कुछ देर के लिए पड़ोसी के खेतों में चला गया। बकरी के बच्चे को खेतों में आता देख पड़ोसी बुजुर्ग महिला देवकी देवी तथा उनका पोता दयाल सिंह ने पहले बकरी के बच्चे को मारने लगे। पीड़ित द्वारा मना करने पर बुजुर्ग महिला ने विमला देवी के सिर में उलटे दराती से तीन चोट मार दी। घायल के चिल्लाने के बाद दादी और पोता मौके से भाग निकले। किसी तरह महिला गांव में पहुंची। उन्होंने सभी गांव वालों को अपनी आपबीती सुनाते ही बेहोश हो गई। ग्रामीण महिला को तत्काल जिला अस्पताल लाए। इधर डाक्टर प्राची यादव के नेतृत्व में महिला का प्राथमिक उपचार हुआ। जिसके बाद महिला को डाक्टर यादव द्वारा सिर ने गंभीर चोट होने की शंका जताते हुए सीटी स्कैन करने की सलाह दी। पीड़ित महिला ने बताया कि उनका पति और बेटा हल्द्वानी में रहते है। वे घर में अकेली है। उन्होंने खुद के जानमाल को खतरा बताते हुए पुलिस में तहरीर देने की बात कही। हालांकि देर शाम तक पुलिस में पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई थी। घटना की सूचना पीड़ित महिला द्वारा अपने पति व बेटे को भी दे दी है।

# शिवकाली मंदिर में सुंदरकांड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनचौकी नाले के डायवर्जन कार्य शुरू होने और जिलाधिकारी वंदना सिंह द्वारा समयबद्ध पूर्णता का आश्वासन मिलने पर गैरवैशाली क्षेत्र के जलभराव से प्रभावित लोगों ने मंगलवार को शिवकाली धाम मंदिर में सुंदरकांड



पाठ का आयोजन कर आभार जताया। ज्ञात हो कि नाले की निक. ासी न होने के कारण बरसात में करीब 16 कालो. नियों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती थी। पिछले वर्ष जुलाई में देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड ऑडिट ऑफिसर रमेश चंद्र पांडे के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने आंदोलन किया था, जिसके बाद 16 अप्रैल से बहुप्रतीक्षित डायवर्जन कार्य शुरू हुआ। इस मौके पर हाल ही में विवाह बंधन में बंधे संजय परगांई और सीमा परगांई मुख्य यजमान बने। संगीत मंडली द्वारा सुंदरकांड और भजनों की प्रस्तुति से भक्तिमय माहौल रहा। अध्यक्ष रमेश पांडे ने इसे प्रभु श्रीराम की कृपा और सामूहिक संघर्ष का परिणाम बताया। सभी ने जिलाधिकारी, विधायक बंशीधर भगत और नगर प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# समर स्टडी में मनाया अर्थ-डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल विद्यालय में अर्थ डे पर विद्यालय मे विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर बच्चों को अंतराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के बारे

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

जागरुक किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, भाषण और कविताओं के माध्यम से पृथ्वी माता को बचाने का संदेश दिया गया। स्कूल की अध्यक्षा मुक्ता सिंह ने पृथ्वी दिवस के महत्व को बच्चों को बताते हुए कहा कि कागज का कम से कम प्रयोग करें अपने आस पास हमेशा साफ सफाई रखें अधिक से अधिक पौधे लगायें दांत साफ करते समय कम से कम नल चलायें।



प्रार्थना सभा के उपरान्त कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं द्वारा जन जागरुकता अभियान चला कर विद्यालय के आस पास के क्षेत्र कुण्डेश्वरी चौराहा, महाराणा प्रताप चौक काशीपुर आदि में नुक्कड़ सभा कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक किया गया। महाराणा प्रताप चौक पर काशीपुर महापौर दीपक बाली ने सभी बच्चों का स्वागत कर नुक्कड़ सभा का शुभारम्मभ किया। नुक्कड़ सभा के माध्यम से बच्चों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनुज भाटिया, स्कूल सचिव अनुराग कुमार सिंह, मुकेश चावला, बिट्टू राणा, अनिता तिवारी, सुमन खंसाली, सुमित बिष्ट, गीता भारद्वाज एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित थे।

# मिनी गोल्फ की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में आईएमटी की दो छात्राओं का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट



एंड लॉ कॉलेज लगातार हर क्षेत्र में अपने नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। संस्थान की बीकॉम (ऑनर्स) षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी कल्पना चौहान एवं बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कुमारी खुशबू का चयन मिनी गोल्फ महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु हुआ है। उक्त दोनों छात्राएं आगामी 25 से 27 अप्रैल में राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इससे पूर्व संस्थान के प्रांगण में विगत दिवस कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर नागेंद्र शर्मा की देखरेख में टीम का चयन संपन्न हुआ। इस चयन प्रक्रिया में कुमाऊं विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया, यूजी प्राचार्य डॉक्टर निमिषा अग्रवाल सहित समस्त निद. ेशकगण, प्राचार्य, फैकल्टी एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डीएम ने क्वारब स्लाइडिंग जोन कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में पर्यटन सीजन का लेकर मंगलवार को डीएम ने अधिक. ारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने पर्यटक स्थलों में पार्किंग और यातायात व्यवस्था को पुख्ता रखने के निर्देश दिए। वहीं, क्वारब स्लाइडिंग जोन में चल रहे सुधारात्मक कार्य की भी समीक्षा की। कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और कार्यो को तेजी से करने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम आलोक कुमार पांडे ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हमारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद होनी चाहिए। कहा कि पर्यटन सीजन में पर्यटकों की सुविधाओं का खयाल रखना होगा। इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटक स्थलों समेत जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाए। इसके अलावा



जागेश्वर धाम की व्यवस्थाओं के लिए उन्होंने धाम में सफ़ सफ़ाई नियमित करने, पार्किंग की व्यवस्था सुदृढ़ हो और शौचालय आदि के लिए पर्यटकों को परेशानिया ना हो व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। सोमेश्वर में आने वाली जाम की समस्या का भी डीएम ने संज्ञान लिया। उन्होंने पुलिस एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि जाम का समाधान करने को वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सड़क मार्ग के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश संबंधितों को दिए। यहां बैठक में डीएफओ दीपक सिंह, अधीक्षण अभियंता लो. निवि जेएस ह्यांकि, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश सिंह खत्री समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मेयर बाली ने सीएम से की मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक पत्र भेजकर धनौरी जैतपुर मार्ग को दुरुस्त करवाने का अनुरोध किया है। सीएम धामी को भेजे गये पत्र में महापौर दीपक बाली ने केला मोड़ से भल्ला स्कूल तक मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर उनका आभार जताया है। वहीं महापौर दीपक बाली ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया है कि धनौरी जैतपुर मार्ग पर अवशेष निर्माण कार्य भीमनगर होते हुये जैतपुर मोड़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाले मार्ग की हालत अत्यन्त ही खराब होने के कारण मार्ग के दोनों ओर निवासरत जनता काफी



परेशानी में है। इस मार्ग के सुधारीकरण के लिए स्थानीय जनता तथा विभिन्न संगठनों एवं अन्य स्तर से पत्र के माध्यम से इस मार्ग के दिन भी बदलने की मांग लगातार मेरे माध्यम से आप तक रखे जाने और स्वीकृत कराने हेतु की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर भारत का सबसे प्रतिष्ठित संस्थान आईआईएम भी मुख्य मार्ग पर स्थित होने एवं भारत सरकार के जीएसटी कार्यालय संचा. लित होने के साथ-साथ अनेकों शासकीय कार्यालय व एआरटीओ कार्यालय का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस मार्ग के निर्माण की स्वीकृति दिये जाने का अनुरोध किया है।

# विकास कार्यों के लिए दिए 25 लाख रुपये

## कैबिनेट मंत्री रेखा ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के आधा दर्जन गांवों में जनता की समस्याओं की सुनवाई की और इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 25.5 लाख रुपये विधायक निधि से देने का ऐलान भी किया। इस धनराशि से सड़क, पेयजल, बिजली लाइन और अन्य कई कार्य किए जाने हैं। मंगलवार को मंत्री रेखा आर्या ने सबसे पहले सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महतगांव स्थित मां कालिका मंदिर परिसर में जन बैठक कर जनता की समस्याओं पर सुनवाई की। इस दौरान लोगों ने पेयजल, सड़क पक्की करने, राशन कार्ड, स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने जैसी समस्याएं उठाई। इनमें से कई समस्याओं का अधिकारियों को निर्देशित कर मौके पर समाधान कराया, बाकी समस्याओं पर जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मंदिर में सौन्दर्यीकरण कार्यों के लिए विधायक निधि से 3 लाख रुपये और महिलाओं के समूह को रोजगार कार्य करने के लिए ढाई लाख रुपए देने का ऐलान किया। इसके बाद सुतर गांव में जन बैठक कर लोगों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर मंत्री रेखा आर्या ने गांव के भैरव मंदिर में नवनिर्माण के लिए 2.50 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। साथ ही गांव की अनुसूचित जाति बस्ती में गोलू मंदिर में निर्माण कार्य के लिए 2लाख रुपये, गांव ककलना में कत्यूर देवता मंदिर में स्थल विकास



के लिए 2.5 लाख रुपए और इसी गांव के कालिका मंदिर के रास्ते के निर्माण के लिए 1.5 लाख स्वीकृत किये। इसके बाद बूथ कुवाली क्षेत्र में शिव मंदिर व शनि मंदिर में निर्माण के लिए 1.5 लाख, पाखुला पेयजल लाइन के लिए 1.5 लाख रुपए, वूंगा रोड निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपए और हरज्यू मंदिर लिलाड़ी के सौंदर्यीकरण के लिए विधायक निधि से 2 लाख रुपय स्वीकृत किए। इसके साथ ही कुवाली के श्री बद्रीनाथ मंदिर में भी सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपय स्वीकृत किए। दोपहर बाद मंत्री ने ग्राम पागसा में बैठक कर श्मशान घाट मार्ग निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपये और गांव में रेलिंग लगाने के लिए 1.5 लाख रुपये देने की घोषणा की। यहां भाजपा जिला मंत्री दीपक कन्नू साह, मंडल अध्यक्ष दीपक बोरा, भुवन जोशी, दीवान सिंह, बलवंत सिंह, हेम पांडे, नरेंद्र बिष्ट, मंटू वर्मा, राज अधिकारी, हेमंत आर्य, रामू रावत, दिनेश वर्मा आदि रहे।

# मेयर ने दी सड़कों की सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने करीब 28 लाख रुपए की लागत से बनने वाली कई सड़कों का फिर शिलान्यास किया। महापौर निष्पक्ष भाव से सभी क्षेत्रों में नाली सहित सड़कों का निर्माण करा रहे हैं। उन्होंने गत दिवस अल्लीखां क्षेत्र में भी दो सड़कों का शिलान्यास किया था, जिससे मुस्लिम पार्षद भी खुश है और उनका कहना है कि विकास कार्य करने में महापौर श्री बाली कोई भेदभाव नहीं बरत रहे। उन्होंने मुस्लिम क्षेत्रों में और भी अनेक सड़कें पास की है। महापौर दीपक बाली ने आज वार्ड नंबर 1 गड्ढा कॉलोनी में, वार्ड नंबर 12, वार्ड नंबर 13 में नाली सहित सड़कों का शिलान्यास किया। शिलान्यास अवसरों पर पार्षद बीना देवी, गुंजन प्रजापति, अब्दुल कादिर, राशिद फारुकी, शक्ति केंद्र संयोजक प्रकाश नेगी, बृजेश सैनी, मंडल अध्यक्ष कल्पना राणा, बूथ अध्यक्ष प्रदीप सिंह अजय कुमार, अशोक सैनी, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समरपाल सिंह पूर्व पार्षद देव प्रजापति, राजीव चौहान, उषा रानी, पूर्व तहसीलदार मनोरथ लखचौरा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# खेल भावना के साथ जीवन का लक्ष्य हासिल करें खिलाड़ीः भट्ट

## जुजित्सु इंडिया का राष्ट्रीय रेफरी परीक्षा एवं सेमिनार का भव्य उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जुजित्सु एसोसियेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 22 से 28 अप्रैल तक एक सप्ताह का राष्ट्रीय रेफरी एवं राष्ट्रीय कोच का नेशनल सेमिनार का उद्घाटन हल्द्वानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम मे हुआ। पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद नैनीताल अजय भट्ट ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि देश भर के 18 राज्यों से हल्द्वानी आए राष्ट्रीय रेफरियों एवं प्रशिक्षकों का स्वागत करते हैं। उन्होंने इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एव सेमिनार को उत्तराखंड में कराने के लिए आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने राज्य की नई खेल नीति की सराहना करते हुए कहा कि




उत्कृष्ट खेल नीति के कारण ही राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने पदकों का सैकड़ा पार किया जो एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उन्होंने खेल भावना से खिलाड़ियों को खेलते हुए लक्ष्य को अपने जीवन में लाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बिना लक्ष्य के पदक जीतना संभव नहीं। उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी ने राज्य सरकार से रेफरी और प्रशिक्षक जो निस्वार्थ भाव से बिना वेतन के कार्य करते हैं उनको भी सम्मानित पुरस्कार राशि एवं आर्थिक मदद करने की अपील भी की। उन्होंने जु जित्सू खेल के खिलाड़ियों को ओलंपिक संघ की तरफ से सभी मदद दिलाने का भी आश्वासन दिया। जुजित्सु एसोसियेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार जोशी ने सभी अतिथियों सहित देश भर के प्रति. निधियों का आभार जताया। जुजितसु एशियन यूनियन के मुख्य रेफरी थाईलैंड के रेफरी एपिचार्ट एवं सुमृद्धि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए भारत में स्वागत को अद्भुत बताया। उद्घाटन समारोह का संच. ालन एसोसियेशन के राष्ट्रीय निदेशक सतीश जोशी ने किया। उन्होंने बताया कि कल से इस राष्ट्रीय आयोजन का विधिवत संचालन होगा और 28 को समापन होगा। उद्घाटन समारोह के दौरान प्रभारी उप निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, चीफ कोच अश्विन हूँन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजेंद्र खरसोदिया, बालकृष्ण शेट्टी, ऋषिपाल भारती, नव्या पांडे, नीलेश जोशी सहित कई खिलाड़ी एवं कोच उपस्थित रहे।

## सांसद अजय भट्ट को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) के 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर नैनीताल-उधम सिंह नगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट को उनके आवास पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान परिषद के उत्तराखंड अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव अशोक गुलाटी के नेतृत्व में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार व समाजसे. `वी उपस्थित रहे। परिषद हर वर्ष समाज सेवा एवं लोकप्रियता के आधार पर प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित करती है। सांसद अजय भट्ट ने भी पत्रकारों की भूमिका को सराहते हुए कहा कि वे स्वयं भी पत्रकारिता से जुड़े रहे हैं और सरकार पत्रकारों की सुरक्षा व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके मौलाना अब्दुल हमीद नूरी, मो. अनस, मो. नदीम, उर्वदत्त भट्ट, नरेंद्र राठौड़, अमन सिंह, शिव कन्याल, ललित बिष्ट, महेंद्र सिंह पोपली, ललित बिष्ट, सूरज बिष्ट सहित मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र शाही, उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला, सचिव सुनील शुक्ला, संरक्षक अक्षय बिष्ट रहे।

# छात्र परिवर्तन के वाहक हैं शिक्षकः प्रो. नगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में कौशल शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और भारतीय ज्ञान प्रणाली में

### विश्वविद्यालय की भूमिका पर कार्यशाला



विश्वविद्यालय की भूमिका विषयक एक दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हुई। यह कार्यक्रम भारतीय क्षण मंडल के 56वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के अनुरूप कौशल आधारित शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा और डिजिटल परिवर्तन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय में छात्र संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम निर्माण की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने उत्तराखंड के प्रति अपने विशेष लगाव को व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना गर्व की बात है। शिक्षक ही छात्र परिवर्तन के वास्तविक वाहक होते है और उनका योगदान शिक्षा व्यवस्था को जीवंत बनाता है। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन सचिव भारतीय शिक्षण मंडल बीआर शंक. रानंद ने कहा कि शिक्षा भयमुक्त होनी चाहिए और इसका उद्देश्य एक स्वस्थ, स्वायत्त और आत्मनिर्भर व्यक्ति का निर्माण होना चाहिए। अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट ने बताया कि विश्व. विद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कौशल शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली को शिक्षा की मुख्यधारा में लाने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में प्रो. जितेंद्र पांडे, प्रो. आशुतोष कुमार भट्ट, प्रो. डिगर सिंह फर्स्वाण, प्रो. मंजरी अग्रवाल, प्रो. अरविन्द भट्ट, डा. बालम दफौटी, डा. गोपाल, ललिता, डा. नीलिमा, डा. मनोज, रिया, डा. हिमानी आदि मौजूद रहे।

# खाली सिलेंडरों के साथ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तिको. निया स्थित बुद्धपार्क में अनोखे तरीके

### रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी पर जताया रोष

से प्रदर्शन किया। जिसके बाद एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। मंगलवार को राजेंद्र सिंह बिष्ट और राजेंद्र सुयाल के नेतृत्व में समस्त कार्यकर्ता खाली सिलेंडर और लकड़ी के चूल्हे के साथ बुद्धपार्क में एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अच्छे दिन आ गए हैं, अब हम फिर से चूल्हे पर लौट आए हैं। उन्होंने कहा सरकार ने गैस मूल्य वृद्धि



बढ़ाकर गरीब जनता पर बोझ तले दबा दिया है। उन्होंने सरकार से बढ़े हुए गैस दामों को अविलंब वापस लेने की मांग की है। राजेंद्र सिंह बिष्ट और राजेंद्र सुयाल ने कहा कि महंगाई अपने चरम पर है और रसोई गैस के दामों में वृद्धि ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो जनता आगामी निकाय चुनावों में इसका जवाब देगी। प्रदर्शन करने वालों में राजेंद्र खनवाल, ठाकुर चंद्र मोहन सिंह, इशाक खान, पीयूष पंत, पंकज चौसाली, राजेश वर्मा, नीरज कुमार, गोपाल कुमार, भगवान सिंह और संजय कर्नाटक सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कार की चपेट में आए अधेड़ की मौत

**हल्द्वानी।** बरेली रोड पर रविवार शाम एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 58 वर्षीय शहादत अली पुत्र शहंशाह निवासी पुलभट्टा, किच्छा के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, शहादत अली किसी काम से बरेली रोड स्थित बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल शहादत अली को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान रात में उन्होंने दम तोड़ दिया। इधर कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाई आवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंगलवार को शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को

### सामाजिक संगठनों ने पीएम को भेजा पत्र

लेकर कई सामाजिक संगठनों ने संयुक्त रूप से आवाज उठाई। दीप चंद्र पांडे के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने नगर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए हल्द्वानी की बढ़ती गंदगी, कचरा प्रबंधन की खराब स्थिति और पर्यावरण प्रदूषण पर गंभीर चिंता जताई। प्रतिनिधियों ने बताया कि



शहर में पालतू जानवरों के मल-मूत्र को खुले में छोड़ना, गीले व सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रह न करना, और अवैध रूप से कूड़ा जलाना जैसी समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। संगठनों ने हाल ही में नगर निगम द्वारा शुरू किए गए लेगेसी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बताते हुए तत्काल बंद करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर आयुक्त ऋचा सिंह जो पूर्व में सिटी मजिस्ट्रेट भी रह चुकी हैं, वर्ष 2021 में हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के विपरीत कार्य कर रही हैं। दीप चंद्र पांडे ने कहा स्वच्छ और हरित हल्द्वानी केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं, इसके लिए हर नागरिक को जिम्मेदारी निभानी होगी। प्रशासन को मौजूदा स्वच्छता नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए, तभी जनता भी नियमों का पालन करेगी। सभी संगठनों ने मिलकर स्वच्छ, हरित, प्रदूषण-मुक्त हल्द्वानी का नारा दिया और नागरिकों से भी स्वच्छता अभियान में भाग लेने की अपील की। प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई कर शहर को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा। इस अभियान में ब्राह्मण महासभा के विशाल शर्मा और विनोद पाठक, अखिल भारतीय समानता मंच की वैभवी जोशी, तथा हिंदू पहाड़ी सेना के हरीश रावत भी शामिल रहे।

# स्मार्ट मीटर तोड़ने वालों पर बरसे भगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं की और से

- कहा-सरकार ला रही पारदर्शिता, विपक्ष कर रहा विरोध
- रणजीत रावत पर सीधे तौर पर बोला हमला

किये जा रहे विरोध पर कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने तीखा हमला किया है। भगत ने कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत रावत का रामनगर में स्मार्ट मीटर को पटक कर तोड़ने की घटना को बौखलाए बिजली चोरों की खीज करार दिया है। मंगलवार को रामपुर रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए



विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि राज्य में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य बिजली वितरण को अधिक पारदर्शी, कुशल और उपभोक्ता अनुकूल बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार कुछ भी अच्छा करे तो विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर रियल टाइम में खपत को रेसोर्ट करते है, जिसमें अनुमानित बिलिंग की जरुरत नहीं होती। उपभोक्ता जितनी बिजली उपयोग करेगा, उतना ही उसे भुगतान करना पड़ेगा। साथ ही उपभोक्ता मोबा. इल एप या पोर्टल के माध्यम से अपनी बिजली की खपत को ट्रैक कर सकता है। इसके अलावा स्मार्ट मीटर में ऐसी तकनीक होती है जो किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या कनेक्शन बाईपास को तुरंत रिकॉर्ड और रिपोर्ट कर सकता है। स्मार्ट मीटर लगने से विद्युत विभाग को रमजसव की कम हानि और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। भगत ने कहा कि यह सब विपक्ष और चोरी की फितरत वाली कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को रास नहीं आ रहा है, इसलिए तिलमिलाए घूम रहे है कि वह अब बिजली चोरी की करतूत को अंजाम नहीं दे सकेंगे। इसलिए स्मार्ट मीटर को सड़क पर पटक कर अपनी निराशा और कुंठा का प्रदर्शन कर रहे है। जनता को मिलने वाले लाभ से इनको कोई लेना देना नहीं है। जिस तरह राक्षस की जान तोते में होती है, ठीक उसी तरह रामनगर से कांग्रेस नेता की जान भी बिजली चोरों में निहित है। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कंचन उप्रेती, संदीप सवाल, दलीप सिंह नेगी, कमलेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# आग से गेहूं की फसल खाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लक्ष्मपुर गौलापार निवासी किसान दीवान सिंह सम्मल के खेत में मंगलवार को एक बजे अचानक आग लगने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। घटना में लगभग



पांच बीघा में बोई गई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसान दीवान सिंह को करीब 45 से 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत में 54 बोया हुआ गेहूं था, जो आग की चपेट में आ गया। आग की सूचना पर ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। काफी देर बाद फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अधिकांश फसल नष्ट हो चुकी थी। सामाजिक कार्यकर्ता नीरज रैक्वाल और रविंद्र रैकुनी ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसान के लिए मुआवजे की मांग की। नीरज रैक्वाल ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि पीड़ित किसान को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि कुँवरपुर चौकी में एक फायर ब्रिगेड वाहन स्थायी रूप से तैनात किया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सके। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से त्वरित सहायता और फसल बीमा के तहत उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की है। इधर देर शाम पटवारी ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

# 352 मकान मालिकों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में अपराध और संदिग्ध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए सोमवार रात को पुलिस ने

### ऑपरेशन सैनेटाइजः 3.92 लाख का जुर्माना वसूला

एक बार फिर ऑपरेशन सैनेटाइज चलाया। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानाक्षेत्रों में घर-घर जाकर किरायेदारों, फड़-फेरी वालों, मजदूरों, और संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया।

पुलिस को इस दौरान 352 ऐसे मकान मालिक मिले जिन्होंने अपने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया था। सभी पर पुलिस एक्ट के तहत



चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 3,92,000 का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान कुल 1342 व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें से 76 का सत्यापन पहचान ऐप और 276 का मैन्युअल सत्यापन किया गया। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर यह अभियान देर रात तक चला। इसमें हल्द्वानी में सीओ नितिन लोहनी, लालकुआं में सीओ दीपशिखा अग्रवाल, रामनगर व कालाढूंगी में सीओ सुमित पांडे, भवाली व नैनीताल में सीओ प्रमोद साह ने अपने-अपने पुलिस बल के साथ भाग लिया। एसएसपी मीणा ने सभी मकान मालिकों से अपील की है कि अपने किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी समय पुलिस चेकिंग कर सकती है, और सत्यापन न मिलने पर 10,000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

# मुखानी में चोरों का आतंक ताले तोड़ लाखों के जेवर उड़ाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में चोरियों की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में क्षेत्र में तीन चोरियों के बाद अब एक और घर को चोरों ने निशाना बना डाला। घर के सभी सदस्य रिश्तेदार के यहां गए हुए थे, इसी दौरान चोरों ने ताले तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात पार कर लिए। चोर घर में रखे पड़ोसी के जेवर भी चुरा ले गए। जानकारी के अनुसार कमलुवागांजा के भरतपुर-2 निवासी दीपा बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 19 अप्रैल को अपने परिवार सहित एक रिश्तेदार के घर गई थीं। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर घर में घुसपैठ की। दीपा के मुताबिक जब वे वापस लौटीं तो घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच करने पर पता चला कि चोर लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। इसके अलावा घर में रखे पड़ोसी के गहने भी गायब थे। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि चोरी की वारदात की जांच शुरू कर दी गई है। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं, जिनकी पहचान कर तलाश शुरू कर दी गई है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में डर और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि चोरों पर जल्द लगाम लगाई जा सके।

# पुरानी सहकर्मी ने निवेश के नाम पर शिक्षिका से ठगे डेढ़ लाख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुरानी दोस्ती और मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक महिला शिक्षिका से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। शिक्षिका ज्योति मेहता, निवासी वंदना विहार, लालडांठ, की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में ज्योति ने बताया कि उनकी पूर्व सहकर्मी रितु कांडपाल और उसके पति गिरीश चंद्र सनवाल ने मिलकर एक ऑनलाइन निवेश प्रोजेक्ट के नाम पर उनसे 1.50 लाख की ठगी की। दोनों महिलाएं पहले एक ही स्कूल में अध्यापन कर चुकी हैं और उनके बीच अच्छे संबंध थे। जुलाई 2024 में रितु कांडपाल ने इंस्टाग्राम के माध्यम से ज्योति से संपर्क किया और उन्हें बताया कि वह और उनके पति एक ऑनलाइन प्रोजेक्ट के जरिए अच्छी कमाई कर रहे हैं।

शुरू में मना करने के बावजूद बार-बार कॉल कर उन्हें विश्वास में लिया गया और धीरे-धीरे राशि जमा कराने को कहा गया। ज्योति के अनुसार, रितु और उसके पति ने उनके नाम से एक ईमेल आईडी बनाई और उसका पासवर्ड भी खुद ही सेट किया। इसके बाद उनके नाम पर एक डिस्ट्रीब्यूटर आईडी बनाकर रजिस्ट्रेशन के लिए ओटीपी लिया गया, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। जब ज्योति ने अपने पैसे वापस मांगे, तो रितु के पति ने कहा कि पैसों से कंपनी के प्रोडक्ट खरीद लिए गए हैं। विरोध करने पर उन्हें धमकाया गया कि यदि पुलिस में शिकायत की, तो 1.50 लाख का जुर्माना भरना होगा। साइबर थाना प्रभारी के अनुसार, पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। संबंधित मोबाइल नंबर, बैंक डिटेल और डिजिटल ट्रांजैक्शनों की जांच की जा रही है। आरोपी दंपती के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दान दहेज के लिए पत्नी को धमकाया, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति की दूसरी शादी साल भीतर ही बिखरने पर आ गई। पीड़िता ने अपने पति पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बनभूलपुरा थानाक्षेत्र की रहने वाली नाजिया सिद्दीकी ने एसएसपी को बताया कि पिछले वर्ष फरवरी में उसकी शादी रुद्रपुर निवासी मोहम्मद वसीम से हुई थी। यह वसीम की दूसरी शादी है और पहली शादी से उसका एक बेटा भी है, जो दादी के साथ सितारगंज में रहता है। आरोप है कि पति और ससुराली दान दहेज से खुश नहीं थे। वह पति के साथ रुद्रपुर में रहती थी। शादी के बाद उक्त लोग ताने, गाली-गलौज, मान. सिक और शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। पति पीटता और कई दिनों तक घर नहीं आता। खर्च के लिए भी पैसे नहीं देता। एक बार उसे इस कदर पीटा कि अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। पति कहता या तो मायके से खर्च लेकर या यहां से निकल जा और अगर मायके नहीं जाती तो सुसाइड कर ले। पति ने उस पर चाकू से हमला भी किया। मायके वाले पति को समझाने पहुंचे तो उनसे भी बदसलूकी की गई। शिकायत पर रुद्रपुर पुलिस ने भी उसकी मदद नहीं की। उल्टा पति ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। साथ ही धमकाया कि अगर मायके से खाली हाथ लौटी तो जान से मार देगा। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 10वीं की छात्रा से गैंगरेप का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घर से बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने निकले पिथौरागढ़ के तीन युवकों ने हल्द्वानी में 10वीं की छात्रा से गैंग रेप किया। मामले में 18 साल के दो आरोपियों को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। जबकि फरार तीसरा आरोपी भी अब पुलिस के हत्थे चढ़ा गया। मुखानी पुलिस ने न्यायालयके आदेश पर तीसरे आरोपी को जेल भेज दिया है। मुखानी थानाक्षेत्र की यह घटना बीती 6 अप्रैल की है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से पिथौरागढ़ निवासी इंटरमीडिएट में पढ़ने वाले 18 वर्षीय तीन दोस्त हल्द्वानी में आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने आए थे। राहुल नाम के लड़के की मुखानी निवासी दसवीं में पढ़ने वाली छात्रा से इंस्टाग्राम में दोस्ती हुई थी। 6 अप्रैल को दोस्तों के साथ हल्द्वानी आए राहुल ने छात्रा को मिलने के लिए एक बैंक्वेट हॉल में बुलाया। यहां उसने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और इसके बाद अपने दो दोस्तों दीशू और सचिन को भी बुला लिया। जिसके बाद तीनों ने जबरन छात्रा के साथ गैंग रेप किया। पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। मुख्य आरोपी राहुल और दोस्त दीशू को पुलिस ने बीते दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। जबकि फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी मुखानी क्षेत्र से ही गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों आरोपी बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। साथ ही इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहे हैं। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि तीसरे आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# अधिवक्ता उमेश नैनवाल हत्याकांड में एक और एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते वर्ष हुए अधिवक्ता उमेश नैनवाल हत्याकांड मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। उमेश के मौसेरे भाई ने मुखानी थाना पुलिस को तहरीर सौंपते हुए उमेश के भांजों पर धमकी और बदनाम करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरनपुर नैनवाल लामाचौड़ निवासी विपिन चंद्र पांडे पुत्र मुथुरादत्त पांडे ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके मौसेरे भाई उमेश नैनवाल की हत्या बीते वर्ष 7 अक्टूबर को रामलीला मैदान में दिनेश नैनवाल द्वारा गोली मारकर कर दी गई थी। वे इस मामले में लगातार पैरवी कर रहे हैं। विपिन का आरोप है कि उमेश के भांजे हिमांशु नैनवाल और योगेश पांडे परिवार का साथ देने पर उन्हें बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई बार आरोपी दिनेश नैनवाल ने मध्यस्थता की कोशिश की, लेकिन मना करने पर उसने और उसके समर्थकों ने विपिन से व्यक्तिगत रंजिश पाल ली। विपिन ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें फोन पर गाली-गलौज की और उन्हें, उमेश के बहनोई और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि विपिन की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और सभी पहलुओं की गहराई से पड़ताल की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मिट्टी डाल रही कंपनी के सुपरवाइजर को मारपीट कर किया घायल

## घायल की हालत गंभीर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच की शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** केलाखेड़ा/गदरपुर निर्माणधीन रुद्रपुर बाईपास पर गाबर रुद्रपुर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा मिटी डाली जा रही है कुछ लोगों द्वारा मिटी उठाने के बदले में रंगदारी की मांग की गई और अनेक तरह की बाधाए उत्पन्न कर रहे थे रंगदारी न देने पर कंपनी के सुपरवाइजर को मारपीट कर गंभीर घायल कर दिया पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम सिंह पुत्र राजन सिंह गाबर रुद्रपुर हाईवे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लाइजनिंग मैनेजर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रतना मंडेया केलाखेड़ा निवासी रिजवान अल्वी के माध्यम से किसानों से मिटी खरीद कर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निर्माण धीन रुद्रपुर बाईपास पर डलवाई जा रही है जिसका आए दिन गुरमीत सिंह वह बलकार सिंह पुत्राण संतोष सिंह निवासी सरोवर नगर उद्र कार्य में बाधा उत्पन्न करते रहते हैं सोमवार 21 अप्रैल को भी इन लोगों ने वाहनो का घेराव कर कार्य रुकवा दिया जिस पर पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा जाकर इन्हें समझा दिया गया था। किंतु टीम के जाने के बाद शाम लगभग 7.00 बजे गुरमीत सिंह बलकार सिंह पुत्राण संतोष सिंह, जसवंत सिंह पुत्र रतन सिंह, जिंदर सिंह पुत्र बलकार सिंह, जरीफ, इरशाद,वकील पुत्राण सादे निवासी गण ग्राम सरोवर नगर तथा अज्ञात दर्जन भर हथियारबंद बदमाशों द्वारा लाठी डंडों से लैस होकर अवैध तमंचे के साथफायरिंग करते हुए हमारे कर्मचारियों पर जान से मारने की नीयत से हमला बोल दिया जिसमें मौके पर मौजूद रिजवान अल्वी ड्राइवर रहमान को भी कुछ गुम चोटे आई हैं तथा कंपनी के सुपरवाइजर राजेश यादव के सर आंख पर वार करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया घटनास्थल पर शोर सराभा होने पर यह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं घायल राजेश यादव को 108 एंबुलेंस की मदद से हायर सेंटर रेफर कर दिया जहां उनके सर में 25 से 30 टांके भी आए हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है उन्होंने तहरीर में आरोप लगाया कि यह लोग अपराधिक किस्म के लोग हैं और भू माफिया हैं जिन्होंने लगभग 50 एकड़ सरकारी भूमि पर भी कब्जा कर रखा है तथा गैंग बनाकर कंपनी से काम चलाने के बदले रंगदारी मांगते हैं और पूर्व में भी रिजवान अल्वी से दो बार रंगदारी वसूल चुके हैं उन्होंने थाना अध्यक्ष केलाखेड़ा से अनुरोध करते हुए उद्र सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की वही थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने तहरीर के आधार पर उक्त लोगो के प केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर आयुक्त शिपू गिरी ने की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को शहर में चल रही सभी डेरियों में साफ सफाई के सम्बंध में निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि यह जांच कर ले कि पशु डेरियों द्वारा नालियों में गोबर तो नहीं बहाया जा रहा है। नगरायुक्त ने कहा कि डेरियो द्वारा नालियों में बहाया जाने वाला गोबर नालियों को चौक करने का कारण बनता है। उन्होंने ऐसी डेरियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने यह निर्देश आज जनसुनवाई में वार्ड नंबर 4 सिद्धार्थ नगर के लोगों द्वारा की गयी एक पशु डेरी की शिकायत पर दिए। मौहल्लावासियों का कहना था कि एक डेरी द्वारा नालियों में गोबर बहाकर गंदगी फैलाई जा रही है। आज जनसुनवाई में आयी 8 शिकायतों में से 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। नगरायुक्त शिपू गिरि सहारनपुर नगर निगम में नगरायुक्त का पदभार ग्रहण करने के बाद आज पहली बार जनसुनवाई कर रहे थे। एक अन्य शिकायत के संदर्भ में उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण को शहर में टूटी पुलियों की मरम्मत कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा सफाई सम्बंधी दो शिकायतों



पर तत्काल कार्रवाई कराते हुए उनका निस्तारण किया गया। वार्ड 52 किला नवाग गंज के नवाब खान द्वारा गली नंबर दो में खराब पडे़ हैण्ड पम्प को हटवाये जाने तथा वार्ड 13 चकहरेटी निवासी अगम शर्मा द्वारा दो प्याऊ में टंकी लगवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। होटल रॉयल रेजिडेंसी के पास से दो बंदरों को पकड़वाने के लिए अनवार अहमद द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया। जिस पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

## महोत्सव 24 को

**नकुड़।** श्री श्याम दीवाना सेवा मंडल समिति द्वारा आयोजित चतुर्थ श्याम संकीर्तन महोत्सव आगामी 24 अप्रैल को केएलजीएम इंटर कॉलेज में श्रद्धा, भक्ति के साथ आयोजित किया जाएगा।समिति सदस्यों ने बताया कि महोत्सव में बाबा श्याम का भव्य दरबार विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जाएगा। इत्र वर्षा की जाएगी। साथ ही बाबा को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। दिल्ली, वृंदावन, सहारनपुर से पधारने वाले प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा बाबा के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में डूब जाएगा। कार्यक्रम के अंत में आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। समिति ने सभी श्याम भक्तों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भक्तिमय आयोजन में भाग लेकर बाबा श्याम की कृपा प्राप्त करें।


**IIFL FINANCE**

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार–बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **26.04.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई–नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो जिला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट जिला केंद्र पर **07.05.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से जिला–स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर जिला–स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

जिला केंद्र: **टनकपुर–चंपावत सोहो जीएल – ग्राउंड फ्लोर, 275, वार्ड नंबर, 11, एचडीएफसी बैंक के पास, टनकपुर, जिला। चंपावत–262309 (यूके)**

**शाखा का नाम: टनकपुर–चंपावत सोहो जीएल, तालुका – टनकपुर**

**गोल्ड लोन खाता. सं.: GL28804032, GL31386526, GL33299221.**

ई–नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई–नीलामी के अनुसार ई–नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालांकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालांकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **23.04.2025**
स्थान: चंपावत

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड



**कार्यालय अल्मोड़ा जिला सहकारी बैंक लि0**
**(प्रधान कार्यालय) अल्मोड़ा।**

पत्रांक: 139/नाजिर/ए0एम0सी0/2025–26 दिनांक: 22.04.2025

**–:निविदा सूचना:–**

अल्मोड़ा जिला सहकारी बैंक लि0, अल्मोड़ा के जनपद–अल्मोड़ा एवं बागेश्वर की 31 शाखाओं एवं प्रधान कार्यालय में स्थापित हार्डवेयर सामग्री यथा यू0पी0एस0, सी0पी0यू0, कम्प्यूटर, पासबुक प्रिंटर, स्टेटमेंट प्रिंटर, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, सायरन, नोट काउंटिंग मशीन बड़ी एवं छोटी आदि के रख–रखाव / मरम्मत हेतु एक वर्ष के लिये ए0एम0सी0 कराये जाने हेतु दिनांक 05.05.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक मुहरबन्द निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 05.05.2025 के अपरान्ह 4:00 बजे बैंक मुख्यालय में निविदा कमेटी के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा एवं कार्य से सम्बन्धित नियमों एवं शर्तों को किसी भी कार्य–दिवस में बैंक मुख्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

सचिव/महाप्रबन्धक,
अल्मोड़ा जिला सहकारी बैंक लि0,
अल्मोड़ा।



**कार्यालय–नगर निगम, काशीपुर**
**जिला–ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक 70 मु.कार्यालय/2025–26 दिनांक 22/4/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम, काशीपुर जिला–ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम–1959 (यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड) की धारा–541 के अन्तर्गत स्थित प्रेक्षागृह शुल्क उपविधि–2023 में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में बनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

अत: इस विज्ञाप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस भीतर आपत्ति/सुझाव नगर आयुक्त, नगर निगम, काशीपुर को सम्बोधित करते हुए कार्यालय नगर निगम, काशीपुर में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रेक्षागृह शुल्क को पुन: संशोधित दर प्रति शो 60 निर्धारित किया जाये, सदन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पूर्व समस्त दरो में अंतिम बार परिवर्तन करते हुये 2014 से पूर्व प्रति शो 20 जिसे सहमति के बाद प्रति शो 30 से जमा कराया जाता रहा है को प्रति शो दुगुना अर्थात प्रति शो 60 निर्धारित किया जाता है इस सम्बन्ध में यह भी निर्णय लिया जाता है कि एस.आर.एस. मॉल सहित अन्य प्रेक्षागृहों से भी इसी दर के अनुसार धनराशि / शुल्क वसूला जाये। सम्बन्धित दरो की वसूली 2022 में किये गये नोटिफिकेशन की तिथि से ही संशोधित दरानुसार वसूल किया जाये अर्थात प्रति शो 30 एवं 60 के अंतर का एरियर वर्ष 2022 से वसूल करते हुये प्रति वर्ष 1000 समाधान शुल्क अतिरिक्त जमा कराये जाने की स्वीकृति सर्वसम्मति से दी जाती है।

( मनीष कुमार )
नगर आयुक्त
नगर निगम, काशीपुर

( दीपक बाली )
महापौर
नगर निगम, काशीपुर


# शत प्रतिशत हाजिरी वाले बच्चे सम्मानित



**गंगोह।** उच्च प्राथमिक विद्यालय हैदरपुर कम्पोजिट में शत प्रतिशत उपस्थिति रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक रोहताश कुमार ने बताया कि मार्च माह में शत प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों को ग्राम प्रधान माया देवी ने पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को सम्मानित करने का उद्देश्य अन्य छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा सकें। रोहताश कुमार ने बच्चों को रोज विद्यालय आने को प्रेरित किया।


**कार्यालय–नगर निगम, काशीपुर जिला–ऊधम सिंह नगर**

पत्रांक 69 मु.कार्यालय/2025-26 दिनांक 22/4/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम, काशीपुर जिला–ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम–1959 (यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड) की धारा–541 के अन्तर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत निजी / सार्वजनिक सम्पत्ति पर संचालित होने वाले हाट बाजार हेतु हाट बाजार उपविधि–2025 बनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

अत: इस विज्ञाप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस भीतर आपत्ति/सुझाव नगर आयुक्त, नगर निगम, काशीपुर को सम्बोधित करते हुए कार्यालय नगर निगम, काशीपुर में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
सदन के समक्ष कर अनुभाग द्वारा प्रस्तुत उपविधि पढ़ी गई सर्वसम्मति से स्वीकृति दी जाती हैं।

**प्रस्तावित हाट बाजार उपविधि–2025**

नगर निगम काशीपुर, जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) ने उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 (यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड) की धारा 541 के अन्तर्गत नगर निगम सीमान्तर्गत निजी / सार्वजनिक सम्पत्ति पर संचालित हाट बाजार में लगने वाले फड़/ठेला आदि हेतु उपविधि बनाये जाने की कार्यवाही की जाती है।

**नगर निगम सीमान्तर्गत निजी / सार्वजनिक सम्पत्ति पर संचालित होने वाले हाट बाजार हेतु उपविधि**

01- नगर निगम सीमान्तर्गत निजी / सार्वजनिक सम्पत्ति पर संचालित होने वाले हाट बाजार हेतु उपविधि विद्यमान उपविधियों को अतिक्रमित करते हुए, यह उपविधि नगर निगम काशीपुर की सम्पूर्ण सीमा के अन्तर्गत निजी / सार्वजनिक सम्पत्ति पर संचालित हाट बाजार को नियन्त्रित करने हेतु निजी / सार्वजनिक सम्पत्ति पर हाट बाजार हेतु उपविधि वर्ष 2025 कहलायेगी जो यह गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

02- परिभाषा :-
(क)- अधिनियम-अधिनियम का तात्पर्य उत्तर प्रदेश अधिनियम 1959 यथा प्रभावी उत्तराखण्ड से है।
(ख)- नगर निगम सीमा से तात्पर्य- नगर निगम काशीपुर हेतु शासन द्वारा निर्धारित क्षेत्र से है।
(ग)- नगर आयुक्त- नगर आयुक्त का तात्पर्य नगर निगम काशीपुर में शासन के कार्मिक विभाग/शासन से तैनात नगर आयुक्त से है।
(घ)- मेयर-मेयर का तात्पर्य नगर निगम काशीपुर के निर्वाचित मेयर (महापौर) से है।
(ङ)- प्रशासक- प्रशासक का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा मेयर के स्थान पर नामित अधिकारी से होगा।
(च)- बोर्ड-बोर्ड का तात्पर्य नगर निगम काशीपुर के निर्वाचित बोर्ड से है।
(छ)- शासन-शासन से तात्पर्य उत्तराखण्ड शासन से है।
(ज) प्रतिवर्ष-प्रतिवर्ष से तात्पर्य वित्तीय वर्ष 01 अप्रैल से 31 मार्च तक है।

03- नगर निगम, काशीपुर की सीमा के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति अपनी निजी / सार्वजनिक सम्पत्ति पर हाट बाजार लगाने हेतु नगर निगम, काशीपुर द्वारा इस उपनियम के तहत निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अनुमति उपरान्त ही हाट बाजार का स्थापन/संचालन कर सकते हैं।

04- निजी/सार्वजनिक सम्पत्ति पर हाट बाजार संचालन हेतु नगर निगम, काशीपुर द्वारा नगरान्तर्गत व्यवसाय करने हेतु जारी किये जाने वाला ट्रेड लाईसेन्स प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

05- हाट बाजार संचालन हेतु निम्नानुसार व्यवस्थाएं हाट बाजार संचालक द्वारा स्वयं की जानी अनिवार्य होंगी :-
(1) पार्किंग हेतु पर्याप्त क्षेत्र (बाजार लगने वाले कुल क्षेत्र का 10 से 15 प्रतिशत)
(2) बाजार में संचरण हेतु पथ मार्ग / रास्ता (बाजार लगने वाले कुल क्षेत्र का 20 से 25 प्रतिशत)
(3) पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था।
(4) शौचालय की व्यवस्था (महिला/पुरुष के लिए पृथक-पृथक)
(5) दुकानदारों के लिए विद्युत संयोजन तथा स्थल पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था।
(6) अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था।
(7) सुरक्षा की दृष्टि से सी.सी.टी.वी. व पर्याप्त कैमरे तथा इसका कम-से-कम 01 माह के बैकअप की व्यवस्था की जाये।
(8) बाजार का अधिकृत मानचित्रकार द्वारा बना नक्शा प्रस्तुत करना होगा।
(9) बाजार में लगने वाले सभी फड़ व्यवसायियों को प्रस्तावित दुकानों की लम्बाई, चौड़ाई के अनुसार निर्धारित दर सार्वजनिक स्थल पर दृष्टव्य स्थान पर बड़े अक्षरों में जिसे कि आसानी से पढ़ा जा सके, प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। जिसकी एक प्रति नगर निगम कार्यालय में जमा करनी अनिवार्य होगी।
(10) हाट बाजार का प्रबन्धन एवं संचालन इस प्रकार किया जायेगा कि बाजार से लगे हुए सार्वजनिक मार्ग में यातायात किसी भी प्रकार से बाधित न हो। हाट बाजार के कारण यातायात बाधित होने पर लाईसेंन्स प्राप्तकर्ता नियमानुसार दण्ड का भागी होगा, द्वितीय बार दण्ड की धनराशि दुगनी होगी।
(11) बाजार सम्बन्धी भूमि के अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे एवं यदि भूमि किराये पर ली गयी है, तो नॉन ज्यूडिशल पत्र पर किरायानामा प्रस्तुत करना होगा।

06- हाट बाजार का समय-समय पर / आवश्यकतानुसार निरीक्षण करने का अधिकार नगर आयुक्त या उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी (सहायक नगर आयुक्त/कर अधीक्षक/कर निरीक्षक) को होगा।

07- हाट बाजार में किसी भी सामग्री की बिक्री प्रतिबन्धित पॉलीथीन / प्लास्टिक / थर्माकोल एवं अन्य प्रतिबन्धित उत्पादों में नहीं की जायेगी तथा प्रतिबन्धित पॉलीथीन / प्लास्टिक / थर्माकोल एवं अन्य प्रतिबन्धित उत्पादों का उपयोग किये जाने पर नियमानुसार जुर्माना आरोपित किया जायेगा।

08- नगर निगम सीमान्तर्गत लगने वाले हाट बाजार में कोई भी व्यक्ति / संस्था ऐसी वस्तुओं का व्यवसाय नहीं करेगा जिस पर राज्य सरकार/शासन द्वारा पूर्ण निषेध किया जा चुका हो।

09- केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य विधिनिहित संस्था के द्वारा निगम के नियन्त्रण हेतु लाईसेंन्स इन उपविधियों से भिन्न होंगे।

10- निजी/सार्वजनिक सम्पत्ति पर व्यक्ति / संस्था द्वारा हाट बाजार (बाजार रोड, मुरादाबाद रोड, रामनगर रोड, टाण्डा उज्जैन रोड, मानपुर रोड एवं नगर निगम सीमान्तर्गत अन्य रोड / स्थल) संचालन हेतु खुली बोली/निविदा के माध्यम से हाट बाजार शुल्क वसूल करते हुए नगर निगम के दुकान किराया अनुभाग में शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। हाट बाजार हेतु खुली बोली/नीलामी/निविदा/निविदा नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित क्षेत्रों के अनुसार की जायेगी।

11- उक्त समस्त हाट बाजारों के संचालन हेतु नीलामी/निविदा/निविदा की न्यूनतम दरें नगर निगम द्वारा निर्धारित की जायेंगी, उच्चतम बोलीदाता / निविदादाता द्वारा ही उक्त क्षेत्र में निजी / सार्वजनिक हाट बाजार संचालन की अनुमति नियमानुसार शुल्क निगम कोष में जमा कराये जाने के उपरान्त ही दी जायेगी।

12- निर्धारित शुल्क का 25 प्रतिशत जमा करने के उपरान्त ही लाईसेन्स देय होगा।

13- उपविधि द्वारा लिए जाने वाले शुल्क की धनराशि पूर्णांक में नहीं होने पर निकटतम अधिकतम पूर्णांक के रूप में गणना की जायेगी।

14- हाट बाजार में आने वाले बाहरी व्यक्तियों (उत्तराखण्ड से पृथक) का अभिलेखीय सत्यापन अनिवार्य होगा।

15- मांस की बिक्री हेतु लगने वाली दुकानों एवं फड़ों में प्रत्येक प्रकार के मांस का रख-रखाव विक्रय मानकों के अनुरूप किया जाना भी अनिवार्य होगा।

16- हाट बाजार संचालक को स्वयं के व्यय पर हाट बाजार संचालन स्थल पर एक बोर्ड लगाना होगा, जिस पर फड ठेले की दरें अंकित करनी अनिवार्य होंगी।

17- हाट बाजार की कुल राशि को अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार जमा कराना अनिवार्य होगा। अपरिहार्य परिस्थिति में नगर आयुक्त की अनुमति से समयावधि में परिवर्तन किया जा सकता है, परन्तु उसमें दो माह से अधिक का विलम्ब स्वीकृत नहीं होगा।

18- बिना अनुमति के हाट बाजार संचालित किये जाने पर उस क्षेत्र में नीलामी /निविदा द्वारा संचालित हाट बाजार की धनराशि का दो गुना धनराशि जमा नहीं करनी होगी, जो किसी भी दशा में 25,000/- से कम नहीं होगी।

हाट बाजार लगाये जाने हेतु उपरोक्त शर्तों में से किसी एक शर्त का भी उल्लंघन करने पर बाजार लगाये जाने वाले व्यक्ति / संस्था पर 25,000/- तक का अर्थदण्ड लगाया जा सकता है। आरोपित शर्तों का तीन बार से अधिक उल्लंघन करने पर अनुज्ञप्ति निरस्त की जायेगी। अर्थदण्ड को यदि व्यक्ति / संस्था द्वारा निगम कोष में नहीं जमा किया जाता है, तो भू-राजस्व की भाँति वसूला जायेगा।

उपरोक्त उपविधि 2025 का प्रकाशन कराते हुये आपत्ति आमंत्रित कर उपविधि लागू किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये।

( मनीष कुमार )
नगर आयुक्त
नगर निगम, काशीपुर

( दीपक बाली )
महापौर
नगर निगम, काशीपुर


# कैराना जाते हिन्दू संगठन कार्यकर्ता पुलिस ने रोके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ़।** सीमावर्ती राज्य उत्तराखंड के देहरादून से करीब दर्जन भर से अधिक गाड़ियां लेकर 75–80 की संख्या में शामली के कैराना जा रहे हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं को जिला प्रशासन के निर्देश पर बिहारीगढ़ थाना पुलिस ने मोहण्ड बार्डर पुलिस चौकी के समीप रोक लिया। इस बात से नाराज होकर हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस का विरोध करते हुए जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिये और शामली जाने के लिए भरपूर कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घंटों तक उन्हें समझाने के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को दोपहर करीब बारह बजे देहरादून से हिंदू रक्षा दल के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा के नेतृत्व में करीब अस्सी से अधिक कार्यकर्ता अलग–अलग गाड़ियों में सवार होकर शामली स्थित कैराना जा रहें थे। इस मामले की जानकारी जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों तक पहुची तो उन्होंने बिहारीगढ़ थाना पुलिस को मोहण्ड पुलिस चौकी पर सभी लोगों को रोकने और किसी भी सूरत में आगे नहीं जाने देने के निर्देश दे दिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिंदू रक्षा दल के सभी लोगों को मोहण्ड में ही रोक लिया। इस दौरान हिन्दू संगठन के लोगों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए जय श्री राम के नारे लगाने शुरू कर दिए। पुलिस ने उन्हें समझाया कि हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं से वार्ता करने के लिए सीओ बेहट मोहण्ड पहुंच रहे हैं। इस मामले में हिंदू संगठन के नेताओं का कहना था कि वह शामली के कैराना में शांतिपूर्वक तरीके से हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए जा रहे थे, लेकिन यूपी पुलिस ने उन्हें यहां बेवजह परेशान करने की नीयत से रोक रखा है। इस सम्बन्ध में जानकारी करने पर सीओ बेहट मुनीष चन्द्र ने बताया कि देहरादून से शामली जाने के लिए हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं के पास किसी भी तरह की प्रशासनिक अनुमति नहीं थी यह बात उनके नेताओं को अच्छी तरह समझाते हुए संतुष्ट करने के बाद वापस देहरादून भेज दिया गया है।




# विधायक शिव ने लेंड जिहाद, मजार के नाम पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई को बताया ऐतिहासिक

## विधायक बोले इंद्राचौक को जाममुक्त बनाने की दिशा मे हुई निर्णायक कार्यवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा के रुद्रपुर क्षेत्र को जाम मुक्त अतिक्रमण मुक्त बनने के संकल्प की दिशा मे प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई। जिसमे इंद्रा चौक के पास बहुत लम्बे समय से पैट्रोल पम्प के पास स्थित मासूम शाह मिया की मजार जिसपर प्रशासन द्वारा तड़के सुबह बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण कर इंद्रा चौक को जाम मुक्त बनाने की दिशा मे महत्वपूर्ण कार्यवाही की गई।

तो वही इस महत्वपूर्ण विषय पर रुद्रपुर के सिटी क्लब मे विधायक शिव अरोरा ने प्रेसवार्ता की, विधायक अरोरा ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा पूरे प्रदेश मे लेंड जिहाद व अवैध मजारों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसमे अभी तक 6000 से अधिक अवैध कब्जे व मजारों के खिलाफ कार्यवाही की जा चुकी है।

वही विधायक बनने के बाद से ही रुद्रपुर क्षेत्र मे जाम की समस्या से निजाद दिलाने को लेकर शिव अरोरा लगातार प्रयास कर रहे थे, उन्होंने बताया 22 नवंबर 2022 को उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को चिठ्ठी लिखकर इंद्रा चौक को जाम मुक्त करने हेतु अतिक्रमण हटाने की बात कही थी, तो वही सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा को भी 13 फरवरी 2024 को पत्र लिख कर इंद्रा चौक को चौड़ीकरण करते हुऐ डीडी चौक तक जाममुक्त बनने हेतु आग्रह किया था, विधायक अरोरा ने कहा यह ध्वस्थीकरण की कार्यवाही कोई एक दिन का परिणाम नहीं है वह इसमें विधायक बनने के बाद से ही काफी लंबे समय से प्रयासरत थे, उन्होंने बताया इंद्रा चौक को चौड़ीकरण को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को 13 फरवरी 2024 को पात्र सौपा था जिसमे उन्होंने चौड़ीकरण की बात कही थी विधायक ने कहा परियोजना निर्देशक राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर पीडी नेशनल हाइवे को भी 8 लेन रोड निर्माण व इंद्राचौक, डीडी चौक को चौड़ा करने की बात कही।

वही लम्बे प्रयास के बाद आज प्रशासन द्वारा इंद्रा चौक को चौड़ा करने हेतु अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई जिसमे वहाँ मार्ग मे आने वाली मजार जिससे सदैव जाम की स्थिति बनी रहती थी उसको हटाने की कार्यवाही की गई ओर साथ ही मार्ग बनने का कार्य भी शुरू कर दिया गया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जो सदैव



देवभूमि के संरक्षण व संस्कृति के लिये निरंतर कार्य कर रहे है उन्होंने मेरे आग्रह पर आज इंद्रा चौक पर लेंड जिहाद के खिलाफ इतनी बड़ी कार्यवाही करवाई इसके उनका आभार व्यक्त किया, विधायक ने सांसद अजय भट्ट का भी आभार जताया जिनका हर कार्य मे सहयोग मिलता है,उन्होंने प्रशासन का अभी आभार जताया जिन्होंने महत्वपूर्ण कार्यवाही को अच्छे प्रकार से कर के दिखाया।

विधायक ने कहा निश्चित रूप से रुद्रपुर क्षेत्र को जाम से निजाद हेतु काफी राहत मिलेगी ओर जल्द इंद्रा चौक, डीडी चौक का चौड़ीकरण व इंद्रा चौक से डीडी चौक तक 8 लेन रोड निर्माण व उसके आगे अटरिया मोड़ तक चौड़ीकरण के कार्य को चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, तरुण दत्ता मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, धीरेश गुप्ता, बिट्टू शर्मा, अनूप दत्ता, विराट आर्य, चन्द्रसेन चंदा, गोविन्द राय, किरन विर्क, सुनील यादव, अनमोल विर्क, राजा भरद्वाज, मयंक कक्कड़, शंकर विश्वास आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या





**जसपुर।** भगवन्तपुर रोड बिजली विभाग के पास खाली प्लॉट में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई नागरिकों द्वारा सूचना पर पहुंचे सीओ दीपक कुमार समेत जसपुर की पुलिस ने मौके पर घटना की जानकारी ली तथा सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया उसके पश्चात पुलिस ने मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर क्षेत्र के निवार मुंडी गांव में मृतक के घर पर सूचित किया।

आज सुबह पुलिस को सूचना मिली की भगवानपुर रोड स्थित एक खाली प्लॉट में एक युवक का शव पड़ा है सूचना पर एस आई सुशील कुमार गो. विंद मेहला, संजय कुमार मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे पुलिस को मृतक के गले पर धारदार हथियार के निशान मिले पुलिस के मुताबिक बाबू राम की हत्या किसी तेज धारदार हथियार से वार कर की गई है इस दौरान शव की तलाशी रहने पर उसकी जेब में मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान निवार मंडी निवासी बाबूराम (38 वर्ष) पुत्र सुक्खन सिंह के रूप में हुई सूचना पर पुलिस सीओ दीपक कुमार भी मौके पर पहुंच गए तथा घटना के बारे में जानकारी ली उधर रुद्रपुर से पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौके पर सैंपल जुटाए।

मृतक के बड़े भाई महेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक बाबूराम चार भाइयों में सबसे छोटा था उसकी पत्नी सीमा करीब एक साल पहले अपनी 08 साल व 06 साल की दो पुत्रियों को छोड़कर चली गई थी।

महेंद्र सिंह ने बताया कि बाबूराम शराब पीने का आदी था तथा घर में अकेला रहता था बालूराम 03 दिन से घर नहीं आया था वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस जांच में जुड़ गई है।

# महतोष में हुई दिनदहाड़े फायरिंग के मामले में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** सोमवार को महतोष मोड़ पर हुई फायरिंग प्रकरण में तहरीर मिलने पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश निवासी आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महतोष में पुरानी रंजिश को लेकर बीते सोमवार को एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग कर दी थी दिनदहाड़े हुई फायरिंग से महतोष क्षेत्र में हड़कंप मच गया था वहीं पीड़ित नरेंद्र सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी बेरखेड़ा बिलासपुर, ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपने दोस्त सुखविंदर जो बेरिया बाजपुर के निवासी हैं उनको अपनी मोटरसाइकिल से छोड़ने बेरिया जा रहा था जब मैं महतोष बाजार नवाबगंज रोड के पास पहुंचा तो पीछे से हमारे गांव के रहने वाले पिंदर सिंह पुत्र गज्जन सिंह भी अपनी मोटरसाइकिल से आया जिसके साथ मेरी कहा सुनी हो गई तभी अचानक से उसने मेरे ऊपर जान से मारने की नीयत से लगभग 9:00 बजे 315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया।

बड़ी मुश्किल से में अपनी जान बचाकर मौके से भगा नरेंद्र सिंह ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिंदर सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह निवासी बेरखेड़ा बिलासपुर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पीएम श्री नेहरू इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम/खेल प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पीएम श्री नेहरू राज के इंटर कॉलेज महुवाडाबरा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई विजेता खिलाड़ियों / नए दाखिला लेने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

कॉलेज के प्रार्थना स्थल पर आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नगर पंचायत महुआडाबरा के चेयरमैन प्रतिनिधि मास्टर प्रीतम सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ नशा त्यागना /यातायात के नियमों का भी पालन आने वाली पीढ़ी को करना चाहिए उन्होंने बच्चों के अग्रिम उज्जवल भविष्य को लेकर उन्हें शुभकामनाएं भी प्रेषित की। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रबंधक धर्मपाल चौधरी ने सरक. ारी विद्यालयों की उपलब्धि को गिनाते हुए अपील की की प्राइवेट विद्यालयों में अभिभावकों पर धन का अतिरिक्त भार पड़ता है सरकारी विद्यालय भी पढ़ाई के लिए एक बेहतर संस्थान है विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल कुमार अग्रवाल ने सरकार की नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालयों में जूनियर स्तर के बच्चों को ड्रेस ,जूते, गुणवत्ता युक्त पीएम पोषण, अतिरिक्त पोषण की योजनाओं के अलावा मेधावी छात्रवृत्ति, उदयमान खिलाड़ी योजना, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना ,बालिका प्रोत्साहन योजना, बालिका साइकिल योजना व अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व पिछली जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति योजना नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक आदि की सरकार से सुविधा दी जा रही है विद्यालय के उप प्रधानाचार्य वृज मोहन लाल ने अध्यक्ष प्रतिनिधि मास्टर प्रीतम सिंह से विद्यालय में छात्रवृत्ति में विद्यालय को सहयोग करने की अपील की जिसके लिए अध्यक्ष प्रतिनिधि मास्टर प्रीति सिंह ने भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों ने विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड व प्रमाण पत्र दिया । नवीन कक्षाओं प्रवेश ले रहे छात्राओं में खेल कूद में प्रतिभा करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर प्रस्तुत किया इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम का संचालन चेतन सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अतुल अग्रवाल ,उपप्रधानाचार्य बृजमोहन लाल, धर्मपाल चौधरी, राजेश चौधरी, राम सजीवन, सभासद राजकुमार, शिक्षक डॉ तजज्मुल हसन, नाजिम कमर, महेंद्र सिंह, राधा कृष्ण तिवारी, जयवीर सिंह ,हरीश वर्मा, शरीस आलम , अरुण कुमार वर्मा ,मोनिका ,नीतू सैनी ,नफीस अहमद शाकिर हुसैन, सलीम हीरो, सोमपाल, राजीव, अरुण कुमार, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, परचून का खोखा व सामान बना राख

## पीड़ित का लाखों का नुकसान पुलिस को दी तहरीर

**खटीमा।** टेढ़ाघाट पुल के पास रोड के किनारे रखे परचून के खोखे में बीती रात लगभग 3 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिससे खोखा व उसमें में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। टेढ़ाघाट बरी अंजनिया निवासी ज्ञान स्वरूप पुत्र दाताराम ने 17 मिल मझोला चौकी प्रभारी को एक तहरीर सौंपकर बताया कि वह टेढ़ाघाट पुल के पास रोड के किनारे अपनी आजीविका चलाने हेतु परचून का खोखा लगा रखा था जो बीती रात लगभग 3 बजे आग लगने सामान सहित खोखा पूरी तरह जलकर राख हो गया। तहरीर के मुताबिक आग लगने की घटना की सूचना स्थानीय व्यक्ति हयात सिंह बिष्ट द्वारा पीड़ित को दी गई। सूचना पर पीड़ित परिवार सहित मौके पर पहुंच गया जहां गांव के भी काफी लोग मौके पर पहुंचे थे। सभी लोगों ने आग बुझाने का बहुत प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका और खोखा, फाइबर सेट, दो चौकी तख्त, कुर्सी, टेबल, शीशे की रैक तथा काउंटर आदि जलकर राख हो गया। पीड़ित ने बताया कि खोखा में लगभग 70000 रुपए से अधिक का सामान रखा हुआ था जो पूरी तरह नष्ट हो गया। वहीं उसका कहना है कि अग्निकांड में लगभग एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि उसको नुकसान पहुंचाने की नीयत से किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर परचून की खोखे में आग लगाई गई है जिससे उसका व्यवसाय बर्बाद हो जाय। वहीं पीड़ित ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# कैंप में आरएलके विद्यालय के बच्चों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

**खटीमा।** आरएलके पब्लिक स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के सचिव के निर्देश के क्रम में नालसा बच्चों के लिए बाल अनुकूलन कानूनी सेवाएं योजना 2024 के तहत एक कैंप का आयोजन किया। गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के एमडी संजय कपूर और संचालन विमल कुमार ने किया। कैंप में पैनल अधिवक्ता चंचल सिंह ने योजना 2024 के बारे में, पैनल अधिवक्ता ममता शर्मा ने बाल सुधार गृह के बारे में, विमलेश शर्मा ने व्हीकल एक्ट के बारे में, तथा पीएलवी विमल कुमार ने नए बच्चों को टोल फ्री नंबर और 10 मई को लगने वाली लोक अदालत एवं स्थाई लोक अदालत के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य असीम दास, सरा. जनी, शिवानी, रियाज एवं पीएलवी मीरा देवी तथा गीता शर्मा सहित सैकड़ो बच्चे उपस्थित रहे।

# पृथ्वी दिवस पर विशेष: प्रकृति के साथ बढ़ता खिलवाड़ मनुष्य के अस्तित्व पर है गंभीर संकट

## प्रदूषण से जूझती धरती में एक-एक सांस लेने को तरस जाएगा मनुष्य, मिलजुलकर करने होंगे धरातल पर गंभीर प्रयास: प्रकाश चन्द्र उपाध्याय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पृथ्वी हमारे अस्तित्व का आधार है। यदि हमने समय रहते अपने पर्यावरण की रक्षा नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियों को एक जीने योग्य धरती नहीं मिल पाएगी। प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हमारे ग्रह के प्रति जागरूकता फैलाना और उसके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना है। पृथ्वी दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि यह एक चेतावनी भी है कि यदि समय रहते हम नहीं चेते और प्रकृति के साथ इसी प्रकार खिलवाड़ करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य स्वच्छ वातावरण में एक-एक सांस लेने को तरस जाएगा। यह बात पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्कूली छात्र-छात्राओं एवं



आम जनमानस को सदैव जागरूक करते आ रहे प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने कही।

उनका कहना था कि आज की दुनिया में तकनीकी प्रगति और आर्थिक विकास के साथ-साथ हमने जिस तरह से प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन किया है, उसने पृथ्वी को गंभीर संकट में डाल दिया है। वायु, जल, मृदा और ध्वनि प्रदूषण ने न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को क्षति पहुंचाई है, बल्कि मानव जीवन को भी अत्यधिक प्रभावित किया है। बढ़ते प्रदूषण से मानव स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। अनेक बीमारियां मनुष्य को घेरती जा रही हैं। इसके साथ ही उच्च शोर स्तर, बढ़ता तनाव, नींद की कमी, और प्रदूषित वातावरण के कारण मान. सिक असंतुलन और तनाव की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जलवायु परिवर्तन से प्राकृतिक आपदाओं, ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन तथा पृथ्वी के तापमान को असामान्य रूप से बढ़ा दिया है, जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और प्राकृतिक आपदाएं जैसे बाढ़, सूखा, तूफान आदि की आवृत्ति बढ़ी है।

औद्योगिकीकरण, अव्यवस्थित शहरीकरण, वाहनों से निकलने वाला धुआं, प्लास्टिक और ठोस कचरे का अनुचित प्रबंधन, वनों की अंधाधुंध कटाई, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, जल और ऊर्जा का अत्यधिक दोहन आदि इसके प्रमुख कारण हैं। हमें पृथ्वी तथा मनुष्य को इन सबसे बचाने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों- सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल विद्युत जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देकर जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटानी होगी। साथ ही वृक्षारोपण और वनों के संरक्षण का हर व्यक्ति को संकल्प लेना होगा। इसके लिए जनजागरण और पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा स्कूली पाठ्यक्रम का एक अनिवार्य हिस्सा होनी चाहिए। तभी हम पृथ्वी और स्वयं की रक्षा कर सकते हैं।

# बाजपुर कॉलेज में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता दोराहा**

**बाजपुर।** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय में भाषण,निबंध,पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ० प्रीति रस्तौगी ने जूनियर तथा सीनियर वर्ग में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विध्जयी प्रतिभागियों को सम्मानित कर पृथ्वी को हमेशा हरा भरा बनाए रखने का संकल्प लेने को कहा। भाषण प्रतियोगिता में रोशनी, सोफिया,तथा गगनदीप कौर क्रमशः:प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर नहीं,निबंध प्रतियोगिता के जूनियर



वर्ग में जिया, माही तथा आभा और सीनियर वर्ग में स्नेहा, शबनम,वैष्णवी तथा सानिया क्रमशः प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।वहीं पोस्टर प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में राबिया, बसु,सना और आसना तथा सीनियर वर्ग में खुशी, नवजोत कौर,बलप्रीत कौर ने बाजी मारी एवं कॉन्वेंट की नन्ही मुन्नी बालिकाओं ने विद्यालय के पेड़-पौधों में जल का छिड़काव किया व अन्य गतिविधियों में भाग लिया इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# वार्ड 11 में चल रहे सेक्स रैकेट को वार्डवासियों ने पकड़ा

## पुलिस में तीन पुरुष और तीन महिलाओं को पूछताछ के लिए लिया हिरासत में

**गदरपुर।** सेवा सुरक्षा और मित्रता का दम भरने वाले पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 के एक घर में देह व्यापार का कारोबार किये जाने का ताजा मामला प्रकाश में आया है। सरेआम चल रहे अनैतिक कार्यों की भनक लगते ही लोगों का भारी जमावड़ा लग गया मोके पर पहुँचे वार्ड वासियों ने घर में घुसकर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त युवक, युवतिओ समेत एक अधेड़ व्यक्ति को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिनसे पुलिस पूछताछ में जुटी है। मंगलवार को पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 में उस समय हड़कंप मच गया जब एक घर में कुछ अज्ञात युवक युवतियाँ संदिग्ध अवस्था में मिले सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और भीड़ ने घर में घुसकर दो युवकों, तीन युवतियों समेत एक अधेड़ व्यक्ति को रंगर. लिया मनाते दबोच लिया। वार्ड वासियों ने जब इस संबंध में पूछताछ की तो आरोपियों ने देह व्यापार को अंजाम देने की बात को काबुल करते हुए उन्हें छोड़ देने की बात कही धीरे-धीरे देह व्यापार की सूचना पूरे वार्ड में आग की तरफ फैल गई और घटनास्थल पर महिला और पुरुषों की भारी भीड़ जुटने लगी तभी किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस उप निरीक्षक जितेंद्र मेहरा

> पुलिस ने कुछ युवक और युवतियों को हिरासत में लिया है पूछताछ जारी है जो तथ्य सामने आएंगे उनके हिसाब से वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी
>
> **विभव सैनी**
> **पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर**

अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मोके पर पहुंचे यहां पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली और सभी आरोपियों को अपने साथ थाने ले गई। जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।आपको बताते चले कि जिस मकान में इस अनैतिक कार्य को अंजाम दिया जा रहा था वह किसी हल्द्वानी निवासी का बताया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि जिस स्थान पर अनैतिक कार्य को अंजाम दिया जा रहा था वह महज थाने से कुछ दूरी पर है। परंतु इसके बावजूद भी पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

> **नगर के बीच मैं हो रहा देह व्यापार का धंधा, पुलिस तंत्र पर बड़ा सवाल.......**
>
> गदरपुर मंगलवार को नगर के बीच वार्ड नंबर 11 में वार्ड वासियों ने मिलकर देह व्यापार का भांडा फोड़ किया है ऐसे में इस तरह की गतिविधियों की जानकारी स्थानीय पुलिस को कई माह बाद मिलना उनकी मुखबरी और सूचना तंत्र पर कई तरह के सवाल खड़े करता है आपको बता दें कि गदरपुर थाना क्षेत्र में कई विद्यालय संचालित हो रहे हैं जहां आसपास के क्षेत्र के युवा शिक्षा अध्ययन करने आते हैं लेकिन इस तरह की गतिविधियों के संचालन होने से उनकी शिक्षा के साथ-साथ उनके निजी जीवन पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा यह घटना समाज के लिए एक बड़ी चेतावनी है,कि किस तरह से नगर के बीच इस अनैतिक कार्य को अंजाम दिया जा रहा है यह घटना पुलिस और समाज के लिए एक जिम्मेदारी भी है कि इस प्रकार की घटनाओं पर कड़ी नजर रखी जाए और उन लोगों को सजा दिलाई जाए जो इन अवैध गतिविधियों में लिप्त है।

# अमेरिका से घर वापस आए व्यक्ति के साथ मारपीट का आरोप

## महिला की तहरीर पर पुलिस ने किया संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस ने मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में महिला का आरोप है कि उसके पति को पहले अमेरिका बुलाया गया और बाद में अमेरिका में ही झूठा मुकदमा दर्ज कराकर वापस भेज दिया गया। इस मामले में उसके पति ने जब आरोपियों से शिकायत की तो उनके साथ मारीपट की गई।

ग्राम जादोपुर निवासी गुरदीप कौर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके पति गुरसेवक सिंह जो कुछ दिनों पूर्व विदेश से नौकरी करके वापस आये है। जिन्हें धोखे से पडोसी गुरमेज सिंह उर्फ गेजा व गुरदेव सिंह उर्फ बिट्टू द्वारा कहा गया कि उनके बेटे हरेन्द्र सिंह व मिंटू अमेरिका में नौकरी करते है। उनके द्वारा उसके पति को अमेरिका में नौकरी दिलाने के नाम पर विदेश बुलाया गया था। कुछ दिनों पूर्व मिंटू द्वारा शिकायत कर अमेरिका में झूठा मुक. दमा लिखवाया गया। जिससे उसके पति को वहां की सरकार ने घर वापस भेज दिया है। 17 अप्रैल को उसके पति द्वारा गुरमेज सिंह से इस बारे में शिकायत की गयी। जिसकी रंजिश के कारण रात्रि करीब नौ बजे गुरमेज सिह ने अपने भाई गुरदेव सिंह के साथ मिलकर उसके पति के साथ गाली गलौच किया तथा लाठी डंडों व धारदार हथियार से जान से मारने की नियत से हमला किया और मरा समझकर मौके से धमकी देते हुए फरार हो गये। उसके पति का बरेली के नीजि अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में जादोपुर निवासी गुरमेज सिंह उर्फ गेजा व गुरदेव सिंह उर्फ बिट्टू के खिलाफ धारा 115(2),351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं खटीमा कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि मामले की जांच उप निरीक्षक ललित बिष्ट को सौंपी गई है।

# मुस्कान के चेहरे की देखकर आज मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय के डॉक्टरो के चेहरों में भी आ गई मुस्कुराहट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** खेतीखान के तपनीपाल गांव के छत्तर सिंह बोहरा की 20 वर्षीय बेटी मुस्कान के चेहरे में आज वास्तविक तौर पर आई मुस्कान को देखकर धर्मार्थ चिकित्सालय के डॉक्टर हतप्रत होकर मुस्कुराने लगे। दरअसल पित्त की थैली में पथरी से परेशान इस छात्रा मुस्कान की मुस्कान को ही लील लिया था। घर की परिस्थितिया इस ऑपरेशन के लिए बाहर जाने की अनुमति नहीं दे रही थी तथा दर्द को सहना ही इसकी नियति बन चुकी थी। गत वर्ष जब मुस्कान को पता चला कि धर्मार्थ चिकित्सालय मायावती में पहली बार लेप्रोस्कोपिक पद्यति से पित्त की थैली के ऑपरेशन के लिए इंग्लैंड से डॉ कृष्ण सिंह आ रहे हैं तो वह अस्पताल गई तो डॉ कृष्ण सिंह के नेतृत्व में लखनऊ से आए डॉ नीरज द्विवेदी एवं पांडिचेरी से आए डॉ डी एस दुबे की टीम ने



यहां पित्त की थैली से पथरी निकालने का पहला सफल ऑपरेशन किया। एक साल बाद पुनः डॉ सिंह के इंग्लैंड से यहां आने की सूचना मिलने पर मुस्कान यहां के चिकित्सा प्रभारी स्वामी एकदेवानंद जी महाराज, डॉ कृष्ण सिंह, डॉ नीरज द्विवेदी एवं पांडिचेरी से आए डॉ डी एस दुबे के प्रति आभार जताने के लिए के लिए आई हुई थी। उसने सभी के चरण स्पर्श कर उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि ऑपरेशन के बाद वह अब पूर्ण स्वस्थ है। डॉक्टरों ने उसे अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें इस बात की प्रसन्नता है कि यहां हमारे द्वारा किया गया पहला ऑपरेशन पूर्ण सफल रहा। इधर आज से धर्मार्थ चिकित्सालय में लेप्रोस्कॉपीक विधि से पित्त की थैली से पथरी निकालने का शि. विर शुरू हो गया है। प्रथम दिन एक दर्जन रोगियों द्वारा अपना पंजीकरण कराया गया जिनकी विभिन्न प्रकार की जांचे की जा रही है तथा बृहस्पतिवार को उनके ऑपरेशन किए जाएंगे। चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद जी महाराज के अनुसार लैप्रोस्कोपिक ऑपरेशन के लिए यहां सभी आवश्यक व्यवस्थाये की जा चुकी है।

# देर शाम जिलाधिकारी ने नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज भवन का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़ ।** जनपद पिथौरागढ़ मुख्यालय के मड़धूरा में बंद पड़े नन्हीं परी सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण कार्य के संबंध में जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी द्वारा सोमवार देर सायं उक्त स्थल का विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा भवन की वर्तमान स्थिति आदि का जायजा लिया गया।

बता दें कि उक्त संस्थान में संचालित कक्षाएं 2020 में कोविड 19 के बाद बंद की गई एवं उस बीच हुई



अतिवृष्टि के बाद से संस्थान की स्थिति खराब होने के कारण पुनः पढ़ाई शुरू नहीं हो पायी । जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से बात करते हुए पुनः संचालन हेतु बात कर इसकी स्थिति जानी व निर्देशित किया कि संस्थान के भवन निर्माण में हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाए और पूर्ण रूप से तैयार होने में जो समय लगेगा उसकी भी जानकारी पेयजल संस्थान से ली। जिलाधिकारी द्वारा नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रभारी निदेशक को निर्देश दिए की भवन में रखी गई सारी मशीनों को किसी अन्य स्थान पर रखा जाए ताकि वो सुरक्षित रहें और जब पुनः पढ़ाई शुरू हो तो वह संस्थान के काम आ सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने वहां उक्त संस्थान के नक्शे आदि प्रपत्रों का जायजा भी लिया व नन्ही परी सीमांत इंजीनियरिंग कॉलेज तक चंडाक के हैदर गार्डन से सड़क मिलान किए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु एसडीएम वैभव काण्डपाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# 15 मई तक हर हाल में पूरा हो हॉटमिक्स का काम

शाह टाइम्स संवाददाता



**कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने पर्यटन सीजन के मद्देनजर व्यवस्थाओं का जायजा लिया**

**नैनीताल।** कुमाऊं आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने पर्यटन सीजन को देखते हुए मंगलवार को भवाली से लेकर कैंची धाम तक सड़क यातायात, पार्किंग तथा शटल सेवा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बाईपास और अन्य पर्यटन सम्बंधी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए जिससे भवाली, नैनीताल व कैंची धाम आने वाले भक्तों और पर्यटकों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। आयुक्त दीपक रावत ने सर्वप्रथम भवाली के समीप नैनी बैंड सेनिटोरियम बाई पास फेस 1 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लो. निवि अधिकारियों को कलमट और चौड़ीकरण के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने हॉटमिक्स कार्य में तेजी लाते हुए प्रत्येक दशा में 15 मई (बीरवार) तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने सेनिटोरियम रातीघाट फेस 2 का निरीक्षण के दौरान शटल सेवा की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शटल सेवा स्थल पर पेयजल आदि की उचित व्यवस्था करने के निर्देश ईओ नगर पालिका भवाली को दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान उन्होंने सेनिटोरियम रातीघाट बाईपास मार्ग का भी निरीक्षण कर उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए जिससे पर्यटन सीजन के समय पहाड़ जाने वाले वाहनों को बाई पास से भेजा जा सके। इसके बाद आयुक्त रावत ने रातीघाट के समीप बनाए जा रहे हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि भविष्य में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कैंचीधाम में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को हैली सेवा से भक्तों को आवाजाही में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अभियंता लोक निर्माण नैनीताल रत्नेश सक्सेना ने बताया कि निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही और ट्रायल कर नियमानुसार शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। भ्रमण के दौरान आयुक्त रावत ने कैंची धाम में पर्यटन विभाग की भूमि पर करीब 63 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे मल्टी स्टोरी पार्किंग तथा ध्यान केन्द्र तथा पाथवे व ब्रिज आदि कार्यों का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था लोनिवि के अधिकारियों से जानकारी ली साथ ही विभाग को पार्किंग में पानी और शौचालय की बेहतर व्यवस्था बनाए जाने के साथ ही दिव्यांगों के लिए भी शौचालय आदि भी अलग से व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्य में तेजी लाने और मैन पावर बढ़ाने की बात कही जिससे पार्किंग का निर्माण शीघ्र हो और लोगों को पार्किंग आदि के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े और यातायात भी सुचारू रूप से चले। आयुक्त ने कैंची धाम के समीप शुलभ इंटर नेशनल द्वारा निर्माणाधीन शौचालय का भी निरीक्षण किया, उन्होंने कार्य में तेजी लाने और पर्यटन अधिकारी को समय समय पर निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान आयुक्त ने 546.75 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे सेनिटोरियम भवाली को जोड़ने वाले रानीखेत रोड में बन रहे निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण कर अगले माह तक पुल की दीवार को सड़क तक जोड़ने के निर्देश दिए। आयुक्त रावत के निरीक्षण के दौरान लोनिवि के मुख्य अभियंता पीएस बृजवाल समेत अपर जिलाधिकारी विवेक राय, संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता (एनएच) अनिल पांगती तथा तुषार सैनी सहित अन्य विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान आयुक्त ने बाबा नीब करौरी के दर्शन कर जनपद एवं मण्डल के सुख शांति व समृद्धि की कामना की।

## अंकित नेगी ने पीएचडी की परीक्षा दी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग भीमताल के शोधार्थी अंकित नेगी ने अपनी पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा मंगलवार को सफलतापूर्वक पूर्ण की। उनका शोध कार्य औषधीय पौधों की जीवाणुरोधी गतिविधि: सैल्मोनेला टाइफी के विरुद्ध प्रायोगिक एवं संगणकीय अध्ययन विषय पर आधारित था। अंकित नेगी ने डा. ऋचेन्द्र कुमार के निर्देशन तथा डा. सुभाष चंद्र के सह निर्देशन में यह शोध कार्य सम्पन्न किया। उन्होंने अपने शोध में पारंपरिक औषधीय पौधों की प्रभावशीलता को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रमाणित किया। मौखिक परीक्षा के दौरान बाह्य परीक्षक प्रो. संजय बत्रा (मुख्य वैज्ञानिक सीडीआरआई लखनऊ) ने शोध कार्य की सराहना की और आगे शोध में निरंतरता बनाए रखने की सलाह दी। यह सफलता विश्वविद्यालय और शोधार्थी दोनों के लिए गर्व का विषय है।

# पृथ्वी दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार व जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी के दिशा निर्देशन में यशवंत कुमार द्वारा पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर कुंदन लाल शाह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज (ऐशडेल) में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर व स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में यशवंत कुमार द्वारा बताया गया कि 2025 में पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह है। पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए देश दुनिया में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पृथ्वी दिवस मनाने का उदेश्य पर्यावरण संरक्षण की तरफ सभी का ध्यान खींचना और यह कोशिश करना है कि सभी पृथ्वी को खुशहाल बनाए रखने में योगदान दें। शिविर के उपरांत छात्राओं द्वारा पर्यवरण सरक्षण का संदेश देते हुए स्वछता में अपना श्रमदान किया गया। शिविर में प्रधानाचार्या नीतू रावत तथा अध्यापिका विनीता पाठक आदि उपस्थित रहे।

# पौधारोपण के साथ सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के भूगोल विभाग में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया, जिसमें विभाग ने परिसर में प्रतियोगिता के साथ ही पौधरोपण और सफाई अभियान भी चलाया। परिसर में विभाग की ओर से 10 पौधे में लगाए गए। बता दें कि विभाग में भाषण प्रतियोगिता व कविता प्रतियोगिता व पोस्टर मेकिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिनमें भाषण प्रतियोगिता में लिपि गरिया ने प्रथम, गौरव सिंह बिष्ट ने द्वितीय और समिष्ठा तृतीय रही। कविता प्रतियोगिता में सुहानी जोशी प्रथम, पोस्टर मेकिंग में सृष्टि राणा प्रथम, तनिष्क कुमार द्वितीय और भानुप्रिया पंत तृतीय रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अपूर्व प्रथम, मयंक द्वितीय और इरम रेजा तृतीय रही। कार्यक्रम के क्विज स्पीच एवं कविता प्रतियोगिता में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 200 रुपए व सर्टिफिकेट और द्वितीय व तृतीय श्रेणी के विजेता को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों में प्रथम को 300 रुपए व सर्टिफिकेट तथा द्वितीय को 200 रुपए व सर्टिफिकेट और तृतीय को 100 रुपए व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर दौरान परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा समेत प्रो. रजनीश पांडे, प्रो. एलएम तिवारी, प्रो. आरपी जोशी, डा. देवेंद सिंह परिहार, प्रो. अनीता पांडे तथा डा. मनीषा त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# बालिका इंटर कॉलेज में मनाया प्रवेशोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मालधनचौड़ में प्रवेशोत्सव उत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रवेश उत्सव में मालधन क्षेत्र के किशोरी लाल वरिष्ठ भाजपा नेता, संदीप खंतवाल मीडिया प्रभारी, राजन प्रसाद ग्राम प्रधान गौतम नगर तथा सावन सिंह शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष पीएम श्री राजकीय वाले के इंटर कॉलेज मालधन चौड़ के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ शुरू किया गया छात्राओं द्वारा स्वागत गीत भी प्रस्तुत किया गया। इस समय तक विद्यालय में लगभग 70 छात्राओं का प्रवेश कक्षा 6 और 9 में हो चुका है जो विद्यालय के लिए एक गौरव का विषय है। प्रवेशोत्सव में छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। छात्रों को विद्यालय में होने वाली समस्त गति. विधियों के बारे में तथा सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई विद्यालय में आने पर सभी नवीन प्रवेश वाली छात्राओं का स्वागत किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाचार्य सपना सिंह के द्वारा भी नवीन प्रवेश वाली छात्राओं का स्वागत किया गया तथा सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया कार्यक्रम का संचालन बिंदु शाह के द्वारा किया गया।

# अर्थ-डे पर पोस्टर प्रतियोगिता



शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** पृथ्वी दिवस पर मंगलवार को निदेशक प्राणी उद्यान नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग चंद्रशेखर जोशी के निर्देशन में नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में पोस्टर प्रतियोगिता एवं अपशिष्ठ से श्रेष्ठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कुल 300 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बता दें प्रतियोगिता का विषय हमारी शक्ति हमारा ग्रह रहा। प्रथम सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता तीन वर्गों में करायी गई। जिसके विषय क्रमश: मेरा पसंदीदा जानवर और मैं इसे कैसे सुरक्षित रख सकता हूँ। प्रकृति कोई घूमने की जगह नहीं, यह हमारा आवास है तथा पृथ्वी को हमारी आवश्यकता नहीं- हमें पृथ्वी की आवश्यकता है। द्वितीय सत्र में अपशिष्ठ से श्रेष्ठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा अपशिष्ठ से विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां प्रकट की गई। दोनों प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में सुश्री स्वाति (उप निदेशक प्राणी उद्यान नैनीताल) एवं आनन्द लाल (वन क्षेत्राधिकारी प्राणी उद्यान नैनीताल) रहे। कार्यक्रम के समापन में सुश्री स्वाति द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल (बायोलॉजिस्ट प्राणी उद्यान नैनीताल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर नैनीताल प्राणी उद्यान के महेश सिंह बोरा, जगदीश सिंह को. रंगा (वन दरोगा) नितिन मुकेश (वन आरक्षी), आनन्द सिंह (सिस्टम एनालिस्ट), विक्रम सिंह मेहरा (फार्मासिस्ट) एवं प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** राजकीय महाविद्यालय नारायण नगर में मंगलवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष डा.सारिका वर्मा के निर्देशन में हुआ। जो छात्रों और समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रेमलता पंत द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों में वृक्षारोपण अभियान, पर्यावरण जागरूकता रैली, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक व भाषण प्रतियोगिता किए गए। इस दौरान प्राचार्य डा. प्रेमलता पंत ने कहा पृथ्वी हमारा घर है और इसे सहेजना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयासों से हम बड़ा बदलाव ला सकते हैं। छात्रों ने हरियाली बचाओ, धरती बचाओ' जैसे नारों के साथ रैली निकाली। इस दौरान डा. पंकज कुमार भट्ट, डा.नरेंद्र धारियाल, डा. सुधीर तिवारी, डा.प्रमोद कोठारी, डा. रश्मि, डा. शिखर, डा. विवेक, डा. मनोज, डा. रविन्द्र, डा. टीका सिंह, डा. मनीष समेत अन्य लोग रहें।





## रोपवे में संयुक्त मॉकड्रिल की योजना तैयार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नेशनल डिजास्टर मैनेजमैंट आर्थोरिटी (एनडीएमए) भारत सरकार की ओर से जारी किये गये निर्देशों के अनुपालन में मुख्यालय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) नई दिल्ली द्वारा देश के विभिन्न रोपवे में संयुक्त मॉक अभ्यास की योजना तैयार की गयी है। जिसके अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित नैनीताल रोपवे में 15वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के निर्देशन में संयुक्त मॉक अभ्यास बुधवार (आज) को सुबह 9 बजे से एसडीआरएफ, डीडीएमए, दमकल विभाग व यूपीसीएल नैनीताल की उपस्थिति में किया जायेगा, जिसकी वजह से रोपवे नैनीताल का यात्रियों हेतु संचालन बुधवार (आज) को संयुक्त मॉक अभ्यास के उपरान्त किया जायेगा।

# जतिन जोशी को सम्मानित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नैनीताल बैंक द्वारा मंगलवार को जतिन जोशी जो कि हरगोविंद सुयाल इंटर कॉलेज कुसुमखेड़ा हल्द्वानी के छात्र हैं को सम्मानित किया गया। बता दें कि जतिन जोशी ने उत्तराखंड बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 99.2 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता प्रकाश चंद्र जोशी ने बताया कि जतिन की बहन प्रतिभा जोशी जो कि हरगोविंद सुयाल इंटर कॉलेज की ही छात्रा हैं। उन्होंने भी 12वीं की परीक्षा में प्रदेश भर में 25 वां स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। नैनीताल बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय की तरु से मंगलवार को समस्त जोशी परिवार और मेधावी जतिन जोशी और प्रतिभा जोशी को उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। नैनीताल बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय लाल साह ने बताया कि नैनीताल बैंक प्रदेश भर के मेधावी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने हेतु हमेशा तत्पर रहा है। हाल ही में बैंक द्वारा प्रदेश भर के मेधावी छात्राओं के लिए चेली भुली छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की है जिससे प्रदेश भर की मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने में सहायता हो सके। वर्ष 1922 में पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी एवं अन्य साथियों द्वारा नैनीताल बैंक की स्थापना किसानोंए छोटे व्यापारियों एवं सुदूर पहाड़ी क्षेत्र के आम-जनमानस तक बैंकिंग सुविधाओं को पहुंचाने की सोच के साथ की गई थीए उनकी इसी विरासत को आज भी नैनीताल बैंक आगे बढ़ा रहा है। बताया कि हरगोविंद सुयाल राजकीय इंटर कॉलेज के बहुत से मेधावी छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है अतरू बुधवार (आज) हरगोविंद सुयाल स्कूल जाकर सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को नैनीताल बैंक की तरफ से सम्मानित किया जाएगा।



## एक नजर

### बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य न करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक तथा महासचिव सोनू सहदेव ने सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर नैनीताल नगर पालिका के पर्यावरण मित्रों को बायोमैट्रिक उपस्थिति से मुक्त रखने के लिए अपने स्तर से घोषणा करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नैनीताल पालिका की सीमा के तहत भौगोलिक स्थिति अनुकूल न होने की वजह से पर्यावरण मित्रों की ओर से पहाड़ी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था किए जाने के लिए काफी मेहनत करनी होती है वही पर्यावरण मित्रों के पास दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन के लिए किसी भी प्रकार के वाहन की सुविधा नहीं है। बरसात व भूस्खलन के दौरान तो स्थिति और भी विकट हो जाती है। इन सब कारणों की वजह से पर्यावरण मित्रों को अपनी बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने में काफी परेशानी हो रही है।

### सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के भवाली रोड पर भूमियाधार गांव के समीप मंगलवार को सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ एक अधेड़ का शव मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। बता दें कि मंगलवार की सुबह भूमियाधार से सड़क की ओर आ रहे कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को गांव के सीसी मार्ग पर घायल अवस्था में बेसुध पड़ा देखा। लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर तल्लीताल एसआई सतीश उपाध्याय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तल्लीताल थाने के एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि मृतक की पहचान अनूप कुमार (40) के रूप में हुई है। बताया कि मृतक के सिर तथा पैर व अन्य हिस्सों पर गहरी चोट भी हैं। प्रथम दृष्टया मामला सड़क हादसे का लग रहा है। हालांकि लोगों से पूछताछ कर मौत के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता लग पाएगा। मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है। पंचनामा व पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### युवतियों पर फब्तियां कसना महंगा पड़ा

**नैनीताल।** नगर की मल्लीताल कोतवाली सीमा के तहत राजभवन क्षेत्र में युवकों को राह चलती युवतियों पर टिप्पणी और होमगार्ड से अभद्रता महंगी पड़ गई। पुलिस ने दोनों युवकों का चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को राजभवन रोड न्यू पालिका बाजार के समीप दो युवक राह चलते लोगों पर टिप्पणी कर रहे थे। वहां से गुजर रही युवतियों पर भी जब युवकों ने फब्तियां कसीं तो राहगीरों ने विरोध किया। लोगों ने चौराहे पर ड्यूटी कर रहे होमगार्ड से शिकायत की। होमगार्ड ने युवकों को वहां से हटने को कहा लेकिन युवक नहीं हटे। दोनों होमगार्ड से अभद्रता कर बीच सड़क पर हंगामा करने लगे। सूचना के बाद कोतवाली से कांस्टेबल बृजमोहन टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को कोतवाली ले आए। लगभग एक घंटे तक युवकों को हिरासत में बैठाया गया। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि लोगों से अभद्रता करने और माहौल खराब करने पर हल्द्वानी निवासी भाष्कर व अंकित का चालान कर दिया गया है।

### जिला अस्पताल में कराई फॉगिंग

**नैनीताल।** डेंगू की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसको लेकर राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल की ओर से अस्पताल में फॉगिंग कराई गई। जिला अस्पताल प्रबंधन अप्रैल से ही डेंगू को लेकर चौकन्ना हो गया है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मांग के बाद पालिका टीम ने अस्पताल में फॉगिंग की। अस्पताल के महिला और पुरुष वार्ड के साथ निजी वार्ड व आपातकालीन कक्ष समेत पूरे अस्पताल में फॉगिंग कराई गई। पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि आने वाले दिनों में डेंगू की आशंका को देखते हुए फॉगिंग कराई गई है। पालिका से अस्पताल में समय. समय पर अस्पताल में फॉगिंग करने की मांग की गई है। सफाई को लेकर विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### चार्टन लॉज से हटाया अतिक्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल में रिक्शा से चार्टन लॉज मार्ग से वाहनों व फड़ों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर पालिका व पुलिस ने अभियान चलाकर मल्लीताल 10 से ज्यादा ठेले जब्त किए जबकि पुलिस ने मार्ग किनारे अवैध रूप से वाहन पार्क करने पर 20 लोगों का चालान किया है। बता दें मंगलवार को कोतवाली पुलिस व नगर पालिका टीम मल्लीताल में रिक्शा स्टैंड के पीछे रोपवे व उसके बगल वाले मार्ग पर पहुंची तो वहां फड़ व ठेले रखे हुए मिले। टीम ने मुनादी कर लोगों से सामान हटा लेने की अपील की। लंबा समय बीतने के बाद भी कोई सामान हटाने नहीं पहुंचा। टीम ने ठेले के साथ ही ढककर रखा गया करीब एक ट्रक सामान जब्त कर लिया। पुलिस ने भी अवैध रूप से पार्क 20 दो पहिया वाहनों का चालान कर दिया। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र में अभियान जारी रहेगा। सड़कों व रास्तों के किनारे अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# हाईकोर्ट पहुंचा रुद्रपुर में मजार तोड़ने का मामला

## उच्च न्यायालय ने जांच कमेटी बनाने को कहा, 24 घंटे में मांगी रिपोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने रुद्रपुर में नेशनल हाइवे पर बनी मजार के ध्वस्तीकरण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद एकल पीठ ने कहा है कि मामले की जांच कराने के लिए दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया जाए। कमेटी अपनी रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत करें। कोर्ट ने तब तक ऊधम सिंह नगर के जिला प्रशासन से कहा कि मजार के ऊपर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। मामले की अगली सुनवाई कोर्ट ने बुधवार (आज) की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार ऊधम सिंह नगर जिले के रुद्रपुर में इंदिरा चौक के समीप बनी सैय्यद मासूम शाह मिया और सज्जाद मिया की मजार को प्रशासन ने सोमवार सवेरे बुलडोजर की मदद से हटा दिया क्योंकि यह मजार प्रस्तावित आठ लेन हाईवे परियोजना को प्रभावित कर रही है, यही नहीं हाइवे प्राधिकरण ने इसकी जद में आ रहे लोगों को भी नोटिस देकर हटने को कहा है।इस सम्बंध में एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) ने पहले ही संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर जानकारी दी थी लेकिन नोटिस देने के बावजूद भी मजार को अन्य जगह शिफ्ट नहीं कराया गया, जिसके विपरीत प्रसाशन ने हाइवे की चौड़ीकरण करने के लिए बुलडोजर लगाकर मजार को ध्वस्त कर दिया। मंगलवार को मामले को लेकर याचिकाकर्ता वक्फ अल्लाह ताला की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता तनवीर आलम खान कोर्ट के सामने यह मामला सुनवाई हेतु रखा। जिसे न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने लंच के बाद सुना। सुनवाई के दौरान ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी और एसएसपी वीडियो कोंनफ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उन्होंने कोर्ट का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय में एनएच से मजार हटाने को लेकर पहले से ही सुनवाई चल रही है। जिलाधिकारी ने न्यायालय को बताया कि इस दरगाह का नाम हजरत मासूम साह दरगाह था। ये भूमि वक्फ की भूमि नहीं है। बीते दस फरवरी को एनएचए आई ने मजार प्रबंधक को 60 दिन पहले नोटिस दिया था और फिर दोबारा नोटिस देकर ये कार्यवाही की। ये 1960 से यह दरगाह सड़क के पास बनी हुई है। अब एनएचएआई का चौड़ीकरण की जद में आ रही है। इसको हटाने के लिए इसके प्रबंधक को नोटिस पूर्व में नोटिस दिया गया था जो अभी तक नही हटाया गया। कोर्ट ने इस्पस्ट किया कि इसको अन्य जगह विस्थापित किया जाय। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कहा कि प्रशासन ने मजार ध्वस्त कर वहां कोलतार बिछा दिया और वहां ट्रैफिक चलने लगा है। आगे यह भी कहा कि बीती रात तक वहां ट्रैफिक नहीं चल रहा था और तड़के सवेरे ध्वस्तीकरण के बाद ट्रैफिक चल गया। इसपर न्यायालय ने जिलाधिकारी और एसएसपी से डामरीकरण रोकने के साथ ही उक्त स्थल के ऊपर से ट्रैफिक की आवाजाही बन्द करने को कहा। सरकारी अधिवक्ता राजीव बिष्ट ने न्यायालय को बताया कि इस स्थल से दो हाइवे क्रॉस करते हैं। जिससें ट्रैफिक बाधित हो रही है।

### यूसीसी-2025 को हाईकोर्ट में दी गई चुनौती, अगली सुनवाई मई के अंत में

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी)-2025 के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले को नागरिक अधिकारों से जुड़ा बताते हुए विस्तार से बहस के लिए मई के अंतिम सप्ताह में अगली सुनवाई की मांग की। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से आपसी सहमति से तारीख तय करने को कहा है। याचिकाओं में मुस्लिम समुदाय, लिव-इन रिलेशन में रह रहे लोग, पारसी समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों की तरफ से यूसीसी के प्रावधानों पर आपत्ति जताई गई है। मुख्य आपत्तियां: लिव-इन रजिस्ट्रेशन में मांगी जा रही पूर्व जानकारियों को लेकर गोपनीयता और सुरक्षा का खतरा है। धार्मिक रीति-रिवाजों और शरीयत के नियमों की अनदेखी है। लिव-इन को लगभग शादी के समान दर्जा, पर तलाक की प्रक्रिया अलग, जिससे सामाजिक संतुलन बिगड़ने की आशंका है। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल किया जा चुका है। अगली सुनवाई में संवैधानिक और सामाजिक दृष्टिकोण से मुद्दे की गहराई से पड़ताल की जाएगी।

## तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**हल्द्वानी।** आधी रात को पार्टी से लौट रहे दो चचेरे भाइयों की बाइक को तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चौकोड़ी बेरीनाग पिथौरागढ़ निवासी सुंदर मोहन पाठक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते रविवार रात उनका बेटा योगेश पाठक अपने चचेरे भाई प्रकाश पुत्र रमेश चंद्र के साथ रानीबाग स्थित एक होटल में पार्टी में गया था। देर रात करीब साढ़े 12 बजे दोनों बाइक से लौट रहे थे। जब वे वॉक वे मॉल के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन संभावित कैंटर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क हादसे में योगेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। काठगोदाम थाना प्रभारी दीपक बिष्ट ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार किया जाएगा।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि चेकिंग के दौरान गौलापुल के पास एक युवक पुलिस को देख कर भागने लगा, जिसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अरशद अली निवासी इंद्रानगर बनभूलपुरा बताया।

# नैनीताल के आशुतोष, सहारनपुर के भास्कर ने बनाया एआई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल के आशुतोष आर्य एवं सहारनपुर के भास्कर गौतम ने लीगल एआई प्लेटफार्म बनाया है जो लीगल रिसर्च में क्रांति लाएगा। भारतीय स्टार्टअप ने लॉन्च किया पावर्ड प्लेटफॉर्म लीगल एआई। बता दें कि भारतीय तकनीकी स्टार्टअप ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उन्नत तकनीकी क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल करते हुए एक अभिनव उत्पाद लीगल, आई को लॉन्च किया है। यह प्लेटफार्म विशेष रूप से कानूनी पेशेवरों तथा वकीलों व जजों और शोधकर्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जिससे उनकी रिसर्च प्रक्रिया अधिक तेज़, सटीक और उत्पादक बन सके। स्टार्टअप की यह यात्रा एक प्रमुख सामाजिक तकनीकी उद्देश्य के साथ शुरू हुई। संस्थापकों ने महसूस किया कि लीगल प्रोफेशनल्स अपनी रिसर्च में अत्यधिक समय व्यतीत करते हैं जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है। इस चुनौती का समाधान खोजने के लिए टीम ने आधारित समाधान पर काम करना शुरू किया और परिणामस्वरूप लीगल आई की अवधारणा अस्तित्व में आई। स्टार्टअप के प्रवक्ताओं का कहना है कि लीगलएआई न केवल पेशेवरों के लिए बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक प्रभावशाली उपकरण है जो उन्हें त्वरितए सटीक और किफायती कानूनी जानकारी उपलब्ध कराने में सक्षम है। टीम का लक्ष्य है कि समाज में न्याय और समानता को बढ़ावा देते हुएए तकनीक को सामाजिक कल्याण के लिए एक सशक्त माध्यम बनाया जाए।

# एमबीपीजी कॉलेज में विधिक जागरूकता रैली

**हल्द्वानी।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा संपूर्ण जिले में स्वच्छता अभियान तथा विधिक जागरुकता रैली एवं शिविरों का आयोजन किया गया। उत्तराखण्ड राज्य विधिक प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल बीनू गुलयानी द्वारा मंगलवार को एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी नैनीताल में विधिक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पृथ्वी की रक्षा के कार्यो को प्रोत्साहित करने तथा प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन व जैव विविधता कानून जैसे मुद्दों के बारे मे जागरुकता बढ़ाने के संबंध में तथा पर्यावरण अनुकूल उत्पादों और प्रथाओं को प्रोत्साहित करना तथा प्लास्टिक के उपयोग से बचने और कम करने, पुन: उपयोग करने व पुनर्चक्रण के साथ साथ जल और ऊर्जा के संरक्षण जैसे मुदद्दे पर जागरुक किया गया, साथ ही वीरांगना बाल आश्रय हल्द्वानी में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप तथा बाल विवाह व पॉश एक्ट तथा निरूशुल्क विधिक सहायता, लीगल एड क्लिनिक व स्थाई लोक अदालत व मासिक लोक अदालत व राष्ट्रीय लोग अदालत, नालसा व हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा सभी प्रकार की पेंशन जैसे वृद्धावस्था पेंशन व विधवा पेंशन आदि के विषय पर जागरुक किया गया। शिविर में पीएलवी उमा भंडारी उपस्थित रही। इसी के साथ सम्पूर्ण जिले में पीएलवी के माध्यम से स्कूलों व कॉलेजों आदि में स्वच्छता अभियान चलाकर पृथ्वी दिवस का संदेश दिया गया।

# केकेआर को मिली लगातार दूसरी हार




## गुजरात टाइटंस तालिका में शीर्ष पर बरकरार, गिल व सुदर्शन चमके

**कोलकाता, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 39 रनों से हराया और शीर्ष पर अपना दबदबा मजबूत किया।

गुजरात ने शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्द्धशतकों से 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए थे, जवाब में केकेआर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। इस सीजन यह पहली बार है जब केकेआर ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। यह गुजरात की आठ मैचों में छठी जीत है और वह 12 अंक लेकर शीर्ष पर बना हुआ है। गुजरात ने इस सीजन दो मुकाबले गंवाए हैं। वहीं, केकेआर की आठ मैचों में यह पांचवीं हार है और वह तीन जीत के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। केकेआर के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बनाए जो 36 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने गुरबाज का विकेट जल्द गंवा दिया। इसके बाद रहाणे ने सुनील नरेन के साथ मिलकर टीम को संभाला, लेकिन नरेन 17 रन बनाकर आउट हो गए। फिर रहाणे अच्छी पारी खेलते रहे, लेकिन दूसरे छोर पर उनका कोई बल्लेबाज साथ नहीं दे सका। केकेआर के लिए बड़ी साझेदारी नहीं बन पाना हार का बड़ा कारण बना। केकेआर की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले उसे पिछले मैच में पंजाब किंग्स ने हराया था। केकेआर के लिए रहाणे के अलावा आंद्रे रसेल ने 21, रिंकू सिंह ने 17, वेंकटेश अय्यर ने 14 और रमनदीप सिंह ने एक रन बनाए, जबकि इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे अंगकृष 27 और हर्षित राणा एक रन बनाकर नाबाद लौटे। गुजरात के लिए प्रसि( कृष्णा और राशिद खान ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और आर साई किशोर को एक-एक विकेट मिले। इससे पहले, केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन गुजरात के लिए गिल और सुदर्शन ने शतकीय साझेदारी की जिसकी मदद से टीम बड़ा लक्ष्य देने में सफल रही। गुजरात के लिए गिल ने 55 गेंदों पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 90 रन बनाए, जबकि सुदर्शन 36 गेंदों पर छह चौका और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। पहले बल्लेबाजी करते हुए गिल और सुदर्शन ने गुजरात को शानदार शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 114 रन जोड़े। गिल ने 34 गेंदों पर और सुदर्शन ने 33 गेंदों पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। सुदर्शन का इस सीजन का यह पांचवां और गिल का तीसरा पचासा था। गुजरात के लिए गिल और सुदर्शन की जोड़ी हिट है। गिल और सुदर्शन के नाम ही गुजरात के लिए सबसे बड़े ओपनिंग साझेदारी करने का रिकॉर्ड है। गिल और सुदर्शन के बीच 114 रनों की साझेदारी गुजरात के लिए चौथी बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। गिल और सुदर्शन तीन बार गुजरात के लिए शतकीय साझेदारी कर चुके हैं जिसमें एक बार 210 रनों की पार्टनरशिप भी शामिल है। गिल और सुदर्शन आईपीएल 2025 में शानदार फार्म में चल रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी इस सीजन धमाल मचा रही है। गिल और सुदर्शन ने इस सत्र में आठ पारियों में अब तक 448 रन जोड़े हैं और इनका औसत 56.0 का रहा है। गिल और सुदर्शन 8.93 के रन रेट से रन बना रहे हैं। इन दोनों की जोड़ी ने इस सीजन दो बार शतकीय और दो बार अर्द्धशतकीय साझेदारी की है। इतना ही नहीं, इन दोनों ने आईपीएल 2024 से अब तक 17 पारियों में कुल आठ बार 50+ साझेदारी की है जो सर्वाधिक है। इन्होंने इस मामले में ट्रेविस और अभिषेक को पीछे छोड़ा जिन्होंने आईपीएल 2024 से अब तक 22 पारियों में सात बार 50+ साझेदारी की है। गिल और सुदर्शन के बीच इस साझेदारी को रसेल ने तोड़ा। सुदर्शन के आउट होने के बाद बटलर क्रीज पर आए और उन्होंने गिल के साथ मिलकर गुजरात की पारी को गति दी। गिल ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी, लेकिन वह शतक लगाने से चूक गए। इस दौरान गिल और बटलर के बीच दूसरे विकेट के लिए 58 रनों की साझेदारी हुई जिसे वैभवने तोड़ा। इसके बाद हर्षित ने तेवतिया को खाता खोले बिना आउट कर गुजरात को तीसरा झटका दिया।



# समृति मंधाना-जसप्रीत बुमराह को विज्डन के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का सम्मान

## जसप्रीत बुमराह का 2024 में औसत 14992 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्डतोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। वर्ष 2024 के लिए विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना और पुरुष टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना है। जसप्रीत बुमराह को 2024 मे औसत 14992 रहा और स्ट्राइक रेट 30 से रिकॉर्ड तोड़ 71 टेस्ट विकेट लिए और टी-20 विश्वकप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने अकेले 13.06 की औसत से 32 विकेट झटके। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना ने पिछले वर्ष तीनों प्रारुपों टी-20, एकदिवसीय और टेस्ट मैच में 1659 रन बनाए। इसी के साथ उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मधाना ने यह उपलब्धि दो बार पाने वाले पहली भारतीय महिला खिलाड़ी है। बीते वर्ष उन्होंने चार एकदिवसीय शतक और दक्षिण अफीका के खिलाफ एक टेस्ट शतक (149 रन) बनाया था। उन्होंने कहा कि एकदिवसीय में 747 रन के साथ-साथ टी-20 में 763 रन बनाकर शीर्ष पर रहीं। इसके अलावा मंधाना ने पिछले वर्ष आरसीबी को अपने पहले महिला प्रीमियर लीग का खिताब जिताया था।

## बीमारी के कारण सात्विक और चिराग सुदीरमन कप में नहीं लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीमारी के कारण सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेटी की शीर्ष भारतीय युगल जोड़ी चीन के जियामेन में 27 अप्रैल से चार मई तक चलने वाले सुदीरमन कप में हिस्सा नहीं लेगी।

### खेल विशेष

## क्रेक्स ने बनाया हरमनप्रीत कौर को ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के शीर्ष क्रिकेट विश्लेषण मंच क्रेक्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। क्रेक्स ने आज हरमनप्रीत को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह साझेदारी महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड द्वारा निरंतर प्रयास को दर्शाता है। साथी भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन के साथ, दो प्रसिद्ध खिलाड़ी मंच को व्यापक दर्शकों से जुड़ने में मदद करेंगे। क्रेक्स ऐप के जरिए क्रिकेट के सभी प्रारुपों टेस्ट, एकदिवसीय, टी-20 और यहां तक कि क्लब मैचों गेंद-दर-गेंद कमेंट्री, स्कोर, फिक्स्चर, टीम/खिलाड़ी रैंलकग, समाचार और विस्तृत आँकड़े प्रशंसक प्राप्त कर सकते हैं। भारत की महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ब्रांड एंबेसडर बनाये जाने पर कहा कि मैं क्रेक्स के साथ साझेदारी करके रोमांचित हूँ, यह एक ऐसा मंच जो क्रिकेट के लिए मेरे जुनून को साझा करता है और महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# लखनऊ ने दिल्ली को दिया 160 रनों का लक्ष्य

## दिल्ली कैपिटल्स का पहला विकेट गिरा, मारक्रम ने करुण को बोल्ड किया

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल के 40वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 160 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। लखनऊ ने 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए।

ऐडन मार्करम ने 52, मिचेल मार्श ने 45 और आयुष बडोनी ने 36 रन बनाए। दिल्ली से मुकेश कुमार ने 4 विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स ने 3.4 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 36 रन बना लिए हैं। टीम से अभिषेक पोरेल और केएल राहुल पिच पर हैं। ऐडन मार्करम ने करुण नायर को बोल्ड किया। दिल्ली कैपिटल्स से अभिषेक पोरेल और करुण नायर ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने पहले ओवर में 15 रन बनाए। लखनऊ से शार्दूल ठाकुर ने यह ओवर फेंका। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्हें मुकेश कुमार ने आउट किया। इसी के साथ लखनऊ टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। 20वें ओवर में लखनऊ ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल मुकेश कुमार ने यार्कर फेंकी। आयुष बडोनी आफ स्टंप की ओर शफल कर शाट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। बडोनी ने 36 रन बनाए। लखनऊ ने 14वें ओवर में 2 विकेट गंवाए। ओवर की दूसरी बाल मुकेश कुमार ने शार्ट पिच फेंकी।

अब्दुल समद ने सामने की ओर शाट खेला, लेकिन मुकेश कुमार को ही कैच दे बैठे। वे 2 ही रन बना सके। मुकेश ने फिर ओवर की आखिरी गेंद यार्कर फेंकी और मिचेल मार्श को बोल्ड कर दिया। मार्श ने 45 रन बनाए। 12वें ओवर में लखनऊ ने दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की दूसरी बाल मिचेल स्टार्क ने शार्ट पिच फेंकी। निकोलस पूरन पुल करने गए, लेकिन बाल उनके बैट से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। पूरन ने 9 रन बनाए। 10वें ओवर में लखनऊ ने पहला विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बाल दुष्मंथा चमीरा ने गुड लेंथ पर फेंकी, ऐडन मार्करम ने कवर्स की ओर शाट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों कैच हो गए। मार्करम ने 52 रन बनाए। उन्होंने मिचेल मार्श के साथ 87 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की।

## जुबा संघा की आसान जीत

**नई दिल्ली।** डीएसए सीनियर डिवीजन लीग में मंगलवार को शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को तथा महिला वर्ग की वूमेंस प्रीमियर लीग में जुबासंघा ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब को हराया। यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में शास्त्री फुटबॉल क्लब ने सिटी एफसी को 7-1 से रौंदकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।


**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय नलकूप उपखण्ड चम्पावत**

पत्रांक:- 49/सहा0 अभि0 द्वि/2025 **शुद्धि पत्र** दिनांक: 22/04/2025

इस उपखण्ड की अल्पकालीन निविदा सं0-01/AEII/2025-26 जो दिनांक 21.04.2025 को हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी, जिसके निविदा खोलने का स्थान कार्यालय सहायक अभियन्ता नलकूप उपखण्ड, चम्पावत प्रस्तावित था। अपरिहार्य कारणो से अल्पकालीन निविदा सं0-01/AEII/2025-26 के निविदा खोलने के स्थान में परिवर्तन करते हुये उक्त निविदा कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम नलकूप उपखण्ड, टनकपुर में खोली जायेगी।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

सहायक अभियन्ता द्वितीय
नलकूप उपखण्ड चम्पावत



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड-घनसाली, टिहरी गढ़वाल**

Pho./Fax No. 1379-258428 E:mail-res.ghansali@gmail.com

पत्रांक: 20/ग्रा0नि0वि0/निविदा सूचना/2025-26 दिनांक: 16/04/2025

**निविदा सूचना सं0-01/2025-26**

महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो की मोहर बन्द निविदायें विभाग में (सिविल) कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से **दिनांक 03.05.2025** को 2.00 बजे अपरान्ह तक प्रखण्ड कार्यालय घनसाली में आमंन्त्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाएं दिनांक 02.05.2025 को सायं 4:00 बजे तक निर्धारित मूल्य का चालान/जी0एस0टी0 जमा कर प्रखण्ड कार्यालय घनसाली से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | विकासखण्ड का नाम | 3 प्रतिशत धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत ग्राम मान्दरा के मान्दरा गदेरे में पुलिया का निर्माण। | भिलंगना | 36,500.00 | 1500.00+ 18% GST | 03 माह | 45 दिन | ई0 एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |
| 2 | विकास खण्ड भिलंगना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोट के फुटबुडी में आवासीय भवनों की सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | भिलंगना | 27,500.00 | 1500.00+ 18% GST | 03 माह | 45 दिन | ई0 एवं उच्च (भवन निर्माण कार्य) |

नोटः- 1-निविदादाता को निविदा प्रपत्रों की लागत एवं जी0एस0टी0 मूल्य का पृथक-पृथक ई चालाान के माध्यम से विभागीय लेखाशीर्षक 0515 एवं जी0एस0टी0 (CGST+ SGST) जी0एस0टी0 नमबर 05MRTR02956C1D1 में जमा कर, ई चालान की प्रति निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। निविदा प्रपत्र मूल्य के ई-चालान में सम्बन्धित कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।

2- निविदा की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में प्रखण्ड कार्यालय से देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग,
अस्थाई प्रखण्ड घनसाली



**IIFL FINANCE**

CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

**सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड ("आईआईएफएल") उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लेटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **26.04.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के प्लेटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो जिला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट जिला केंद्र पर **07.05.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **हल्द्वानी-नैनीताल रोड - प्रथम तल गुरु गोविंद सिंह टावर नैनीताल रोड हल्द्वानी उत्तराखंड-263139**

**शाखा का नाम: बाजपुर-जीएल, तालुका - काशीपुर**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL25321070, GL27510607, GL27974082, GL31951642, GL31959263, GL32885373, GL33070524, GL33084583, GL33613582, GL33964121.

**शाखा का नाम: गदरपुर-काशीपुर रोड जीएल, तालुका - किच्छा**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL25094923, GL25400965, GL25534764, GL28707179, GL32335612, GL33537352.

**शाखा का नाम: हल्द्वानी-कटघरिया सोहो जीएल, तालुका - हल्द्वानी**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL33488793.

**शाखा का नाम: हल्द्वानी-मंगल पड़ाव जीएल, तालुका - हल्द्वानी**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL31885327, GL31901615, GL31967885, GL31987498, GL32274673, GL32283956, GL32370736, GL32374626, GL32435086, GL32460952, GL32468969, GL32686141, GL32916894, GL32926231, GL32995675, GL33021219, GL33076759, GL33100496, GL33116309, GL33155929, GL33174550, GL33257012, GL33260397, GL33316572, GL33415180, GL33527473, GL33541273, GL34042295, GL34042990, GL34206592, GL34297672, GL34314699, GL34323526.

**शाखा का नाम: हल्द्वानी-मुखानी जीएल, तालुका - हल्द्वानी**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL24754085, GL25073831, GL25122002, GL30973442, GL31862202, GL31878861, GL31975665, GL32056863, GL32134338, GL32145885, GL32158410, GL32165239, GL32168196, GL32168831, GL32247175, GL32255060, GL32402374, GL32402845, GL33068485, GL33087599, GL33108807, GL33246403, GL33263373, GL33304924, GL33311672, GL33313797, GL33319262, GL33324623, GL33365282, GL33372011, GL33470658, GL34153084, GL34174240, GL34273158, GL34281490, GL34293296, GL34348615.

**शाखा का नाम: हल्द्वानी-नैनीताल रोड, तालुका - हल्द्वानी**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL24515143, GL24529559, GL25150502, GL27282624, GL27804863, GL30974551, GL31354800, GL32492118, GL32619134, GL32636509, GL32703164, GL32790642, GL32802179, GL32810884, GL32815515, GL32827656, GL32834645, GL32883788, GL32911360, GL32925415, GL32935760, GL32954487, GL32971261, GL32997022, GL33015901, GL33042538, GL33249298, GL33338753, GL33365650, GL33367605, GL33373276, GL33388954, GL33389650, GL33441945, GL33459256, GL33475599, GL33501348, GL33505256, GL33510219, GL33897201, GL33955193, GL33960116, GL33964504, GL34026265, GL34119942, GL34155878, GL34180619, GL34258176, GL34655307.

**शाखा का नाम: जसपुर-काशीपुर रोड जीएल, तालुका - जसपुर**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL24365733, GL24367068, GL25062712, GL25452516, GL25502252, GL26255638, GL28143615, GL32885106, GL33340777, GL33424184, GL34499670.

**शाखा का नाम: काशीपुर-एनएच 74 जीएल, तालुका - काशीपुर**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL24765682, GL31525472, GL32513342, GL32516043, GL32525415, GL32945263, GL33196505, GL33340218, GL33415359, GL33433022, GL33497788, GL33513521, GL33805065, GL34095871, GL34116223.

**शाखा का नाम: खटीमा-टनकपुर रोड जीएल, तालुका - खटीमा**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL24311231, GL24602107, GL24644874, GL24775137, GL24859684, GL24979113, GL25211159, GL25791946, GL33140068, GL33683986.

**शाखा का नाम: किच्छा-उधमसिंहनगर जीएल, तालुका - किच्छा**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL33716349, GL33744054, GL33812967, GL33949097.

**शाखा का नाम: लालकुआं-रेलवे स्टेशन रोड सोहो जीएल, तालुका - लालकुवां**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL32936060, GL33155454, GL33253812, GL33843205.

**शाखा का नाम: रामनगर नैनीताल-रामनगर जीएल, तालुका - भिकिया सैंण**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL25269336, GL32246162, GL32264496, GL32727164, GL32744164, GL33114793, GL33924136, GL33939112, GL34226617, GL34247702, GL34265897, GL34304252, GL34313166.

**शाखा का नाम: रुद्रपुर-नैनीताल रोडजीएल, तालुका - किच्छा**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL30784527, GL31929233, GL31930391, GL34015793.

**शाखा का नाम: रुद्रपुर यूके-सोलंकी हाइट्स जीएल, तालुका - किच्छा**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL25236270, GL25531017, GL25617558, GL32784883, GL33071056, GL33084749, GL33110424, GL33121450, GL33164900, GL33575067, GL33775302, GL33800855.

**शाखा का नाम: सीतारगंज जीएल, तालुका - सीतारगंज**
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL30708868, GL30710336, GL31519669, GL31636666, GL31650986, GL31668197, GL31673760, GL32905472, GL32921258, GL33134466, GL33444788, GL33460556, GL33684533, GL33709847.
गोल्ड लोन खाता. सं.: GL30708868, GL30710336, GL32561327, GL32583641, GL33065792, GL33086277, GL33093340, GL33119500, GL33469760, GL34458435.

ई-नीलामी "जैसा है, जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: 23.04.2025
स्थान: नैनीताल

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

CMYK



# भगवानपुर पुलिस ने दबोचा नशा तस्कर

## 26.25 ग्राम स्मैक बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस ने एक नशा तस्कर को दबोच कर उसके पास से 26.25 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। उसके पास से 01 डिजिटिल तराजू, मोबाईल भी पुलिस ने बरामद किया है। अभि0 को आज ही न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान 2025 के तहत जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (अवैध शराब/स्मैक/ चरस/ गांजा आदि) तस्करों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने के क्रम में भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत दौराने चौकिंग दिनाक 20/04/2025 को अभियुक्त जावेद अली पुत्र इसरार निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर को 26.25 ग्राम अवैध स्मैक परिवाहन करते हुये मय 01 डिजिटिल तराजू मय एक अदद मोबाईल फोन मय मो0सा0 के साथ ग्राम बहबलपुर जाने वाली सडक के पास अन्दर चकरोड पर से गिरफ्तार किया जिसके सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0 138/2025, धारा 8/21/29/60 एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभि0 को आज ही न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभियुक्त जावेद अली पुत्र इसरार निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार है। उससे 26.25 ग्राम अवैध स्मैक के अलावा डिजिटिल तराज एक अदद मोबाईल फोन मोटर साईकिल सुपर स्पैण्डर भी बरामद की है। पुलिस टीम 1-अपर उ0नि0 प्रदीप चौहान ख्र थाना भगवानपुर 2-का0 दीपक मंमगाई ख्रथाना भगवानपुर 3-का0 राहुल कुमार थाना भगवानपुर शामिल रहे।



# पुलिस ने मोटर साइकिल समेत दो वाहन चोर दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** पुलिस ने चोरी की मोटर साईकिल के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 20/04/25 को थाना हाजा पर आकर वादी दिनेश पुत्र सुखपाल ग्राम शिकारपुर जिला हरिद्वार के द्वारा स्वंम की मो0सा0स0 7701 को विदास मंदिर भगवानपुर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 137/2024 धारा303(2)बीएनएस पंजीकृत कराई गई जिसकी विवेचना उ0नि0 सन्तोष सेमवाल थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार के सपुर्द की गई। थाना भगवानपुर पुलिस की गठित टीम द्वारा तलाश माल मुल्जिमान की पतारसी सुरागरसी करते हुए घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज संकलित कर क्षेत्र में मुखबिर मामूर किये गये। परिणाम स्वरूप पुलिस टीम द्वारा दौराने चौकिंग अभि0गण-रजत पुत्र स्व0 राकेश निवासी शाहपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार व अभिषेक पुत्र राकेश भगत निवासी शाहपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को मय चोरी की गई 01 स्प्लेंडर मोटर साईकिल टूटी हुयी नंबर प्लेट के साथ गागलहेडी तिराहे से होते हुये खेलपुर की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। अभि0गणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहे है। पुलिस टीम का विवरण 1-उ0नि0 सन्तोष सेमवाल थाना भगवानपुर2-हैड कानि0 सुन्दर सिंह 3-कानि0 राजेन्द सिंह शामिल रहे।

# पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस ने अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

जानकारी के अनुसार लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने जानकारी दी की पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड द्वारा पुरस्कार घोषित वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के संदर्भ में विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद हरिद्वार पुलिस को वांछित अभियुक्तो की धर पकड़ गिरफ्तारी के लिए प्रभावी कार्यवाही के लिए सभी थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया था 20 अप्रैल 2025 को कोतवाली लक्सर पर एनडीपीएस एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा है अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम माजिद पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम जैनपुर खुर्द थाना कोतवाली लक्सर हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला कांस्टेबल संदीप रावत सौदीश कुमार शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## लक्सर पुलिस ने चंद घंटों में किया हत्या का खुलासा

# नशेड़ी ने फावड़ा मारकर की हत्या, गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस ने इस्माइलपुर के पास ओसपुर निवासी की हुई हत्या का चंद घंटों में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 अप्रैल 2025 को वेदपाल पुत्र सुखबीर सिंह निवासी ग्राम ओसपुर, थाना कोतवाली लक्सर, जिला हरिद्वार ने तहरीर दी थी। तहरीर में उन्होंने बताया था कि इस्माइलपुर सुल्तानपुर गांव के बाहर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके पिता सुखबीर पुत्र प्रताप (उम्र करीब 65 वर्ष) से लूटपाट की कोशिश की गई। विरोध करने पर अज्ञात व्यक्ति ने उनके पिता के सिर पर हथियार से वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। वेदपाल ने बताया कि उपचार के दौरान उनके पिता की मृत्यु हो गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना की सत्यता और शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हरिद्वार को निर्देशित किया गया। इसके बाद अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और जनता के सहयोग से घटना का खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लियापूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि नशे में होने के कारण उसका एक राहगीर से विवाद हो गया था और गुस्से में फावड़ा मृतक के सिर पर लग गया, जिससे वह जमीन पर गिर गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हनुमान उर्फ पवन उर्फ केसरी उर्फ कैलाश उर्फ कंचन पुत्र हरीश, निवासी रानीखेत, जिला अल्मोड़ा, उत्तराखंड (उम्र करीब 42 वर्ष) के रूप में हुई है।आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी राजीव रौथान, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज गैरोला, सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह नेगी, कांस्टेबल हिमांशु चौधरी और जगत सिंह शामिल थे। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



# घर से खेलने निकले दो नाबालिग बच्चे लापता

## अपहरण की आशंका, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** घर से खेलने के लिए निकले दो नाबालिग बच्चें लापता हो गए।परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार कलियर के मुकर्रबपुर निवासी रहमान ने बताया कि उसका पुत्र आहिल(13) ओर आसिफ (13)निवासी बेड़पुर कलियर आपस में दोस्त हैं।सोमवार को दोनो घर से खेलने के लिए निकले थे। देर शाम तक जब वह वापस नही लौटे तो उन्होंने आसपास तलाश किया लेकिन उनका कुछ पता नही चल पाया। उन्होंने कलियर के आसपास सीसीटीवी कैमरों को देखा तो सीसीटीवी कैमरों में उनके बच्चे के साथ एक ओर बच्चा जाते दिखाई दे रहा हैं।तीसरे बच्चे का नाम पता मालूम नही हैं। रुड़की रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी तीनों ही दिखाई दिए हैं। परिजनों ने तहरीर देकर अपने बच्चों को तालश करने की मांग की हैं। वहीं मामले में थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि दो बच्चें लापता हैं। अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। साथ दो अलग अलग टीमें बनाकर रेलवे स्टेशन ओर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से बच्चों की तलाश शुरू कर दी हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल को विधायक ने पहुंचाया अस्पताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** लोडिंग ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करने के कारण बाइक सवार युवक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गया। जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को विधायक उमेश कुमार ने 108 की सहायता से सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

जानकारी के अनुसार बिट्टू पुत्र जसबीर निवासी झबीरन कोतवाली मंगलौर हरिद्वार स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है। सोमवार देर शाम वह बाइक से अपने एक अन्य साथी के साथ अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह रुड़की-लक्सर मार्ग पर परिवहन विभाग के कार्यालय के समीप पहुंचा तो लक्सर की और से आ रही पापुलर से भरी ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय बाइक उसकी चपेट में आ गई जिस कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देख रास्ते से गुजर रहे विधायक उमेश कुमार ने अपने काफिले को रोककर घायल युवक को 108 की सहायता से सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। चौकी प्रभारी नवीन चौहान का कहना है कि मामले में शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने फरार वारंटी दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** पुलिस ने मुकदमें में लंबे समय से वांछित चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि मुकदमों में फरार चल रहे वारंटीयो के खिलाफ पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी के तहत लंबे समय से न्यायालय से मूकदमें में फरार चल रहे वारंटी खुर्शीद निवासी माहिग्रान रुड़की को उसके घर से गिरफ्तार किया हैं।

# भाई पर जानलेवा हमला करने वाला गैंगस्टर भाई तमंचे सहित गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** हत्या के प्रयास में मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि तीन अप्रैल को महमूदपुर निवासी मुराद अली ने तहरीर देकर अपने सगे भाई आबाद उर्फ बादु पर घर मे घुसकर गाली गलौच कर मारपीट करने का आरोप लगाया था। जिसका विरोध करने पर जान से मारने की नियत से देशी तमंचे से फायर किया जिसमें वह बाल बाल बच गया। जान से मारने की धमकी देते हुऐ वहां से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया। फरार चल रहे आरोपी आबाद उर्फ बादु को दोनों नहर बीच बावन दर्रा के पास से एक देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया हैं।आरोपी कुछ ही दिन पहले गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें से जमानत पर जेल से बाहर आया था। आरोपी पर पूर्व में भी दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया हैं।

# पुलिस ने शांति भंग में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** कोतवाली गंग नहर पुलिस द्वारा शांति भंग करने पर 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार किया गया है। अभि0 को बाद मेडिकल परीक्षण के ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट रुड़की के समक्ष पेश किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार दिनांक 22.04.2025 को उपनिरीक्षक मनदीप सिंह मय, हेड कांस्टेबल अशोक तिवारी, कांस्टेबल स्वरूप द्वारा दौराने शांति व्यवस्था ड्यूटी, शांति भंग करने के आरोप में अभियुक्त प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 फूल सिह निवासी म0न0 452 गीताजली विहार उम्र 47 वर्ष कोतवाली गंगनहर रुडकी जनपद हरिद्वार को सम्बन्धित अन्तर्गत धारा 170 मे गिरफ्तार किया गया। अभि0 को बाद मेडिकल परीक्षण के ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट रुड़की महोदय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# ब्राह्मण समाज ने दी अनुराग कश्यप के खिलाफ तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी पर युवा ब्राह्मणों ने उनके खिलाफ तहरीर दी। मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

युवा ब्राह्मण नेता दीपक पांडेय के नेतृत्व में गंगनहर कोतवाली पहुंचे युवाओं ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई टिप्पणी के विरोध में पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने कहा उनके इस बयान ने ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत किया है। जिससे ब्राह्मण समाज में व्यापक रोष फैला हुआ है। तहरीर देने वालों में प्रमुख रूप से गौरव त्यागी, सुजल कौशिक, नितिन त्यागी,अंकित गौतम,रजत गौतम, शिवम कौशिक,नवल जोशी,अर्पित शर्मा, गौरव शर्मा, आशुतोष, नितिन त्यागी,वंश अभिषेक आदि युवा सम्मिलित हुए।

# नारसन बॉर्डर पर पांच सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे चारधाम के श्रद्धालु

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** चारधाम यात्रा के लिए बॉर्डर पर हो रही व्यवस्थाओं को आरटीओ (देहरादून) संदीप सैनी ने परखा है। वहां पर पांच सीसीटीवी कैमरे स्थापित हो गए हैं। जिनसे चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं की गतिविधियों और वहां पर होने वाले कामों की निगरानी होगी। इस मौके पर उन्होंने वहां जल्द सुविधा करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार साउंड सिस्टम और दो कंप्यूटर के अलावा वहां पर जनरेटर की भी व्यवस्था हो रही है। ताकि चारधाम यात्रा के श्रद्धालुओं को जरूरी और आवश्यक बातों का प्रचार प्रसार माइक से किया जा सके। 20 नंबर का एक कक्ष भी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की ओर से तैयार किया जा रहा है। चारधाम यात्रा के वाहनों के लिए जारी हो रहे ग्रीन कार्ड के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का काउंटर भी लगाए जा रहा है। इसके अलावा सुरक्षित और सुगम यात्रा श्रद्धालुओं को मिल पाए, इसके लिए भी बॉर्डर पर तमाम व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सोमवार को आरटीओ देहरादून संदीप सैनी ने नारसन बॉर्डर का दोबारा निरीक्षण किया। इस बीच वहां पर लगाए गए पांच सीसीटीवी कैमरा को उन्होंने देखा। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी के लग जाने से अब वहां पर होने वाले कार्यों में पारदर्शिता बनी रहेगी। जबकि चारधाम यात्रा की गतिविधियों को भी एक जगह से मॉनिटरिंग किया जा सकता है। इस बीच उन्होंने कहा कि यहां पर जल्द माइक सिस्टम लगा दिया जाए ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यक और जरूरी बातें लाउडस्पीकर से बताई जा सकें। वहां पर दो कंप्यूटर भी लगाए गए। जबकि जो जनरेटर खराब पड़ा था, उसको भी ठीक किया जा रहा है। उन्होंने कोर कॉलेज के पास क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां अधूरे पड़े ऑटोमेशन काम को भी जल्द निपटाने की बात कही। इस मौके पर एआरटीओ (प्रवर्तन) कृष्ण पलारिया, जितेंद्र चंद, केके बिजलवान और नवीन तिवारी आदि मौजूद रहे

# पुलिस चौकी में दो पक्षों में जमकर चले लात घूसे

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** चौकी में शिकायत लेकर पहुंचे दो पक्ष चौकी परिसर में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर कोर्ट में पेश किया।

थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया इमलीखेड़ा चौकी क्षेत्र के रॉंघडवाला गांव से दो पक्ष अपनी अपनी शिकायत लेकर चौकी पहुंचे थे। इस बीच दोनों पक्षों में बहस हो गई और एक दूसरे को लात घूंसो से मारना शुरू कर दिया। पुलिस ने दोनों को समझा कर शांत कराकर अशोक, ओमप्रकाश निवासी रॉंघडवाला और मोनू निवासी जटोल थाना देवबंद सहारनपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

# किशोरी के साथ दो दिन तक दो ने किया बलात्कार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** किशोरी को बहला फुसला कर ले गए दो युवकों ने दो दिन तक उसके साथ बलात्कार किया और बाद में उसे घर के बाहर छोड़कर फरार हो गए। मामले में पुलिस को तहरीर दे दी गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी एक किशोरी को दो युवक 17 अप्रैल को बहला फुसला कर भाग ले गए। आरोप है कि दोनों युवकों ने दो दिन तक युवती के साथ बलात्कार किया और उसके बाद उसे घर के पास छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता किशोरी किसी तरह अपने घर पहुंची और मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। किशोरी द्वारा जानकारी मिलने पर परिजनों के होश फाख्ता हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में मामले में दो नामजद युवकों के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस नामजद युवकों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है लेकिन दोनों युवक अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाए हैं। नामजद आरोपी ग्राम गदरजुड्डा के रहने वाले बताए जा रहे।

# पशुशाला में संदिग्ध हाल में मिला मजदूर का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** एक मजदूर का शव पशुशाला में संदिग्ध हाल में मिला है। मृतक के गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पशुशाला मालिक से पूछताछ कर रही है। पुलिस को अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। झबरेड़ा थाना क्षेत्र स्थित गांव अकबरपुर झोझा निवासी गालिब के यहां सहारनपुर के गांव गदनपुर (45) निवासी बजरा उर्फ अमरजीत खेतीबाड़ी करते थे। बताया जा रहा है कि कई माह से वह मजदूरी कर रहे थे। सोमवार दोपहर बजरा उर्फ अमरजीत का शव गालिब की पशुशाला में संदिग्ध हाल में मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। इस दौरान पुलिस ने शव की जांच की तो उसके गले पर रस्सी के निशान मिले। जबकि पशुशाला में कुंडी पर रस्सी भी लटकी मिली। पुलिस ने पशुशाला मालिक से पूछताछ की तो उसने बताया कि जब वह पशुशाला में आया था तो शव फंदे पर लटका था। ग्रामीणों की मदद से शव नीचे उतारा था। कार्यवाहक थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ईंट-भट्ठा संचालक पर डेढ़ लाख रुपये नहीं देने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** एक ग्रामीण ने ईंट-भट्ठा संचालक पर काम करवाने के बाद डेढ़ लाख रुपये का मेहनताना नहीं दिए जाने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसडीएम और मानवाधिकार आयोग से भी की गई है। एसडीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन की टीम ने जांच शुरू कर दी है।यूपी के जिला सहारनपुर के गांव सिरसली खुर्द निवासी इंतजार ने भगवानपुर एसडीएम जितेंद्र सिंह को शिकायत देकर बताया था कि भगवानपुर क्षेत्र स्थित एक ईंट-भट्ठे पर उनका परिवार एक साल से कच्ची ईंट तैयार करने का काम कर रहा है। आरोप है कि उनकी मजदूरी के करीब डेढ़ लाख रुपये ईंट-भट्ठा मालिक के पास हैं, लेकिन वह देने से इन्कार कर रहा है। वह परिवार सहित काम छोड़कर गांव चले गए थे। आरोप है कि कई बार मजदूरी मांगने के बाद भी भट्ठा मालिक ने रकम नहीं दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। इस पर सोमवार को नायब तहसीलदार ने ईंट-भट्ठे पर पहुंचकर भट्ठा संचालक से जानकारी ली। साथ ही भुगतान संबंधी अभिलेख भी मांगे। इस पर भट्ठा संचालक ने उन्हें दस्तावेज जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि दस्तावेज मिलने पर जांच की जाएगी। जांच के बाद रिपोर्ट एसडीएम को सौंपी जाएगी।

# ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल बंद, तहसीलों में अटके प्रमाणपत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल बंद होने से रुड़की, लक्सर और भगवानपुर तहसील में तीन दिन से प्रमाणपत्र बनाने का काम ठप पड़ा है। बताया जा रहा है कि तहसीलों और सीएससी केंद्रों पर पांच से छह हजार प्रमाणपत्र अटक गए हैं। सोमवार को पोर्टल सुचारु किए जाने की बात कही जा रही थी, लेकिन एकाध मिनट के लिए पोर्टल शुरू हुआ और फिर बंद हो गया। रुड़की और लक्सर तहसील में प्रमाणपत्र बनवाने के लिए पहुंचे लोगों को निराश लौटना पड़ा। तहसीलों में प्रमाण पत्र बनाने वाले ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के मेंटीनेंस का काम चल रहा है। देहरादून स्थित एनआईसी की ओर से इसे अपडेट किया जा रहा है। गत 18 अप्रैल को पोर्टल बंद हो गया था। जिसके चलते रुड़की, लक्सर और भगवानपुर की तहसीलों में आय,जाति, निवास, चरित्र प्रमाणपत्र और खसरा खतौनी की नकल सहित कई सेवाएं बाधित हो गई। रुड़की तहसील में सोमवार को एक भी प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ। इस दौरान कागजात लेकर पहुंचे लोगों को पोर्टल ठीक होने के बाद दोबारा आने की बात कहकर लौटा दिया गया। ई-डिस्ट्रिक्ट सेवा केंद्र प्रभारी मनोज जैमिनी ने बताया कि तीन दिन से पोर्टल बंद है। सोमवार को इसके संचालन की उम्मीद थी लेकिन पूरी तरह से पोर्टल पर काम नहीं हो पाया।

# पुलिस ने 20 साल बाद भूमि कराई कब्जा मुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**गुरुकुल नारसन।** नारसन ब्लॉक के गाँव अकबर पुर ढढेकी में आज ग्राम प्रधान प्रधान पति फरमान ने 20 साल से कब्जा की हुई भूमि को कब्जा मुक्त करवाने में कामयाबी हासिल की है।

रूडकी तहसील से पहुँचे नायाब तहसीलदार के नेतृत्व में आज गन्ने के खेत मे ट्रेक्टर और जेसीबी चला कर खेत को समतल किया गया ग्राम प्रधान ने कहा कि इस भूमि पर जल्द ही राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा जिससे आसपास के कई गाँवो के लोगो को लाभ मिलेगा और इन गाँवो के बच्चों को उच्च शिक्षा मिल सकेगी। ग्राम प्रधान के अनुसार इस जमीन पर पिछले बीस सालों से पूर्व ग्राम प्रधान का कब्जा था और जब भी जमीन को खाली कराने की बात की जाती थी ग्राम प्रधान मुकदमा कराने की धमकी दे देते थे जिसके बाद कई सालों की कड़ी मशक्कत के बाद ग्राम प्रधान पति ने आखिरकार इस जमीन को कब्जा मुक्त करा ही लिया



# नवनियुक्त मंडी सचिव का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कृषि उत्पादन मंडी समिति रुड़की में आज कार्यभार ग्रहण करने आए नवनियुक्त सचिव पंकज राज शाह का रुड़की मंडी समिति के फल एवं सब्जी थोक विक्रेताओं (आढ़तियों) द्वारा बुके देकर एवं फूल मालाएँ पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर मुख्य रूप से आढ़तियों द्वारा बतायी गई समस्याओं को लेकर मंडी सचिव पंकज राज शाह जी द्वारा काफी लंबी वार्ता की गई, जिसमें मुख्य रूप से उन्होने मंडी समिति में पीने के पानी को लेकर समाधान करने का प्रथम निर्णय लिया जिसका सभी आढ़तियों ने स्वागत किया। इसके उपरांत मंडी सचिव ने आवारा पशुओं पर लगातार थोक विक्रेताओं को पहुंचाया जा रहे नुकसान को लेकर उन पशुओं का मंडी समिति में आगमन निषेध करने को लेकर निर्णय लिया एवं बाहर से आने वाले ट्रक एवं गाड़ियों को लेकर जिस प्रकार जाम की समस्या सुबह से मंडी में रहती है उस पर रेडी और ट्रक वालों को लेकर सभी आढ़तियों को आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र इसका समाधान उनके स्तर पर किया जाएगा। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से जगदेव सिंह सेखों, सुनील साहनी, मुनफैत अली, अबरार मलिक, मीनू सैनी, अमजद खघन पापा लाल, मौवीन आलम, गौतम सोनकर, सलमान, आशु, योगेश आदि दर्जनों मंडी समिति के फल एवं सब्जी थोक विक्रेता आढती आदि मौजूद रहे।



CMYK


# सम्पादकीय

बुधवार, 23 अप्रैल 2025

## दुबे पर सुनवाई

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अगले हफ्ते सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया है। इसकी अभी तारीख तय नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दुबे के खिलाफ कई याचिका दायर की गई है। निशिकांत दुबे अपने 19 अप्रैल को दिए गए अपने बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बने हुए है। जिसमें उन्होंने कहा था कि देश में गृहयुद्ध के लिए सीजेआई संजीव खन्ना और धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के आठ अप्रैल को दिए एक आदेश को लेकर आई थी। जिसमें उसने कहा था कि किसी भी बिल पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। उनके बाद से कई याचिकाएं दुबे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। 20 अप्रैल को पूर्व आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और मांग की कि उनके बयानों को अपराधिक दायरे में लाया जाए। उनसे पहले सुप्रीम कोर्ट के वकील नरेंद्र मिश्रा ने लेटर पिटिशन दायर कर आवमानना कार्रवाई शुरू करने का आग्रह किया था। इन दोनों के अलावा सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर और शिव कुमार त्रिपाठी ने अटार्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर अपराधिक आवमानना कार्यवाही शुरू करने की अनुमति मांगी थी। निशिकांत दुबे ने जो बयान दिया है वह कोई पहली बार नहीं है सच तो यह है कि वह अपने विवादित बयानों को लेकर ही अधिक जाने जाते है, लेकिन ताजा मामले में व अपनी हदों से कुछ ज्यादा ही आगे निकल गए है और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश को ही अपने निशाने पर ले लिया है। भले ही भाजपा दुबे के बयानों से अपने आप को अलग बता रही है और यह उनका व्यक्तिगत बयान बताकर पल्ला झाड़ रही है, लेकिन इससे कोई बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला। बात केवल निशिकांत दुबे की नहीं है बल्कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सुप्रीम कोर्ट की आलोचना करने में पीछे नहीं रहे है। संवभत: यह भारत के इतिहास में पहला अवसर होगा जब संविधान के उच्च पद पर बैठे व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट पर ऐसी टिप्पणी की है। जाहिर है इस तरह कि टिप्पणी एकाएक नहीं की जा सकती और यह एक सोची समझी निति का नतीजा लगता है। तभी तो निशिकांत दुबे के बचाव में भाजपा के कई नेता खुलेआम उतरते दिखाई दे रहे है। सुप्रीम कोर्ट भी इस पूरे मामले से बेहद आहत दिखाई दे रहा है। वह कितना आहत है इसका अनदाजा उस याचिका पर सुनवाई से लगता है। जो वकील विष्णु हरि जैन ने मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर की जिसमें वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने कहां कि हम भला राष्ट्रपति को आदेश कैसे दे सकते है। हम पर तो पहले ही यह आरोप लग रहा है कि हम कार्यपालिका के मामले में दखल दे रहे हैं। ऐसा नहीं है कि कोर्ट के फैसलों की आलोचना नहीं कि जा सकती है बेशक की जा सकती है। लेकिन उसकी एक मर्यादा तो होनी ही चाहिए।

## लोकतंत्र में नागरिकों की केंद्रीय भूमिका



किसी भी लोकतंत्र में नागरिकों की केंद्रीय भूमिका होती है और वे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अपने इच्छा व्यक्त करते हैं, मेरे अनुसार नागरिक सर्वोच्च है, क्योंकि एक राष्ट्र और लोकतंत्र नागरिकों द्वारा ही निर्मित होते हैं, उनमें से प्रत्येक की अपनी भूमिका है, लोकतंत्र की आत्मा प्रत्येक नागरिक में निवास करती है और धड़कती है, जब नागरिक सजग होगा, योगदान देगा, तो लोकतंत्र खिलेगा, इसके मूल्य बढ़ेंगे और नागरिक जो योगदान देता है, उसका कोई विकल्प नहीं है, संविधान का सार और महत्व संविधान की प्रस्तावना में समाहित है, संविधान के अनुसार हम, भारत के लोग सर्वोच्च शक्ति उनके पास है।

**जगदीप धनखड़**
**उप राष्ट्रपति**

# फसलों में लगी आग: किसान की मेहनत पर फिरता पानी

हर साल हजारों एकड़ फसल आग में जलकर राख हो जाती है, जिससे किसानों की मेहनत, उम्मीदें और जीवन प्रभावित होते हैं। आग के मुख्य कारणों में बिजली की लचर व्यवस्था, मानवीय लापरवाही, आपसी दुश्मनी और जलवायु कारण शामिल हैं। सरकारी मुआवज़ा योजनाएं और फसल बीमा प्रक्रियाएं इतनी जटिल और असंवे. दनशील हैं कि पीड़ित किसान को राहत नहीं, बल्कि और मानसिक पीड़ा मिलती है। लेख में तकनीक आधारित समाधान जैसे थर्मल सेंसर, फायर ब्रिगेड यूनिट, बिजली व्यवस्था का आधुनिकीकरण और किसानों की जागरूकता पर ज़ोर दिया गया है। फसल की आग केवल खेत नहीं जलाती, यह देश की खाद्य सुरक्षा और सामाजिक संरचना को भी राख कर देती है। समय रहते नीतिगत और तकनीकी हस्तक्षेप बेहद आवश्यक हैं।

हर साल जब रबी की फसल खेतों में सुनहरे रंग बिखेरती है और किसान की आंखों में सालभर की मेहनत की चमक उतरती है, तभी कहीं किसी गांव से धुएं का काला गुबार उठता है। फसल में लगी आग का। यह आग सिर्फ खेत को नहीं जलाती, यह किसान की आत्मा को भस्म कर देती है। भारत के ग्रामीण परिदृश्य में यह कोई नई घटना नहीं, बल्कि एक भीषण और बढ़ती हुई समस्या है जो नीतियों की लाचारी, तकनीकी उपेक्षा और प्रशासनिक सुस्ती की जिंदा मिसाल बन चुकी है।



### आंकड़ों की सच्चाई और जमीनी हकीकत

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार, भारत में हर साल हज़ारों एकड़ की फसल आग की भेंट चढ़ जाती है। अकेले उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश में अप्रैल से जून के बीच सैकड़ों घटनाएं सामने आती हैं। 2024 में पंजाब के बरनाला ज़िले में एक ही दिन में 50 से अधिक फसल अग्निकांड दर्ज किए गए थे। पर इन आंकड़ों के पीछे जो दर्द है, वह किसी सरकारी प्रेस रिलीज़ में दर्ज नहीं होता। किसान महीनों तक खेत में सुबह-शाम खटता है, उधारी में बीज, खाद, पानी और मजदूरी का इंतज़ाम करता है, और जब फसल तैयार होती है, तो एक चिंगारी सब खत्म कर देती है।

### आग के कारण: चिंगारी कहां से आती है?

फसलों में आग लगने के कई कारण हैं। ग्रामीण इलाकों में बिजली वितरण प्रणाली इतनी जर्जर है कि खुले खेतों में तारों का गिरना आम बात है। गर्मियों में बढ़ा हुआ लोड और पुराने ट्रांसफार्मर शॉर्ट सर्किट को बढ़ावा देते हैं। खेतों के पास कूड़ा जलाना, बीड़ी-सिगरेट फेंकना, या आग से सूखी झाड़ियों की सफाई करना एक चिंगारी को आग में बदल देता है। कई बार आपसी दुश्मनी या जमीन के झगड़ों में जानबूझकर फसलों को आग लगा दी जाती है। अत्यधिक तापमान, तेज़ हवाएं और सूखी फसलें आग को तेजी से फैलाने में सहायक बनती हैं।

### किसान के दिल की आग

बात सिर्फ मुआवज़े की नहीं है। जब कोई किसान देखता है कि उसका खेत, उसकी मेहनत, उसकी उम्मीदें जल रही हैं, तो वह भीतर से टूट जाता है। कई किसानों की आत्महत्याएं इसी आग के बाद दर्ज हुई हैं। हरियाणा के कैथल ज़िले में 2023 में एक किसान ने अपने खेत में आग लगने के बाद आत्महत्या कर ली थी। मुआवज़ा 10 हज़ार रुपए आया, पर घर में खाने को रोटी नहीं थी।

### सरकार की नीतियां: राहत या औपचारिकता?

सरकारी मुआवज़ा योजनाएं खेत की जली भूमि के अनुसार तय होती हैं। लेकिन जमीन का निरीक्षण पटवारी और तहसीलदार करते हैं, जो अक्सर हफ्तों बाद आते हैं। छोटे किसानों को 4-5 हज़ार रुपये प्रति एकड़ मिलते हैं, वह भी महीनों बाद। फसल बीमा योजनाएं भी अधिकतर कागज़ी हैं। कई किसान न तो पॉलिसी की शर्तें समझते हैं और न ही दावे की प्रक्रिया। बीमा कंपनियां मौसम का डेटा दिखाकर दावा खारिज कर देती हैं। 'आग तो मौसम का हिस्सा नहीं थी।'

### समाधान क्या है?

अब वक्त है कि हम 'राहत' की बजाय 'रोकथाम' की बात करें। आधुनिक तकनीक जैसे थर्मल सेंसर, ड्रोन निगरानी और अलार्म सिस्टम फसलों में आग का पता समय रहते लगा सकते हैं। प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मोबाइल दमकल गाड़ियां और गांव स्तर पर स्वयंसेवी अग्निशमन दल गठित किए जाने चाहिए। खेतों में जाने वाली बिजली लाइनों को भूमिगत करना या उनके नियमित रखरखाव की जवाबदेही तय करनी चाहिए।

खेतों के पास आग से संबंधित कार्य न करने, कूड़ा जलाने की रोकथाम और फायर सेफ्टी प्रशिक्षण बेहद ज़रूरी है। जिन मामलों में साजिश या शरारत शामिल हो, वहां पुलिस तुरंत संज्ञान ले और मुकदमा



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**2024** में पंजाब के बरनाला जिले में एक ही दिन में 50 से अधिक फसल अग्निकांड दर्ज किए गए थे

दर्ज हो। फसल बीमा को आधार और मोबाइल से जोड़कर दावा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए।

### मीडिया की भूमिका: धुएं से परे देखना

मीडिया जब किसी फसल में आग की खबर दिखाता है, तो अक्सर दृश्यात्मक सनसनी होती है जलते खेत, रोता किसान। लेकिन इसके बाद क्या? क्या कभी किसी चैनल ने यह दिखाया कि मुआवज़ा मिला या नहीं? पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया या नहीं? दोषी पकड़ा गया या मामला ठंडे बस्ते में चला गया? फसलों में लगती आग कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, यह एक व्यवस्थागत विफलता है। और इस विफलता की जिम्मेदारी सिर्फ किसान पर नहीं, पूरे समाज पर है।

### जो खेत जल रहे हैं, वह देश की थाली हैं

जब खेत जलता है, तो केवल किसान का नुकसान नहीं होता, वह पूरे देश की खाद्य सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। यह आग उस थाली में पहुंचने से पहले ही अनाज को राख कर देती है। ज़रूरत इस बात की है कि हम किसान को सिर्फ 'अन्नदाता' न कहें, बल्कि उसे सुरक्षा, सम्मान और तकनीक के संसाधन भी दें। फसलों में लगती आग अब चेतावनी है।

# फैशन: फटी जींस मकसद और संदेश...

वैसे तो विश्व में तरह तरह के फ़ैशन प्रचलित हैं। अनेक फ़ैशन लोगों के शरीर व व्यक्तित्व पर भाते भी हैं। किसी को किसी का फ़ैशन अच्छा लगे या बुरा परन्तु किसी भी फ़ैशन को अपनाने वाले का निजी मामला व उसका अधिकार समझते हुए कोई अन्य व्यक्ति न तो कुछ बोलता टोकता है न ही आपत्ति करता है। और करना भी नहीं चाहिए। परन्तु कुछ फ़ैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित ज़रूर हो जाता है। हालांकि ऐसा फ़ैशन करने वालों को इस बात से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फ़ैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं। न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फ़ैशन कैसा लग रहा है। उसका मक़सद तो बस फ़िल्मी हीरो हीरोइन की ड्रेसेज़ की नक़ल कर व ट्रेंड कर रहे फ़ैशन की मुख्य धारा में शामिल होकर स्वयं को 'फ़ैशनेबल' साबित करना मात्र है।

ऐसा ही एक अजीबो ग़रीब फ़ैशन गत लगभग दो दशक से भारत ही नहीं बल्कि लगभग पूरी दुनिया में श्वायरल फ़ैशन की तरह पैर पसार चुका है। और वह है 'फटी जीन' अथवा रिप्ड जीन का फ़ैशन। चूंकि 1970 से पहले जींस मंहगी हुआ करती थी और ग़रीब लोग नई जीन न ख़रीद पाने के चलते मजबूरीवश फटी जीन पहना करते थे। उस ज़माने में फटी जींस पहनना ग़रीब होने की निशानी होती थी। और 1970 के दशक में ही फटी जींस का चलन हॉलीवुड सिनेमा से प्रारंभ हो गया था जो भारत में वालीवुड के माध्यम से बाद में आया। परन्तु गत दो दशक से तो इस फ़ैशन ने युवाओं व युवतियों के बीच कुछ ज्यादा ही ज़ोर पकड़ लिया है। नई जीन की पैंट को हाथों या लेजर के मदद से इसे फेंट फेंट कर फाड़ा जाता है। इस क्रिया के बाद फटी हुई जीन और भी महंगी हो जाती है। फटी या रिप्ड जीन



स्किन फ़िट, स्लिम फ़िट, टेपर्ड, रेगुलर फ़िट, और रिलैक्स्ड फ़िट आदि मॉडल की पैंट्स में उपलब्ध होती है। इन्हीं डेनिम में एक एक्सट्रीम कट हाई रेज़ जींस भी होती है जिसका आगे व पीछे दोनों ओर का 80-90 प्रतिशत भाग ग़ायब होता है। यह सबसे मंहगी अर्थात ब्रांड के अनुसार 30-40 व 50 हज़ार रुपये तक भी मिलती है। कुछ लोग ऐसी जीन पहन कर अपने आप को एक अनोखा लुक देना चाहते हैं। इस फ़ैशन का क़द्रदानों के अनुसार यह उन्हें एक अनूठा और स्टाइलिश लुक देती है। जबकि समाज का एक बड़ा



**निर्मल रानी**

कुछ फैशन ऐसे भी हैं जिन्हें देखकर आम आदमी आश्चर्यचकित व विचलित जरूर हो जाता है, हालांकि ऐसा फैशन करने वालों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि दूसरे उसके इस फैशन के बारे में क्या सोच रहे हैं, न ही उसे इस बात की चिंता रहती है कि उसके शरीर पर वह फैशन कैसा लग रहा है

वर्ग ऐसा भी है जो ऐसे फ़ैशन को अनुचित व बेहूदा समझता है। बड़े आश्चर्य की बात है कि इस यह अजीबो ग़रीब पहनावा फ़ैशन कैसे बन गया और बना भी तो यह फ़ैशन ट्रेंड कैसे कर गया? सच पूछिये तो फटी जीन धारण करने वाला इसे पहनने के सिवा स्वयं ही इस अनर्गल फ़ैशन की तार्किकता इसके मक़सद और संदेश के बारे में नहीं जानता।

# गणतंत्र बचाने की अपील की नौबत क्यों आई

नेपाल में तेजी से घटित राजनीतिक उथल-पुथल के बीच भले ही गणतंत्र समर्थक दल एक हो रहे हों लेकिन तमाम ऐसे सवाल मुंह बाए खड़े हैं जिसका जवाब लोकतंत्र बहाली के बाद से लेकर आज तक की सरकार के पास नहीं है। हैरत है 2008 से लेकर अब तक 13 लोकतांत्रिक सरकार नेपाल में सत्ता रूढ़ हुई और सब के सब नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुमति कराने में विफल रहीं। नेपाल इस वक्त तेजी से हो रहे पलायन, मंहगे इलाज के अभाव में बढ़ रही मौत के आंकड़े, नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, बेतहाशा मंहगाई, बेरोजगारी और पड़ोसी देशों से तनाव पूर्ण रिश्तों को लेकर जूझ रहा है। इस ओर ओली सरकार का ध्यान नहीं है। प्रमुख माओवादी नेता प्रचंड के नेतृत्व में पहली लोकतान्त्रिक सरकार हो या आज की ओली सरकार, सबके सब जोड़ तोड़ कर किसी तरह सत्ता बचाए रखने की गुणा गणित में ही व्यस्त रहे।

यह अचरज ही है कि दुनिया में जहां कहीं भी राजतंत्र के बाद लोकतंत्र का उदय हुआ वहां दिन प्रतिदिन लोकतंत्र मजबूत ही हुआ लेकिन नेपाल में ऐसा नहीं हो रहा। किसी को गद्दी से उतार कर चुनी हुई सरकार का गठन ही लोकतंत्र नहीं होता। लोकतंत्र का मतलब लोकहित है, जो नेपाल में नहीं है। जनता पुन: राजतंत्र के समर्थन में न हो लेकिन लोकतांत्रिक सरकारों से खुश नहीं है। वह आक्रोशित हैं और तीसरे विकल्प की तलाश में भी है। नेपाली कांग्रेस जो राजतंत्र के जमाने से ही सत्ता की प्रमुख केन्द्र बिन्दु रही, वह भी अब कुंद पड़ गई है। इसके तमाम बड़े नेता गंभीर आपराधिक मुकदमों में फंसे हुए हैं। कोइराला परिवार के हाथ में जबतक इस पार्टी का कमान था तब तक विश्व के राजनीतिक फलक पर नेपाली कांग्रेस की अलग हैसियत थी। अब इस पार्टी का इकबाल पहले जैसा नहीं रहा। कभी भरोसे की पार्टी की पहचान वाली यह पार्टी जनता का विश्वास खोती जा रही है। इस पार्टी की औकात बस यही है कि यह किसी को समर्थन देकर सरकार बनवा सकती है और समर्थन वापस लेकर सरकार गिरा सकती



**2008** से लेकर अब तक 13 लोकतांत्रिक सरकार नेपाल में सत्तारूढ़ हुई और सब के सब नेपाली जनता को परिवर्तन की अनुमति कराने में विफल रहीं, नेपाल इस वक्त तेजी से हो रहे पलायन, महंगे इलाज के अभाव में बढ़ रही मौत के आंकड़े नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा, बेतहाशा महंगाई बेरोजगारी आदि को लेकर जूझ रहे हैं

है। पिछले कुछ सालों से नेपाली कांग्रेस की शिनाख्त नेपाल की राजनीति में इसी रूप में है।

एक नहीं तीन तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके प्रचंड और ओली भी जनविश्वास पर खरा नहीं उतरे। ऐसे में नेपाल प्रतिनिधि सभा में (संसद) सात आठ सांसदों वाली पार्टी राप्रपा खुद को विकल्प के रूप में खड़ा होने की कोशिश कर रही है। नेपाल की इस हिंदूवादी पार्टी की हालत अभी शिशु जैसी ही है ऐसे में नेपाली जनता का इसे विकल्प के रूप स्वीकार करना संभव नहीं जान पड़ता। खुद को राजा समर्थक पार्टी का दावा करने वाली राप्रपा ने नेपाल के बहुसंख्यक हिन्दुओं का समर्थन जुटाने के लिए पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के नाम का सहारा लिया। नेपाल में जगह जगह उनके समर्थन में रैलियां निकाली गई, पोखरा से लेकर काठमांडू तक उनका भव्य स्वागत किया गया। यह सब इस अंदाज में किया गया मानो राजतंत्र की वापसी हो रही हो। लेकिन हाल ही नववर्ष के अवसर अपने आवास पर मिलने गए राप्रपा अध्यक्ष राज. ेंद्र लिंगदेन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से ज्ञानेंद्र ने राप्रपा की कार्यशैली पर एतराज़ जताया और यह भी कहा कि किसी भी आंदोलन में उनके नाम का इस्तेमाल न हो। हां पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र ने राप्रपा नेताओं को नेपाल के जनहित के मुद्दों पर फोकस करने को जरूर कहा। उन्होंने कहा मौजूदा सरकार से जनता त्रस्त है, सरकार की विफलता को जनता के बीच उठाएं। इधर राजतंत्र की वापसी पर नेपाल के बुद्धिजीवी और मीडिया की भी प्रतिक्रिया आई है। नेपाल के सबसे बड़े दैनिक अखबार कांतिपुर के संपादक उमेश चौहान ने साफ कहा है कि सरोकार से जनता नाराज हैं लेकिन इसे राजतंत्र की वापसी की दृष्टि



**यशोदा श्रीवास्तव**

से न देखा जाय। इस बीच अचानक नेपाल के तीन प्रमुख गणतंत्र समर्थक दलों के शीर्ष नेताओं की लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जनता से एकजुट होने की अपील को नेपाल की राजनीति में महत्वपूर्ण दृष्टि से देखा जा रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री निवास बालुवाटार में आयोजित बैठक में एमाले, माओवादी केंद्र तथा नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष क्रमश: केपी शर्मा ओली, पुष्पकमल दाहाल 'प्रचण्ड' और शेरबहादुर देउबा ने गणतंत्र के पक्ष में खड़ी सभी शक्तियों से एकजुट होने की आवश्यकता पर सहमति जताई।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री के मानवाधिकार तथा संक्रमणकालीन न्याय मामलों के सलाहकार अग्नि खरेल ने बताया कि संविधान का उल्लंघन करने और सामाजिक अराजकता फैला कर देश की शांति एवं स्थिरता को बाधित करने वाली शक्तियों के प्रति सचेत रहते हुए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों समेत गणतंत्रवादी शक्तियों को एक मंच पर आने की आवश्यकता है। ओली सरकार का मानना है कि हिंदूवादी संगठनों के साथ मिलकर राप्रपा ने पिछले दिनों धरना प्रदर्शन कर काठमांडू में अशांति पैदा की थी। इस पार्टी के तीन बड़े नेता गिरफ्तार कर जेल में डाल दिए गए हैं। पिछले दिनों इनकी रिहाई की मांग को लेकर भी इस पार्टी ने काठमांडू में प्रदर्शन किया था। ओली सरकार यह मानकर चल रही है आगे भी ये लोग लोकतंत्र को छिन्न-भिन्न करने का खेल खेलते रहेंगे इसलिए लोकतंत्र समर्थकों की एक जुटता जरूरी है।

# बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए फायदेमंद होता है मेसो बोटोक्स

## ढलती उम्र पर लग जाता है फुलस्टॉप

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में कई ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो बढ़ती उम्र में भी एकदम जवां दिखती हैं और उनकी स्किन भी यंग लगती है। फिर भले ही वह कितना भी कहें कि उनकी यंग स्किन के पीछे का राज अच्छा खानपान है। जबकि यह पूरी तरह से सच नहीं होता है। अभिनेत्रियां यंग दिखने के लिए बोटोक्स ट्रीटमेंट लेती हैं। लेकिन बहुत कम लोगों को इसके बारे में जानकारी नहीं है कि आखिर बोटोक्स और मेसो बोटोक्स में क्या अंतर है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मेसो बोटोक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि यह किस तरह से काम करता है।

### मेसो बोटोक्स का काम

अगर आप भी मेसो बोटोक्स कराने की सोच रहे हैं, तो इससे पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर यह किस काम आता है। मेसो बोटोक्स एक ऐसा प्रोसेस है, जिसके जरिए बढ़ती उम्र के लक्षणों को छिपाया जाता है। अगर आपके चेहरे और आंखों के आसपास फाइन लाइन्स और झुर्रियां आदि हैं। तो आप मेसो बोटोक्स की मदद ले सकते हैं। इसके इस्तेमाल रोमछिद्रों के आकार को कम करने, तेल उत्पादन को कंट्रोल करने और फेस पर पसीना कम करने के लिए किया जाता है।

### कैसे करता ये काम

मेसो बोटोक्स में चेहरे के खास हिस्सों पर हायलूरोनिक एसिड के साथ पतले बोटुलिनम टॉक्सिन का इस्तेमाल किया जाता है। इस ट्रीटमेंट में माइक्रो नीडल का उपयोग किया जाता है। आमतौर पर मेसो बोटोक्स का इस्तेमाल आंखों के नीचे झुर्रियां, माथे की बारीक झुर्रियां, मुंह का दबा हुआ कोण, नासोलैबियल फोल्ड, गर्दन और हाथ की झुर्रियों को हटाने में मदद किया जाता है।

### बोटोक्स से होता है अलग

बोटोक्स और मेसो बोटोक्स एक जैसे नहीं होते हैं। दोनों में काफी फर्क होता है। बोटोक्स का इंजेक्शन सीधे मांसपेशियों में लगाया जाता है। वहीं मेसो बोटोक्स का इंजेक्शन स्किन की सतह पर लगाया जाता है। मेसो बोटोक्स में कम मात्रा में बोटुलिनम पाया जाता है। जबकि बोटोक्स में बोटुलिनम का पर्याप्त इस्तेमाल किया जाता है।

### जानिए इसका नुकसान

अगर आप भी मेसो बोटोक्स लेने का सोच रही हैं, तो किसी अच्छे स्किन एक्सपर्ट की सलाह लें।

# ट्रम्प का विरोध बरकरार, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने भी ठोका मुकदमा

## यूनिवर्सिटी की 2.2 अरब डॉलर की फंडिंग पर अमेरिकी सरकार ने लगाई थी रोक



**वाशिंगटन।** अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यूनिवर्सिटी ने आरोप लगाया है कि ट्रम्प सरकार यूनिवर्सिटी पर राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड की 2.2 अरब डालर फंडिंग पर रोक लगा दी है। साथ ही विश्व. विद्यालय से यह भी मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रो. कनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमे. रिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है। हाल ही में ट्रम्प प्रशासन ने हार्वर्ड को एक चिट्ठी भेजी थी। इस चिट्ठी में यूनिवर्सिटी को कुछ शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया था। ऐसा न करने पर यूनिवर्सिटी की संघीय फंडिंग पर रोक लगाने की धमकी दी गई। इस कदम के पीछे ट्रम्प प्रशासन का दावा था कि हार्वर्ड जैसे प्रतिष्ठित संस्थान एंटी-सेमिटिज्म (यहूदियों के खिलाफ नफरत) को रोकने में नाकाम रहे हैं। प्रशासन ने आरोप लगाया कि कैंपस में यहूदी छात्रों और प्रोफेसरों के खिलाफ भेदभाव हो रहा है। यूनिवर्सिटी को मिलने वाली फंडिंग सर्च, स्टूडेंट स्कालरशिप और कई साइंस और मेडिकल प्रोजेक्ट्स के लिए बेहद जरूरी है। यूनिवर्सिटी में फलस्तीनी झंडा फहराया था गाजा में जारी इजरायल-हमास जंग के खिलाफ पिछले साल अमेरिका की कई यूनिवर्सिटीज में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों में हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया था। एपी की रिपोर्ट के मुता. बिक 1000 से ज्यादा छात्र गिरफ्तार भी हुए। इस दौरान हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों ने फलस्तीनी झंडा फहराया था। यूनिवर्सिटी ने इसे पालिसी के खिलाफ बताते हुए छात्रों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी।

## ईरान-अमेरिका वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता का खंडन

**तेहरान।** तेहरान ने ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता में सऊदी अरब की मध्यस्थता की खबरों का खंडन किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने यह जानकारी दी है।

बाकेई ने कहा कि यह सब मीडिया में चल रही अफवाहें और अटकलें हैं जो वास्तविकता से मेल नहीं खाती। उन्होंने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही जिनमें आरोप लगाया गया है कि सऊदी अरब ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थ के रूप में काम कर रहा है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रियाद की आगामी यात्रा के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच बैठक की व्यवस्था करना है।

## पाक के पंजाब में पुलिस अभियान में मारे गए 10 आतंकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में एक संयुक्त सुरक्षा अभियान में कम से कम 10 आतंकवादी मारे गए। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि मियांवाली जिले के मकरवाल इलाके में खुफिया सूचना पर एक अभियान चलाया गया, जहां आतंकवादियों और कानून प्रवर्तन कर्मियों के बीच गोलीबारी हुई।

बयान में कहा गया है कि पंजाब पुलिस और आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान में 10 से अधिक आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान आतंकवादियों की गोलीबारी में एक स्थानीय निवासी के पैर में चोट लग गई और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। बयान के अनुसार, अभियान के दौरान कोई भी पुलिस या सीटीडी कर्मी घायल नही हुआ। पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक उस्मान अनवर ने सफल ऑपरेशन के लिए मियांवाली पुलिस और सीटीडी टीमों को बधाई दी और कहा कि सुरक्षा बल सतर्क हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए किसी भी खतरे को विफल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## भारत पहुंचते ही गदगद हुआ अमेरिकी उपराष्ट्रपति का परिवार



**नई दिल्ली।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कल यानी सोमवार को 4 दिन की भारत यात्रा पर पहुंचे। उनका प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा और तीनों बच्चों- इवान, विवेक और मिराबेल भी भारत आए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। इसके बाद वेंस परिवार दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गया और वहां करीब 1 घंटे रुका। वेंस करीब 6:30 बजे पीएम से मिलने 7 लोक कल्याण मार्ग पहुंचे थे, जहां पीएम ने उन्हें रिसीव किया। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस की पहली आधिकारिक भारत यात्रा है।

## हूती हमलों का कड़ा जवाब देंगे नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा कि यमन के हूती बलों के बार-बार किए गए हमलों का इजरायल कड़ा जवाब देगा। नेतन्याहू ने तेल अवीव में एक सार्वजनिक भाषण के दौरान यह धमकी दी, जिसमें उन्होंने हूतियों और उन सभी लोगों को संबोधित किया जिससे इजरायल को नुकसान पहुंचा है,उन्होंने कसम खाई और कहा कि इजरायल के खिलाफ कोई भी हमला बेकार नही जाएगा। इसका जोरदार जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जवाब किस रूप में दिया जाएगा, लेकिन कहा कि इजरायल अपने क्षेत्र पर लगातार हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यमन में हूती, जो इजरायल पर गोलीबारी करते रहते हैं, पहले ही इजरायल और अमेरिकी सहयोगियों से भारी हमले झेल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि यमन स्थित हूती बलों ने इजरायल की ओर दर्जनों लंबी दूरी की मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए हैं और अक्टूबर 2023 में गाजा युद्ध की शुरुआत के बाद से लाल सागर में इजरायल से जुड़े शि. पिंग को निशाना बनाया है, ताकि इजरायल की बमबारी के तहत फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाई जा सके।

## अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेट्री का हैंडबैग चोरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम का हैंडबैग रविवार को एक रेस्टोरेंट में चोरी हो गया। उनके बैग में सिक्योरिटी बैज और 3000 डालर नकद (2.55 लाख रुपये) थे। इसके अलावा हैंडबैग में उनका ड्राइविंग लाइसेंस, दवाइयां, अपार्टमेंट की चाबियां और खाली चेक भी थे। होमलैंड डिपार्टमेंट ने बताया कि नोएम का पूरा परिवार ईस्टर के मौके पर उनके साथ। वह कैश का इस्तेमाल अपने परिवार के साथ डिनर और गिफ्ट खरीदने के लिए कर रही थीं। अमेरिका का होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट एक फेडरल एग्जीक्यूटिव आफिस है।

## बदल रहे हैं भारत और भारतीय महिलाएं: निर्मला



**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत बदल रहा है और भारतीय महिलाएं भी बदल रही हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेरिका के दौरे बोस्टन में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए दिए गए बयान का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आग्रह

### केंद्रीय वित्त मंत्री ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिया जवाब

पर कामकाजी महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को छह महीने तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि दो साल पहले, हम एक योजना लेकर आए थे, जिसके तहत हमने महिलाओं द्वारा जमा की गई जमाराशियों पर ब्याज दरों को बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया था, ताकि महिलाओं को अपनी बचत को घर पर नकदी के रूप में रखने के बजाय बैंकों में रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीकरण में कर रियायतें हैं। पोषण योजना के तहत, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण संबंधी ज़रूरतों को पूरा किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत, पक्के घरों का पंजीकरण या तो महिला के नाम पर या पुरुष सदस्य के साथ संयुक्त रूप से किया जाता है।

## विकसित भारत की यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन

**सैन फ्रांसिस्को।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को यहां कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनने की भारत की यात्रा केवल एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार-आधारित विकास के लिए एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। सीतारमण ने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलिफोर्निया के हूवर इंस्टीट्यूशन में एक कार्यक्रम में कहा कि महामारी के झटके और बैंकिग संकट के बावजूद, पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत मैक्रोइकॉनोमिक बुनियादी बातों तथा स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा देती है।

## नासा व स्पेसएक्स का मिशन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) और स्पेसएक्स ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए एक नया वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति सेवा मिशन शुरू किया। स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने दक्षिण-पूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से पूर्वी समयानुसार सुबह 4:15 बजे उड़ान भरी। यह मंगलवार को पूर्वी समयानुसार सुबह लगभग 8:20 बजे आईएसएस के साथ स्वायत्त रूप से डॉक करने वाला है। यह मिशन परिक्रमा करने वाली प्रयोगशाला में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगा। नासा के अनुसार स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में दृष्टि-आधारित नेविगेशन, अंतरिक्ष यान की वायु गुणवत्ता, दवा और उत्पाद निर्माण के लिए सामग्री और प्रकाश संश्लेषण पर कम निर्भरता के साथ पौधों की वृद्धि को आगे बढ़ाने पर केंद्रित प्रयोग हैं। यह प्रक्षेपण स्पेसएक्स के साथ साझेदारी में किए गए नासा के 32वें वाणिज्यिक पुनः आपूर्ति मिशन को चिन्हित करता है।

### दक्षिण कोरिया ने चौथे जासूसी उपग्रह कक्षा में प्रक्षेपित किया

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिडा स्थित अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से अपने पांच सैन्य टोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। देश के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानक. ारी दी। इस उपग्रह को सोमवार को केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर प्रक्षेपित किया गया। रॉकेट ने उड़ान भरने के 15 मिनट बाद उपग्रह को कक्षा में स्थापित कर दिया। बाद में उपग्रह ने एक ग्राउंड स्टेशन से संपर्क स्थापित किया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, चौथे सैन्य टोही उपग्रह के सफल प्रक्षेपण ने हमारे सशस्त्र बलों की स्वतंत्र निगरानी और टोही क्षमताओं को और मजबूत किया है। तीन उपग्रहों के पिछले सफल प्रक्षेपणों के साथ दक्षिण कोरियाई सेना अब उन्हें एक समूह के रूप में संचालित कर सकती है।

## मैक्सिकन राष्ट्रपति ने खारिज किया अमेरिका का अप्रवासी विरोधी विज्ञापन अभियान

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने सोमवार को अमेरिकी सरकार द्वारा बनाए गए और निजी स्वामित्व वाले मैक्सिकन टेलीविजन स्टेशनों द्वारा प्रसारित अप्रवासी विरोधी विज्ञापन अभियान की आलोचना की। राष्ट्रपति ने अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में विज्ञापन की निंदा करते हुए कहा कि इसमें अत्यधिक भेदभावपूर्ण सामग्री है, और मानवीय गरिमा पर हमला करता है और प्रवासियों के खिलाफ अस्वीकृति और हिसा को बढ़ावा दे सकता है। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने औपचारिक रूप से इसे वापस लेने का अनुरोध किया है, उन्होंने कहा कि मैक्सिकन संविधान कि भेदभाव के किसी भी कार्य या अभ्यास को प्रतिबंधित करता है, और संघीय दूरसंचार कानून यह निर्धारित करता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के ढांचे के भीतर प्रसारित प्रोग्रामिंग को कलात्मक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और मानवाधिकारों के सम्मान के प्रसार को बढ़ावा देना चाहिए।

## 23 लोगों की जान लेने वाले को मिला आजीवन कारावास

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में टेक्सास प्रांत के एल पासो में वॉलमार्ट में हिस्पैनिक प्रवासियों को निशाना बनाकर वर्ष 2019 में किए गए हमले में 23 लोगों की हत्या करने वाले पैट्रिक क्रूसियस को में दोषी ठहराए जाने के बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रांतीय अदालत ने सोमवार को यह सजा सुनाई। एल पासो के डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेम्स मोंटोया के कार्यालय ने पिछले महीने क्रूसियस को मौत की सजा से बचने के लिए यह दलील देने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से फांसी के पक्ष में थे, लेकिन इससे ट्रायल में और देरी होती, जबकि अधिकतर पीड़ित परिवार मामले को बन्द करना चाहते हैं। गौरतलब है कि 2019 में अमे. रिका के सबसे भीषण हमलों में से एक को अंजाम देने वाले क्रूसियस को 2023 में फेडरल ट्रायल में 90 बार उम्रकैद की सजा मिली थी। उसने गुनाह कबूल कर लिया था।

## कनाडा में पहली बार 4 गुजराती चुनावी मैदान में



पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के टिकट पर ब्रैम्पटन के चिंगकौसी पार्क से चुनाव लड़ रहे जयेशभाई एक बातचीत में कहते हैं कि कनाडा में शुरुआती दिन हर किसी के लिए संघर्षपूर्ण होते हैं। मैंने तीन साल तक छोटे-मोटे काम किए। इसके बाद स्टोर पार्टनर के तौर पर काम किया।

### कनाडा में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही साजिश!

**अहमदाबाद।** कनाडा में चुनाव आमतौर पर अक्टूबर में होते हैं, लेकिन इस साल इनकी घोषणा पहले ही कर दी गई और मतदान 28 अप्रैल को है। कनाडा में दो मुख्य पार्टियां हैं, जिनमें लिबरल पार्टी और कंजर्वेटिव पार्टी शामिल हैं। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो लिबरल पार्टी से थे। कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार चार गुजराती संसदीय चुनाव में भाग ले रहे हैं। अब जब गुजराती कनाडाई संसद में अपनी आवाज उठाना चाहते हैं, तो दिव्य भास्कर ने इन चार गुजराती उम्मीदवारों जयेशभाई ब्रह्मभट्ट, अशोकभाई पटेल, मिनेशभाई पटेल और सुंजीवभाई रावल से खास बात. चीत की।

इसके अलावा, गुजराती व्यवसाई हेमंतभाई शाह से भी कनाडा में वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में जाना, जो पिछले पांच दशकों से कनाडा में रह रहे हैं। हेमंतभाई कारोबारी हेमंतभाई शाह ने कनाडा की राजनीति में गुजरातियों की एंट्री के बारे में कहा- कनाडा की राजनीति में धन जुटाने में मेरे सहित कई हिंदू-गुजरातियों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इस बार पांच उम्मीदवार खड़े हुए, लेकिन अंतिम समय में डान पटेल का नामांकन वापस ले लिया गया। इससे चार गुजराती चुनाव में खड़े हुए। यह न केवल कनाडा के लिए, बल्कि दुनिया भर के गुजरातियों के लिए गर्व की बात है। कनाडा की राजनीति के इतिहास में पहली बार चार गुजराती संसदीय चुनाव लड़ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि गुजराती-हिंदुओं की आवाज कनाडा की संसद तक पहुंचे। इन गुजरातियों से प्रेरित होकर भविष्य में अन्य गुजराती भी आएंगे। हेमंतभाई कनाडा की राजनी. ति में मौजूदा अहम मुद्दे के बारे में हेमंतभाई कहते हैं-अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का मुद्दा कनाडा के लिए भी अहम है। अगर कनाडा में नौकरियों की कमी हो जाएगी तो स्टूडेंट्स क्या करेंगे?

कनाडा में इस समय कंपनियों में छंटनी चल रही है। कनाडा का 81 प्रतिशत निर्यात संयुक्त राज्य अमेरिका को होता है। ओन्टारियो का सारा उद्योग अमेरिका पर निर्भर है, और यदि यह बंद हो जाए तो क्या होगा। गुजराती छात्रों को यह समझना होगा कि वे कनाडा के लिए प्राथमिकता नहीं हैं। मैं अब भी कहता हूं कि छात्रों को अभी कनाडा नहीं आना चाहिए, क्योंकि 10 महीने के भीतर कनाडा के भयानक मंदी में डूबने की आशंका है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108